# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





पचमढ़ी में घास पर जमी हुई ओस

## अब दिन में 'धूप'...पर रात अभी भी 'ठंडी'

### कल्याणपुर (शहडोल) में 2.7, उमरिया 3.9 राजगढ़-छतरपुर में 4.5 शिवपुरी 5 और रीवा में 5.8 डिग्री

*आज ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर में घना कोहरा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को प्रदेश भर में रात के तापमान में औसतन दो डिग्री तक की बढ़ोतरी रही, जबकि दिन का पारा इतना ही गिरा है। दिन का औसत तापमान 21 और रात का 9 डिग्री तक रहा है। इससे रात में सर्दी का असर बढ़ा है। सबसे अधिक रात के तापमान में बढ़त भोपाल में 4.6 डिग्री की रही। पारा 8.4 डिग्री रहा। दिन का तापमान 1.6 डिग्री बढ़कर 23.4 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 1.3 डिग्री कम है। इंदौर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर आदि जिलों में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ा है। 6 जिलों में रात का पारा 6 डिग्री से कम रहा। इनमें कल्याणपुर (शहडोल) 2.7, उमरिया 3.9, राजगढ़, छतरपुर 4.5, शिवपुरी 5 और रीवा 5.8 डिग्री पर दर्ज हुआ है। दिन में अब धूप निकल रही है पर रातें अभी भी ठंडी हैं।

### अहले दो दिन कोल्ड वेव से राहत

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले दो दिन भोपाल सहित ज्यादातर जिलों में कड़ाके की सर्दी और कोल्ड वेव और अति घने कोहरे से राहत रहेगी। उत्तरी हिस्सों में अभी कोहरा, सर्दी का असर ज्यादा रहेगा। बुधवार को केवल शहडोल और उमरिया में कोल्ड वेव रही। गुरुवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर में घना कोहरा रहेगा। शहडोल, उमरिया में कोल्ड वेव रहेगी। भोपाल में अभी पारा बढ़त के क्रम में रहेगा।

### राजधानी में दो दिन रही कड़ाके की सर्दी

भोपाल में एक से 7 जनवरी तक केवल दो दिन कड़ाके की सर्दी रही, जबकि शेष 5 दिनों का रात का औसत पारा 10 डिग्री के करीब रहा है। प्रदेश के उत्तरी और उत्तर पूर्वी हिस्सों में सर्दी और कोहरे के साथ पाले का असर अधिक रहेगा। खजुराहो, नौगांव, छतरपुर, टीकमगढ़, शहडोल, राजगढ़, सीधी, पन्ना, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया आदि जिले शामिल हो सकते हैं। राजधानी में एक और दो जनवरी की रात शहर में न्यूनतम पारा 10.6 डिग्री तक रहा। अगले दिन दशमलव चार डिग्री बढ़कर 11 डिग्री हो गया। 4 जनवरी की रात 10.8 और 5 तारीख की रात ▶▶ शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जल्द शादी के बंधन में बंधेंगे अर्जुन तेंदुलकर



**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकते हैं। अर्जुन मंगेतर सानिया चंदोक से मार्च में शादी रचा सकते हैं। बता दें कि, दोनों की पिछले साल अगस्त में सगाई हुई थी। सानिया मुंबई के प्रसिद्ध व्यवसायी रवि घई की पोती हैं। घई परिवार हॉस्पिटेलिटी और खाद्य क्षेत्र में सुप्रसिद्ध है, जिसके पास इंटरकॉन्टिनेंटल होटल और आइसक्रीम ब्रांड ब्रुकलिन क्रीमरी का स्वामित्व है। अर्जुन और सानिया की सगाई एक निजी कार्यक्रम में हुई थी। बाद में सचिन ने 'आस्क मी एनिथिंग' सेशन के दौरान एक प्रशंसक के सवाल का जवाब देते हुए पुष्टि की थी कि अर्जुन और सानिया की सगाई हो चुकी है।

### नेहा सिंह राठौर की गिरफ्तारी पर रोक



**लखनऊ।** नेहा सिंह राठौर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने नेहा सिंह राठौर की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई गई है। यह पूरा मामला पहलगाम आतंकी घटना को लेकर किए गए पोस्ट से शुरू हुआ था, जिसके बाद नेहा सिंह राठौर पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया। इसी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसी फैसले के खिलाफ नेहा सिंह ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। नेहा सिंह राठौर ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने मेरी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। इस बड़ी राहत के लिए आपका धन्यवाद।

'वीबी-जी रामजी' योजना को लेकर सीएम डॉ. यादव ने कांग्रेस के विरोध को बताया 'बोगस', कहा

# 125 दिन रोजगार की गारंटी... काम नहीं तो फिर मिलेगा बेरोजगारी भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीबी-जी रामजी योजना वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार कर गांवों को समृद्ध बनाएगी। इस योजना में 125 दिन के रोजगार की गारंटी है, जबकि मनरेगा में सिर्फ 100 दिन काम मिलता था। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास में मील का पत्थर साबित होगी। यह सुधार प्रक्रिया का एक हिस्सा है, कांग्रेस को इस योजना का विरोध की बजाए तथ्यात्मक बात करनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना में प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को न्यूनतम 125 दिन रोजगार या आजीविका का अवसर वैधानिक अधिकार है। महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों, खानाबदोस, महिला मुखिया परिवार, दिव्यांग मुखिया परिवार, छोटे व सीमांत किसानों के लिए भी रोजगार का प्रावधान किया गया है। अकुशल शारीरिक कार्यों की मजदूरी दरें केंद्र सरकार तय करेगी। यदि किसी ग्रामीण परिवार को मांग प्रस्तुत करने के पश्चात निर्धारित समय-सीमा में रोजगार नहीं मिलता तो निर्धारित दरों एवं शर्तों के अनुसार बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में वीबी-जी रामजी योजना को लेकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास में मील का पत्थर साबित होगी। यह सुधार प्रक्रिया का एक हिस्सा है, कांग्रेस को इस योजना का विरोध की बजाए तथ्यात्मक बात करनी चाहिए

**मनरेगा में मिलता था सिर्फ 100 दिन का काम**




पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव (बाएं से तीसरे)

- *वीबी-जी रामजी योजना से कृषि आधारित उद्योगों को मिलेगा नया विस्तार*
- *15 विभागों की संयुक्त कार्ययोजना से खेती बनेगी रोजगार और उद्योग का सशक्त माध्यम*
- *केंद्र सरकार 60 और राज्य सरकार 40 प्रतिशत की राशि वहन करेगी*

### कांग्रेस शासनकाल में मिलते थे 35 हजार करोड़, अब बजट 95 हजार करोड़

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में इस योजना में 35 हजार करोड़ मिलते थे, जिसे बढ़ाकर प्रधानमंत्री मोदी ने 74 हजार करोड़ किया और अब सुधारों के साथ लागू की जा रही इस योजना का बजट बढ़ाकर 95 हजार करोड़ कर दिया है। नई योजना में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब वर्ष में कभी भी मजदूरी प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सरकार 60 और राज्य सरकार 40 प्रतिशत की राशि वहन करेगी। कई मामलों में पहले केंद्र सरकार ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खंडेलवाल ने कहा-ग्राम पंचायतों को परिवार का पंजीयन और रोजगार गारंटी का अधिकार

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा यह एक ऐसी योजना है जो ग्रामीण क्षेत्रों में विकास में क्रांति लाएगी। कांग्रेस भ्रम फैलाकर ग्रामीणों को गमुराह कर रही है। नई योजना में ग्राम ▶▶ शेष पेज 4 पर

### वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष घोषित

डॉ. यादव ने कहा कि जिस प्रकार हमने वर्ष-2024 को नारी वर्ष एवं वर्ष 2025 को उद्योग-रोजगार वर्ष घोषित किया था, ठीक उसी प्रकार हमने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है। इस वर्ष हम सभी विभागों, दलों ओर कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठनों, व्यक्तियों के साथ मिलकर किसान कल्याण के लिए कार्य करेंगे। हमने निर्णय लिया है कि हर जिले में स्टाल्स के माध्यम से किसानों के प्राकृतिक उत्पाद आम जन को उपलब्ध कराएंगे, इसके साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहन देने हेतु अनुदान भी देंगे।

शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का दावा

# लोकसभा अध्यक्ष की जांच समिति कानून के 'खिलाफ'

*सरकारी आवास पर नोट मिलने का मामला*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



यशवंत वर्मा

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित जांच समिति को चुनौती दी। वर्मा का कहना है कि समिति का गठन असंवैधानिक और जज (जांच) अधिनियम के खिलाफ है। यह समिति उनके भ्रष्टाचार आरोपों की जांच के लिए बनाई गई थी। न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बताया कि जज (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत यदि किसी जज के खिलाफ इम्पीचमेंट मोशन दोनों सदनों में एक ही दिन प्रस्तुत किए गए हों, तो जांच समिति का गठन दोनों सदनों द्वारा संयुक्त रूप से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में राज्यसभा में मोशन खारिज कर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद लोकसभा अध्यक्ष ने तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी। रोहतगी ने इसे कानूनी रूप से 'नॉन-एस्ट' (अवैध) बताया। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इन-हाउस जांच समिति ने दोषी पाया था

इसके पहले, तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ एक इन-हाउस जांच समिति बनाई थी। समिति ने उन्हें दोषी पाया, लेकिन वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार किया। इसके बाद, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बहु-पक्षीय मोशन स्वीकार किया और तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया। न्यायमूर्ति वर्मा सुप्रीम कोर्ट में यह मांग कर रहे हैं कि लोकसभा अध्यक्ष की कार्रवाई ▶▶ शेष पेज 4 पर

आंबेडकर पोस्टर जलाने का मामला

# एडवोकेट अनिल मिश्रा को जमानत कोर्ट ने एक लाख का बांड भरवाया

*कोर्ट ने कहा-अवैध रूप से हिरासत में लिया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर




अनिल मिश्रा

डॉ. भीमराव आंबेडकर का पोस्टर जलाने के विवाद में गिरफ्तार एडवोकेट अनिल मिश्रा को मप्र हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने जमानत दे दी है। कोर्ट ने एक लाख रुपए के निजी मुचलके और एक लाख रुपए की जमानत राशि पर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने इस मामले में पुलिस की कार्रवाई पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि अनिल मिश्रा को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था। एफआईआर दर्ज करने और उन्हें हिरासत में लेने की प्रक्रिया में कई गलतियां की गईं। कोर्ट ने टिप्पणी की कि पुलिस उन्हें नोटिस देकर भी छोड़ ▶▶ शेष पेज 4 पर

जयपुर से बेंगलुरु जा रही थी फ्लाइट

# बच्चे की फ्लाइट में बिगड़ी तबीयत इंदौर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

*इलाज के दौरान मासूम की अस्पताल में मौत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर




फाइल फोटो

जयपुर से बेंगलुरु जा रही एक फ्लाइट की इंदौर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। जयपुर से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही 1 साल के बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसके बाद फ्लाइट की इंदौर में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। एयरपोर्ट पर मौजूद डॉक्टरों की टीम ने बच्चे का प्राथमिक इलाज किया और उसे नजदीकी अस्पताल ले गए लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने बताया कि 1 साल के बच्चे को फ्लाइट में सफर करने के दौरान सांस लेने में दिक्कत हुई थी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट ने मंगलवार की शाम 5.30 बजे जयपुर से बेंगलुरु ▶▶ शेष पेज 4 पर

इंडिगो के खिलाफ जांच के बीच सरकार का बड़ा फैसला

# एयर इंडिया और स्पाइसजेट समेत कंपनियों से मांगा किराए का ब्यौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो के खिलाफ चल रही जांच के बीच भारत सरकार ने इंडिगो, एअर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा से औसत किराए का डेटा देने को कहा है, क्योंकि एंटीट्रस्ट अथॉरिटी दिसंबर में हुई यात्रा रुकावटों की जांच कर रही हैं। इंडिगो में पायलटों की कमी के चलते पिछले महीने लगभग 4,500 उड़ानें रद्द हुई, जिससे हजारों यात्री फंस गए और देश भर में हवाई यात्रा बाधित हुई। इस संकट के दौरान कुछ एयरलाइंस के किराए में भारी बढ़ोतरी हुई, जिसके कारण सरकार को अस्थायी सीमाएं (किराए में लिमिट) लगानी पड़ीं। भारत के कॉम्पिटिशन रेगुलेटर, सीसीआई ने दिसंबर में कहा था कि वह इंडिगो के खिलाफ यह जांच कर रहा है कि क्या उसने अपनी मार्केट पोजीशन का गलत इस्तेमाल किया है। भारत के डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एयरलाइंस को पत्र लिखकर 1-15 दिसंबर की अवधि में उनके द्वारा संचालित प्रत्येक रूट पर इकोनॉमी और प्रीमियम इकोनॉमी सीटों के औसत किराए के बारे में पूछा है। अकासा ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जबकि ▶▶ शेष पेज 4 पर

*समस्या के दौरान किराए में की थी बेतहाशा वृद्धि*



फाइल फोटो

आर्थिक मोर्चे पर देश के लिए अच्छी खबर

# 2026 में भारत की जीडीपी 7.4% की दर से बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक मोर्चे पर देश के लिए अच्छी खबर सामने आई है। केंद्र सरकार के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, भारत की जीडीपी 2025-26 में 7.4% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। जबकि यह पिछले साल 6.5% थी। बुधवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है, जो पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत से 0.9 प्रतिशत अधिक है। इस बढ़त का मुख्य कारण विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों का बेहतर प्रदर्शन है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय आय ▶▶ शेष पेज 4 पर

*पिछले साल की 6.5% वृद्धि से यह काफी अधिक*




फाइल फोटो

कर्नाटक और राजस्थान के केस में सुनवाई

## सरकारी नौकरी में आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के दो अहम फैसले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण को लेकर हाल में दो बड़े फैसले सुनाए हैं। दोनों ही फैसलों का सरकारी नौकरियों और सरकारी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का लाभ लेने वालों या आरक्षित वर्गों और आरक्षण से वंचित रखे गए या सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने ये दोनों फैसले दो अलग-अलग राज्यों से संबंधित मुकदमो पर सुनाए हैं। इन दोनों फैसलों से सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि अगर आरक्षित वर्ग का कोई उम्मीदवार किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में आरक्षण का किसी भी तरह से कोई लाभ उठाए ▶▶ शेष पेज 4 पर

# कोटे की छूट ली तो जनरल में गिनती नहीं अच्छा प्रदर्शन किया तो सामान्य में ही काउंट

*अगर आरक्षित वर्ग का कोई उम्मीदवार किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में आरक्षण का किसी भी तरह से कोई लाभ उठाए बिना, सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों से बेहतर प्रदर्शन करता है तो भर्ती या नामांकन के समय उसे जनरल कैटेगरी में ही माना जाएगा*



### तो, अनारक्षित श्रेणी से मेरिट लिस्ट में आने का दावा नहीं

कर्नाटक वाले केस में सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने कहा कि जनरल कैटेगरी की सीटों के लिए आरक्षित वर्ग के उन्हीं उम्मीदवारों पर विचार हो सकता है, जिन्होंने प्रतियोगी परीक्षा के किसी भी स्तर पर आरक्षित वर्ग को मिलने वाली छूट का लाभ नहीं लिया हो। इस मामले में याचिकाकर्ता ने प्रारंभिक परीक्षा में रिजर्व कैटेगरी के तहत छूट ली, लेकिन फाइनल मेरिट लिस्ट में बेहतर रैंक होने की वजह से सामान्य वर्ग की सीट पर दावा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आरक्षित श्रेणी का मेधावी उम्मीदवार जनरल में

राजस्थान हाई कोर्ट से जुड़े मामले में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने यह साफ किया कि अगर आरक्षित वर्ग का कोई उम्मीदवार इतना योग्य है कि वह सामान्य वर्ग के लिए तय किए गए कट-ऑफ को पार करता है तो वह मेरिट लिस्ट में जनरल कैटेगरी में ही गिने जाने का हकदार है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि अगर रिजर्व कैटेगरी का कोई उम्मीदवार लिखित परीक्षा में जनरल के कट-ऑफ को पार कर लेता है तो वह इंटरव्यू जनरल उम्मीदवार के ही तौर पर देगा। लेकिन, अगर इंटरव्यू के बाद मेरिट लिस्ट में जनरल कैटेगरी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### पति के दोस्त ने होटल में किया दुष्कर्म, वीडियो बनाकर ब्लैकमेल

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित होटल आशियाना में 32 साल की महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पति के दोस्त वेदांत उर्फ मनन बजाज ने होटल में उससे दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी दस लाख रुपए की मांग कर रहा था। आरोपी की ब्लैकमेलिंग से डरकर वह खंडवा स्थित अपने पैतृक गांव चली गई। करीब एक साल बाद थाने पहुंचकर उसने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। उसका कहना है कि उसे डर था कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### खराब मौसम के कारण इंडिगो की दिल्ली उड़ान कैंसिल, यात्री परेशान

**संतनगर।** उत्तर भारत में मौसम की ख़राबी का असर उड़ानों पर लगातार पड़ रहा है। घने कोहरे के कारण राजा भोज एयरपोर्ट पर उड़ानें नहीं पहुंच पा रही है। बुधवार को भी इंडिगो एयरवेज़ की मॉर्निंग उड़ान दिल्ली से भोपाल नहीं पहुंच सकी, जिसके कारण यात्रियों को भी कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### सांची विवि में बौद्ध विद्वान ने किया दौरा, विषयों पर किया विचार-विमर्श

**भोपाल।** श्रीलंका के प्रतिष्ठित बौद्ध भिक्षु एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान उदुगमा सरनतिस्स थेरो ने सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय का दौरा किया।

### वरिष्ठ पत्रकार दिनेश निगम 'त्यागी 'की भाभी राजेश कुमारी का निधन

**भोपाल।** वरिष्ठ पत्रकार दिनेश निगम 'त्यागी ' की भाभी एवं हिमांशु और सुधांशु निगम की माता



श्रीमती राजेश कुमारी निगम का बुधवार सुबह सात बजे एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा ए-2 पद्मनाभ नगर, बीटीआर भवन के पास से बुधवार दोपहर निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार सुभाष नगर विश्राम घाट पर किया गया। अंतिम यात्रा में पत्रकार, राजनेता और समाजसेवी सहित परिवारजन शामिल हुए।

---

### निगम कमिश्नर ने पांच घंटे अफसरों की ली बैठक, कहा- वे खुद करेंगी मॉनिटरिंग

# जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन के नियम पूछे, कहा- जब व्यवस्था ऑनलाइन तो काम ऑफलाइन क्यों?

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम के आईएसबीटी मुख्यालय में बुधवार को पांच घंटे चली टीएल की बैठक में निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने अधिकारियों से जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन के नियम पूछे। उसके बाद उन्होंने कहा कि जब यह व्यवस्था आनलाइन कर दी गई है तो फिर लोग क्यों चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी अधिकारी शिकायत मिली तो सीधे कार्रवाई के लिए तैयार रहें। किसी को भी काम के लिए निगम के चक्कर नहीं लगवाएं। उन्होंने राजस्व वसूली को लेकर भी अधिकारियों को फटकार लगाई।

बैठक शाम करीब चार बजे शुरू हुई और सवा नौ बजे खत्म हुई। निविदा में शर्तों का उल्लेख सही ढंग से न करने पर जोन-4 एवं 14 के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री व उपयंत्री तथा सम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन न करने पर 2 जोनल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विवाह पंजीयन एवं जन्म-मृत्यु पंजीयन की पूरी प्रक्रिया नागरिक ऑनलाइन ही करें, निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त राशि मांगने वालों की शिकायत 181 पर करें, कार्रवाई की जाएगी।

**खास बातें**

- राजस्व अधिकारियों को संपत्ति कर वसूली को लेकर लगाई फटकार
- अधिकारियों की शिकायत मिली तो सीधे कार्रवाई के लिए रहें तैयार
- टेंडर में शर्तों का उल्लेख सही ढंग से नहीं करने पर इंजीनियरों और जेडओ को कारण बताओ नोटिस



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देती ननि आयुक्त संस्कृति जैन।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का 50 दिन में निराकरण हो

निगम आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को त्वरित कार्रवाई कर निराकृत करने के निर्देश दिए, साथ ही निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को हर हाल में 50 दिन के अंदर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई कर निराकृत कराएं। बैठक में अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ट शर्मा, मुकेश शर्मा, वरूण अवस्थी, हर्षित तिवारी, गुणवंत सेवतकर, उपायुक्त दिनेश सिंह व चंचलेश गिरहारे, प्रभारी मुख्य अभियंता उदित गर्ग सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

---

# ग्रेंड विटारा के ड्राइवर पर शराब पीकर वाहन चलाने का मामला किया दर्ज

- चौबीस घंटे बाद भी गाड़ी मालिक का पता नहीं लगा सकी पुलिस
- तीन कार ई-रिक्शा, कैश वैन, बाइक सहित सड़क पार कर रहे युवक को मारी थी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित स्थित अपेक्स बैंक तिराहा पर मंगलवार दोपहर तीन कार, ई रिक्शा बाइक सहित पैदल सड़क पार करने वाले ग्रेंड विटारा के ड्राइवर पर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने और एक्सीडेंट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। हैरानी की बात तो यह है कि चौबीस घंटे दिन बाद भी पुलिस यह पता नहीं लगा सकी है कि कार का मालिक कौन है।

पुलिस केवल यही कह रही है कि जिसने एक्सीडेंट किया वह ड्राइवर है और कार मांगकर लाया था। आधा दर्जन लोगों की जान जोखिम डालने के बाद भी पुलिस ने कार के मालिक का पता लगाना जरूरी नहीं समझा। थाना प्रभारी गौरव दोहरे और एसीपी टीटी नगर अंकिता खातरकर ने बताया कि वीडीपी पोर्टल पर गाड़ी का नंबर सर्च किया था, लेकिन पोर्टल पर भी गाड़ी मालिक की जानकारी नहीं मिली है।



फाइल फोटो

### सड़क पार करने वाले को भी मारी टक्कर

संजय पवार (23) ब्लाक-5, श्याम नगर हबीबगंज ने बताया कि वह ड्रायवर हैं। मंगलवार दोपहर दो बजे पैदल-पैदल रंग महल चौराहा पर सड़क पार कर रहे थे, तभी कार ग्रेंड विटारा कार के ड्राइवर ने तेजी और लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गए। कार के चालक ने एक डॉक्टर की की गाड़ी को भी टक्कर मारी थी। इसके बाद पेसन प्रो बाइक के चालक को भी टक्कर मारी। गाड़ी डिवाइडर से टकराने के बाद रुक गई। भीड़ ने ड्राइवर को गाड़ी से नीचे उतारा और जमकर पीटा। उसे थाने लेकर पहुंचे। उसने अपना नाम हरीश मालवीय बताया। उसका मेडिकल कराने पर पता चला कि वह अत्यधिक शराब के नशे में था।

### ई-रिक्शा को टक्कर मारकर आया था ड्राइवर

ग्रेंड विटारा के ड्राइवर ने अपेक्स बैंक तिराहा पर ई-रिक्शा को टक्कर मारी थी। जिससे ई-रिक्शा में बैठी नेहा शुक्ला और अन्य सवारियों को चोट आई है। भागते समय उसने टीटी नगर क्रास के आगे पोस्ट आफिस चौराहा पर कैश वेन पिक अप को भी टक्कर मारी। इसके बाद भागने के प्रयास में सड़क पर जो मिला उसे टक्कर मारते हुए निकल गया।

---

# लीगल एज टॉप रैंकर के निर्देशक और क्लैट टॉपर सहित छह के खिलाफ प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्लैट 2026 परीक्षा की ऑल इंडिया रैंक टॉपर को लेकर उनके विवाद में जोधपुर के शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई हुई है। इस मामले में लॉ प्रेप ट्यूटोरियल के अतिरिक्त निदेशक जसराम चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक भोपाल स्थित कोचिंग संस्थान लीगल एज टॉपर रैंकर के निर्देशकों ने कथित रूप से छात्र गीताली गुप्ता और उसके पिता जगदीश कुमार गुप्ता को षड्यंत्र में शामिल कर गुमराह करने और लालच के साथ दबाव बनाने का आरोप लगाया है। इसके तहत छात्रा से भ्रामक वीडियो बनवाए गए। जिसमें वह कहती हुई नजर आई कि उसका लॉ प्रेप ट्यूटोरियल से कोई संबंध नहीं है। शिकायत में पाया गया कि वीडियो के आधार पर लीगल एज टॉपर रैंकर्स ने अपने अन्य डिजिटल प्लेटफार्म से लॉ प्रेप ट्यूटोरियल के विरुद्ध झूठा प्रचार किया है। अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित करके बताने की कोशिश की है कि वह केवल लीगल एज टॉप रैंकर से जुड़ी थी और अन्य दावे झूठे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि वास्तविकता में यह छात्र ला प्रेप ट्यूटोरियल से जुड़ी थी। पुलिस ने लीगल एज टॉप रैंकर के निर्देशक हर्ष गगरानी, करण मेहता, निमिषा, गौरव गोयल, गिताली गुप्ता और जगदीश कुमार गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज किया है।

---

# गुनगा में थार से युवक का अपहरण निशातपुरा में मारपीट के बाद छोड़ा

पीड़ित और आरोपी हैं परिचित, साथ में की थी पार्टी फिर जबरन बैठाकर ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव भैंसखेड़ा से किसान का अपहरण कर उसे भोपाल ले जाकर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी गत 5 जनवरी की रात साढ़े 11 बजे उसे जबरन कार में बिठाकर जेल रोड और भानपुर लेकर पहुंचे, वहां जमकर मारपीट करते हुए उसे छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपहरण और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार बृजेश ठाकुर (32) गांव भैंसखेड़ा, गुनगा में रहता है और खेती किसानी के साथ प्राइवेट काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि राहुल जाट, माखन ठाकुर और संतोष अहिरवार उसके परिचित है। राहुल जाट कोटरा चौपड़ा में रहता है। उसका राहुल से परिचय है। पांच जनवरी को राहुल जाट थार से माखन और संतोष के लेकर उससे मिलने गांव पहुंचा। वहां साथ पार्टी की और रात करीब साढ़े 11 बजे कहने लगा कि तु मेरे घर कैसे गया था और तूने मेरी पत्नी से बदतमीजी भी की। बृजेश ने उसे कहा कि उसने कोई बदतमीजी नहीं की। इसी बात को लेकर आरोपी राहुल भड़क गया और थार जीप में बैठाकर जेल रोड पहुंचे, वहां मारपीट की। फिर भानपुर इलाके में छोड़कर चले गए।

### परिजन ने दर्ज कराई युवक की गुमशुदगी

बृजेश ठाकुर के पास मोबाइल नहीं था। परिजन ने उसकी तलाश की, लेकिन रातभर उसका कुछ पता नहीं चला। अगले ही दिन 6 जनवरी मंगलवार को परिजन थाने पहुंचे और उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। मंगलवार शाम करीब छह बजे बृजेश ने किसी राहगीर से मोबाइल मांगकर घर पर कॉल किया और बताया कि वह भानपुर इलाके में है। उसके साथ राहुल, माखन और संतोष ने मारपीट की है और वह घायल है। परिजन भानपुर पहुंचे। इसके बाद बृजेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

---

### सीएमएचओ ने की हबीबगंज थाने में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष की शिकायत

# डॉ. शर्मा बोलेः परमार ने गाली-गलौज कर बिना अनुमति बनाया वीडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार के खिलाफ हबीबगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। डॉ. मनीष शर्मा में शिकायत में बताया कि रवि परमार बुधवार शाम साढ़े चार से पांच बजे बीच कार्यालय में बिना अनुमति के मेरे कक्ष में घुस आए और गाली गलोज कर चिल्लाने के साथ शोर शराबा करने लगे। इस दौरान लेखा प्रबंधक, जिला टीकाकरण अधिकारी के साथ कक्ष में पेमेंट प्रक्रिया के संबंध में मीटिंग कर रहा था। बिना अनुमति के वीडियो रिकाडिंग करने के साथ रवि परमार ने काफी अभ्रदत्ता कर अनुचित व्यवहार करने साथ शासकीय कार्य में बाधा का प्रयास किया। रवि परमार के खिलाफ कार्रवाई के लिए हबीबीगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसके अलावा विभाग के कमिश्नर और जिला कलेक्टर को भी शिकायत की प्रति प्रेषित की गई है।

### सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने वीडियो जारी कर बताई घटना

सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने वीडियो जारी कर बताया कि बैठक में मौजूद



डीआईयू को देखकर रवि परमार भड़क गए। रवि परमार ने कहा कि बैठक में भ्रष्ट अधिकारी डीओयू क्यों बैठाया हुआ है और इस भ्रष्ट अधिकारी को कॉफी पिलाई जा रही है। सीएमएचओ ने कहा कि जाते-जाते परमार काफी चिल्ला-चोट करने साथ दरवाजे को काफी तेजी से बंद करके चले गए।

### मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

मेरे द्वारा लंबे समय से फर्जी अस्पतालों व



सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ भ्रष्ट अधिकारियों की शिकायत की जा रही है। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा उन पर कार्रवाई न कर उनको संरक्षण दे रहे हैं। जब मैंने उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि आप आ जाएं, बात करते हैं। मैंने शिकायतों पर पूछा तो वो मुझे धमकाने का प्रयास करने लगे। उसके बाद मैं वापस आ गया। मुझे बाद में पता चला कि वो मेरे खिलाफ थाने में आवेदन देने गए है। अगर सीएमएचओ ऐसे आरोप लगा रहे हैं तो मैं पुलिस प्रशासन से मांग करता हूं उनके कार्यकाल में सीसीटीवी कैमरा हैं उसकी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करें।

\- **रवि परमार**, प्रदेश उपाध्यक्ष, एनएसयूआई

---

# राज्य शासन ने 28 आईएफएस अधिकारियों के तबादले किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने भारतीय वन सेवा के 28 अधिकारियों के तबादले कर दिए। इसमें पीसीसीएफ, एपीसीसीएफ, सीसीएफ, सीएफ और डीएफओ स्तर के अधिकारी हैं। विभाष कुमार ठाकुर को प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुसंधान एवं विस्तार में पदस्थ किया गया है। अभी तक वे संरक्षण के पद पर पदस्थ थे।

राज्य शासन वन विभाग से जारी आदेश के अनुसार अमित कुमार दुबे को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संरक्षण, प्रफुल्ल नीरज गुलाब राव फुलझड़े को मुख्य वन संरक्षक मप्र राज्य वन विकास निगम में पदस्थ किया गया है। मस्तराम बघेल को मुख्य वन संरक्षक जबलपुर, कमल अरोड़ा को वन संरक्षक छिंदवाड़ा, मधु वि राज को वन संरक्षक बैतूल और आलोक पाठक को वन संरक्षक उज्जैन पदस्थ किया गया है। पाठक की प्रतिनियुक्ति वापस ले ली गई। वह अभी तक राज्य वन विकास निगम में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ थे।

### बासु कनौजिया को वन संरक्षक खंडवा बनाया गया

वन महकमे की चर्चित महिला अधिकारी बासु कनौजिया को बैतूल से हटाकर खंडवा में पदस्थ किया गया है। क्षितिज कुमार को वन संरक्षक भोपाल, विपिन कुमार पटेल को डीएफओ कार्य योजना जबलपुर, प्रदीप मिश्रा को डीएफओ कार्य योजना बैतूल, अब्दुल अलीम अंसारी को डीएफओ कार्य आयोजना सिवनी, नरेश कुमार दोहरे को उप वन संरक्षक मुख्यालय भोपाल बनाया गया है।

### प्रकाश कुमार को बांधवगढ़ से हटाकर कान्हा भेजा

प्रकाश कुमार वर्मा को उप संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला में पदस्थ किया गया है। अभी तक वे बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया में पदस्थ थे। अनिल चोपड़ा को उप वन संरक्षक मुख्यालय, पुनीत गोयल को उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी, अंकित पांडे को ओएसडी मप्र शासन, गौरव शर्मा को डीएफओ नर्मदापुरम वन मंडल, पुनीत सोनकर को डीएफओ जबलपुर सामान्य, अशोक सोलंकी को डीएफओ डिंडोरी, रजनीश कुमार सिंह को डीएफओ नौरादेही वन्य प्राणी वन मंडल, गर्वित गंगवार को डीएफओ कटनी, मयंक गुर्जर को उप वन संरक्षक मुख्यालय, स्वरूप दीक्षित को वन मंडलाधिकारी छिंदवाड़ा पूर्व, ऋषि मिश्रा को वनमंडलाधिकारी छतरपुर सामान्य, सर्वेश सोनवानी को वनमंडलाधिकारी जनसंपर्क एवं विक्रय नई दिल्ली, डेविड वेंकटराव चनाप को डीएफओ अनूपपुर, अरिहंत कोचर को डीएफओ दक्षिण बैतूल वन मंडल पदस्थ किया गया है।

---

### आत्महत्या के लिए स्वयं को बताया जिम्मेदार

# मोबाइल पर मैसेज भेजने के बाद बैंक कर्मी ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के एमपी नगर स्थित चेतक ब्रिज के पास एक बैंक कर्मचारी ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना से पहले उन्होंने पत्नी और परिजन को मोबाइल पर मैसेज किया था, जिसमें इस आत्महत्या के लिए स्वयं को जिम्मेदार बताया था। मैसेज पढ़ने के बाद परिजन ने थाने जाकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन कुछ समय बाद ही ट्रेक पर लाश मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घटना से पहले पत्नी के साथ उनका विवाद हुआ था। हालांकि घटना के सही कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।

जानकारी के अनुसार अभिनाष जैन (35) लाला लाजपत राय कॉलोनी, पंजाबी बाग में रहते थे और एमपी नगर स्थित एसबीआई में क्लर्क की नौकरी करते थे। उनकी पत्नी रोली जैन भी उसी बैंक में नौकरी करती हैं। मंगलवार सुबह करीब दस बजे दोनों ड्यूटी पर जाने के लिए निकले और करीब साढ़े दस बजे वह बैंक पहुंच गए। आफिस पहुंचने के बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो एक घंटे बाद अभिनाष जैन बैंक से बाहर निकल गए। दोपहर करीब बारह बजे अभिनाष ने अपनी पत्नी और परिजनों को मोबाइल पर मैसेज के जरिए सुसाइड नोट भेजा। मैसेज में उन्होंने लिखा कि वह अब कभी वापस नहीं आएंगे और आत्महत्या करने जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी लिखा कि इस कदम के लिए वह स्वयं जिम्मेदार हैं और उनके जीवन में उनसे कई गलतियां हुई हैं। यह मैसेज भेजने के बाद उन्होंने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया था। मैसेज पढ़ने के बाद पत्नी और परिजन उनकी तलाश में जुट गए।

### थाने जाकर दर्ज कराई गुमशुदगी

आसपास के इलाके में तलाश करने के बाद भी जब अभिनाष का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने एमपी नगर थाने जाकर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस भी जैन की तलाश में जुट गई। शाम करीब चार बजे परिजन अभिनाष की तलाश करते हुए चेतक ब्रिज की तरफ पहुंचे तो वहां लोगों की भीड़भाड़ दिखाई दी। परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे तो ब्रिज से करीब सौ मीटर दूर भोपाल छोर पर रेलवे पटरी से अभिनाष की लाश बरामद हुई। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दंपति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद अभिनाष ने यह कदम उठाया। मर्ग जांच के बाद घटना के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।



भोपाल

गुरुवार, 8 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष–05
वर्ष : 12, अंक : 279
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 22
न्यून. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**चांद पर बड़े मिशन की तैयारी!**

### 2040 तक अंतरिक्ष यात्री भेजेगा भारत

**अहमदाबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख ए एस किरण कुमार ने भारत के भविष्य के अंतरिक्ष रोडमैप को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि भारत न केवल चंद्रमा पर मानव भेजने की तैयारी कर रहा है, बल्कि अंतरिक्ष में अपना स्थायी ठिकाना बनाने की दिशा में भी अग्रसर है। वर्तमान में भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) की ▸▸ शेष पेज 4 पर


फाइल फोटो

## भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों की संख्या 18 से बढ़कर 20 हो गई

# सीएम डॉ. यादव ने कहा- हम आंकड़ों में नहीं पड़ रहे एक व्यक्ति की जान जाना भी हमारे लिए कष्टकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर/भोपाल

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों की संख्या 18 से बढ़कर 20 हो गई है। 18 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए की सहायता दी जा चुकी है। प्रशासन ने परिजन को मुआवजा देने के लिए बनाई गई सूची में बुधवार को दो नए नाम जोड़े हैं। इनमें रामकली जगदीश और श्रवण ▸▸ शेष पेज 4 पर



**»** जो भी संख्या सामने आएगी, राज्य सरकार संबंधितों के परिजन को राहत राशि देने का काम करेगी। सरकार हर पल प्रभावितों के साथ है

**स्वास्थ्य विभाग की 61 टीमें दो दिन में 5013 घरों तक पहुंची, 24786 लोगों से संपर्क कर उन्हें उचित परामर्श दिया वहीं, प्रत्येक घर में दवाइयां और एक क्लीनवेट ड्रॉप भी बांटे**


फाइल फोटो

### बड़ी संख्या में लोगों ने बोरिंग का यूज बंद कर दिया

बुधवार सुबह से दोपहर 2 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 18 मरीज डायरिया की शिकायत लेकर पहुंचे थे। इनमें से 6 को अस्पताल रेफर किया गया है। इससे पहले आईसीयू में 16 मरीजों के भर्ती होने की जानकारी सामने आई थी। इनमें से 3 वेंटिलेटर पर हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने बोरिंग का यूज बंद कर दिया ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कलेक्टर बोले- दोबारा सैंपल लेकर जांच के लिए भेजेंगे

कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने बुधवार को भी भागीरथपुरा क्षेत्र की बस्तियों और कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान सीवरेज और नर्मदा पाइपलाइन के लीकेज सुधार के कामों का जायजा लिया और दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि अभी ▸▸ शेष पेज 4 पर

## खंडवा में फ्लोराइड युक्त पानी दांत खराब, हाथ नहीं मुड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा

इंदौर में दूषित पानी से मौतों के बाद अब खंडवा जिले का किल्लौद ब्लॉक चिंता का केंद्र बनता जा रहा है। यहां एक दर्जन से ज्यादा गांवों में लोग मजबूरी में फ्लोराइड युक्त पानी पी रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस पानी ने बच्चों और युवाओं की सेहत बिगाड़ दी है। कई गांवों में बच्चों के दांत पीले पड़ गए हैं, युवाओं के हाथ ठीक से नहीं मुड़ पा रहे, वहीं इंफेक्शन, जोड़ों में दर्द और



कमजोरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। पानी में फ्लोराइड की मात्रा 2.0 से 5.0 पार्ट्स पर मिलियन (पीपीएम) पाई गई है, जबकि सुरक्षित सीमा 1.0 पीपीएम से कम मानी जाती है। खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ▸▸ शेष पेज 4 पर

**खबर संक्षेप**

### डेढ़ लाख की रिश्वत लेते पीएचई का ईई गिरफ्तार

**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एसएल बाथम और उनके निजी ड्राइवर फूल सिंह को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई जल जीवन मिशन के अंतर्गत हुए करोड़ों रुपए के कार्यों में कमीशन मांगने की शिकायत पर की गई। ठेकेदार शैलेष का आरोप है कि कार्य के एवज में साढ़े 3%कमीशन की मांग की जा रही थी।



### खनिज अधिकारी से छीन ले गए ट्रैक्टर ट्रॉली

**श्योपुर।** जिले में पत्थर माफियाओं के हौसले कितने बुलंद हो गए हैं, इसकी बानगी बुधवार को जिला अस्पताल के पीछे शहर के बायपास रोड पर देखने को मिली, जहां जिला खनिज अधिकारी राजेश कुमार गंगोले और उनकी टीम से झूमा झटकी करके पत्थर माफिया के लोग पकड़ी गई पत्थरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को छुड़ाकर भाग निकले। गंगोले ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई है।



### अधीक्षक से कलेक्टर बोले- दो जूते मारूंगा

**गंजबासौदा।** विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता बुधवार दोपहर उदयपुर स्थित शासकीय आदिवासी बालक आश्रम पहुंचे। कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक को सरेआम 'जूते मारने' की धमकी दे डाली। दरअसल, आश्रम में बच्चे मौजूद नहीं थे। छात्रावास अधीक्षक चैन सिंह चिढ़ार ने बताया कि शीतलहर के कारण दो दिन की छुट्टी घोषित की गई थी, यह सुनकर कलेक्टर भड़क गए। कर्मचारियों में नाराजगी है।



## शीर्ष कोर्ट ने कहा कि क्या कुत्तों को यह सिखाया जा सकता है कि वे किसी को न काटें?

**आवारा कुत्तों का मामला**

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- कैसे पता चलेगा कुत्ता 'काटने के मूड' में है या नहीं?

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कुत्ते वाहनों, विशेष रूप से दोपहिया वाहनों और साइकिल के पीछे दौड़ते हैं। ऐसी जगहों से उन्हें हटाने पर भला क्या आपत्ति हो सकती है?*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आवारा कुत्तों के मामले पर सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कई अहम टिप्पणियां कीं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर सवाल करते हुए कहा कि क्या कुत्तों को यह सिखाया जा सकता है कि वे किसी को न काटें? किसी को कैसे पता चलेगा कि कौन सा कुत्ता काटने के मूड में है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पशुप्रेमियों को शेल्टर में मौजूद कुत्तों को खाना खिलाना चाहिए।

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती है। सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को शेल्टर में रखना संभव नहीं है। आर्थिक रूप से भी व्यवहार्य नहीं है। इसे वैज्ञानिक तरीके से करना होगा। समस्या यह है कि कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है। 18 दिसंबर 2025 ▸▸ शेष पेज 4 पर

**6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी और स्थिति नियंत्रण से बाहर**


फाइल फोटो

**» *सिब्बल ने कहा- एनएचएआई की तरह रेल मंत्रालय को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए***

**» *सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं, सभी कुत्तों को शेल्टर में रखना संभव नहीं***

### » कल सोसाइटी में कोई भैंस ले आएगा, तो क्या करेंगे?

सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता वंदना जैन की एक दलील पर टिप्पणी की कि जब हम पशु प्रेमियों की बात करते हैं, तो इसमें सभी जानवर शामिल होते हैं। मैं अपने घर में कोई जानवर रखना चाहता हूं या नहीं, यह मेरा विवेक है। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यही बात गेटेड कम्युनिटी पर भी लागू होती है। गेटेड कम्युनिटी में कुत्ते को घूमने देना चाहिए या नहीं, यह समुदाय को तय करना होगा। मान लीजिए, 90 प्रतिशत निवासियों को लगता है कि यह बच्चों के लिए खतरनाक होगा, ▸▸ शेष पेज 4 पर

### स्कूलों, अस्पतालों जैसी जगहों के अंदर आवारा कुत्ते क्यों होने चाहिए?

सुप्रीम कोर्ट की ओर से कहा गया कि स्कूलों, अस्पतालों जैसी जगहों के अंदर आवारा कुत्ते क्यों होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की ओर से कहा गया कि कुत्ते वाहनों, विशेष रूप से दोपहिया वाहनों और साइकिल के पीछे दौड़ते हैं। ऐसी जगहों से उन्हें हटाने पर ▸▸ शेष पेज 4 पर

**जस्टिस ने कहा**

### एक ही चीज रह जाएगी कुत्ते की काउंसलिंग करना ताकि वापस छोड़े जाने पर वह न काटे

जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि एक ही चीज रह जाएगी, कुत्ते की काउंसलिंग करना ताकि वापस छोड़े जाने पर वह न काटे। यह केवल कुत्तों के काटने की बात नहीं है। कुत्ते वाहनों, विशेष रूप से दोपहिया वाहनों और साइकिलों के पीछे दौड़ते हैं। दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इस पर सिब्बल ने कहा- हां ऐसा कुछ इलाकों में होता है, लेकिन सभी कुत्ते एक जैसे नहीं होते। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट की ओर से पूछा गया कि सुबह-सुबह आपको कैसे पता चलेगा कि कौन सा कुत्ता किस ▸▸ शेष पेज 4 पर


महापंचायत के बाद बढ़ा तनाव

## सतना में विवादित ढांचा हटाने को लेकर हंगामा

# वीएचपी व बजरंग दल के 200 कार्यकर्ता पहुंचे, पुलिस ने रोका

**» *प्रशासन बोला- नोटिस जारी कर दिया है, जल्द हटाएंगे***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सतना

सतना जिले के धारकुंडी थाना क्षेत्र के झखौरा गांव में मंगलवार शाम तनाव की स्थिति बन गई। यहां एक मकान में बने विवादित ढांचे को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के 200 से अधिक कार्यकर्ता महापंचायत करने पहुंचे थे। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए विवादित ढांचे की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मौके पर पहले से तैनात पुलिस बल ने उन्हें 200 मीटर पहले ही रोक लिया।

प्रशासन द्वारा कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। मौके पर तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे और मझगवां एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर ने प्रदर्शनकारियों से सीधी बातचीत की। अधिकारियों ▸▸ शेष पेज 4 पर

### भारी पुलिस बल तैनात, सुपर-30 दस्ता भी मौजूद

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। एएसपी प्रेमलाल कुर्वे के साथ चित्रकूट एसडीओपी राजेश बंजारे, सभापुर टीआई शंखधर द्विवेदी, चित्रकूट टीआई गिरजा शंकर बाजपेयी, बरौंधा टीआई अभिनव सिंह, मझगवां टीआई आदित्य नारायण धुर्वे और धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेंद्र पटेल मोर्चे पर डटे रहे। इसके अलावा पुलिस लाइन से सुपर-30 का दस्ता भी विशेष रूप से तैनात किया गया था।

## जबलपुर में विहिप के कई वॉटसएप ग्रुप हैक

# एसबीआई के नाम लिंक भेजकर ठगी की कोशिश, साइबर सेल में शिकायत

**» *ग्रुप में कई संदिग्ध लिंक भी नजर आए***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

जबलपुर में साइबर ठगों ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) महाकौशल से जुड़े सैकड़ों वॉटसएप ग्रुप को निशाना बनाकर बड़ा साइबर हमला किया है। ठगों ने न केवल ग्रुप हैक किए, बल्कि उनके नाम और प्रोफाइल फोटो भी बदल दी और खुद को एडमिन बना लिया। अब तक पुलिस, कस्टम, क्राइम ब्रांच और इनकम टैक्स अधिकारी बनकर ठगी करने वाले साइबर ठगों ने नया तरीका अपनाते हुए हिंदू संगठनों के ग्रुप को ▸▸ शेष पेज 4 पर


विहिप कार्यकर्ता शिकायत करते हुए

### कांग्रेस पार्षद के दो भाइयों समेत चार गिरफ्तार, दो पर एनएसए

घमापुर थाना अंतर्गत चुंगी चौकी क्षेत्र में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात हुई बमबाजी और पथराव के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कांग्रेस पार्षद जीतू ठाकुर के भाई भैया लाल और छोटू ठाकुर समेत उनके गुर्गों यश और हर्ष ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। गंभीर अपराध को देखते हुए यश ▸▸ शेष पेज 4 पर

## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बन कर तैयार

***पटरी पर उतारने से पहले शुरू किए गए अंतिम परीक्षण***




### हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलाई जाएगी यह ट्रेन

**नई दिल्ली।** देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बनकर तैयार हो गई है और इसे पटरी पर उतारने से पहले रेलवे की तकनीकी टीम ने मानकों के आधार पर अंतिम परीक्षण शुरू कर दिए हैं। लखनऊ स्थित रेलवे के अभिकल्प, विकास एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के तकनीकी अधिकारी फिलहाल ट्रेन संचालन को लेकर हर बारीक पहलू पर काम कर रहे हैं। इस विशेषज्ञ टीम ने ट्रेन की टेस्टिंग की। टीम का मुख्य फोकस पावर कार और उससे जुड़े सुरक्षा एवं नियंत्रण उपकरणों पर रहा। स्पीड सेंसर, कंट्रोल सिस्टम को अलग-अलग गति पर परखा गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ट्रेन निर्धारित मानकों के ▸▸ शेष पेज 4 पर

## संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक हुई

# 28 जनवरी से शुरू हो सकता है बजट सत्र वित्त मंत्री 1 फरवरी को पेश करेंगी आम बजट

**» *जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा***

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



केंद्र सरकार एक फरवरी को आम बजट पेश कर सकती है। संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति की बुधवार को बैठक हुई। बैठक में संसद के आगामी बजट सत्र की तारीखों का प्रस्ताव रखा गया। राजनीतिक मामलों पर कैबिनेट समिति ने संसद के बजट सत्र की शुरुआत 28 जनवरी से करने और 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार, इन तारीखों पर अभी अंतिम फैसला लिया जाना बाकी है और जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा हो सकती है। बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया जाता है। पहले और दूसरे हिस्से के बीच अवकाश रखा जाता है, ताकि संसदीय स्थायी समितियां विभिन्न मंत्रालयों की अनुदान मांगों की जांच कर सकें। बैठक में बजट सत्र की शुरुआत के लिए 28 जनवरी और 31 जनवरी, दो संभावित तारीखों पर चर्चा हुई, जिनमें से किसी एक पर अंतिम निर्णय जल्द लिया जाएगा।

आम तौर पर संसद का बजट सत्र जनवरी के आखिरी सप्ताह में ही शुरू होता है। माना जा रहा है कि 29 जनवरी को आर्थिक सर्वेक्षण को सदन के पटल पर रखा जाएगा। इसके अगले चरण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को लगातार 9वीं बार बजट पेश करेंगी।

## दुनिया के सबसे बड़े टेक शो में बढ़ा भारत का दबदबा

**आयोजकों ने की भारतीय स्टार्टअप्स की तारीफ**

# भोपाल स्थित स्टार्टअप आर्वेक्स टेक्नो. यूरेका पार्क मंच पर अपना प्रदर्शन कर रही

**» *6 जनवरी को शुरू हुआ यह शो 9 जनवरी तक चलेगा***

**» *लगभग 150 देशों से लोग इसमें शामिल हो रहे हैं***

एजेंसी ▸▸ लास वेगास

दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस 2026) में भारतीय कंपनियों और स्टार्टअप्स की बढ़ती उपस्थिति चर्चा का विषय बनी हुई है। शो के एक शीर्ष ज्यादारी ने भारतीय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में वे भारत से और ज्यादा व्यापक भागीदारी का स्वागत करते हैं।

सीईएस के वाइस प्रेसिडेंट और शो डायरेक्टर जॉन केली ने कहा कि सीईएस में भारतीय उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। मुझे लगता है कि आप ज्यादा से ज्यादा भारतीय स्टार्टअप्स को यहां आते और भाग लेते हुए देख रहे हैं। केली ने विशेष रूप से बेंगलुरु स्थित टेक्नोलॉजी और वियरेबल कंपनी 'अल्ट्राह्यूमन' का जिक्र किया। अल्ट्राह्यूमन के उत्पादों में दुनिया का सबसे हल्का स्लीप-ट्रैकिंग वियरेबल (स्मार्ट रिंग), एक निरंतर ग्लूकोज ▸▸ शेष पेज 4 पर

**4,100 से ज्यादा प्रदर्शक एआई, डिजिटल हेल्थ, एनर्जी, रोबोटिक्स और मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में अपने नवाचार दिखा रहे हैं**



फाइल फोटो

### मेड इन इंडिया से इनोवेटेड इन इंडिया तक

नॉइस के वाइस प्रेसिडेंट (प्रोडक्ट डिवाइसेज) हमिश पटेल ने कहा कि हम यहां आकर और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करके बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। हमारी अपनी शोध और विकास (आरएंडडी) टीम है और हम ज्यादातर डिजाइन और निर्माण भारत में ही करते हैं। हम यहां उन उत्पादों के साथ आए हैं जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ उत्पादों को टक्कर दे सकते हैं।

अगले साल सरकार का राजस्व बढ़ाने को लेकर प्लानिंग होगी पेश

# योजनाओं में कितना पैसा बांटा, बताएगी सरकार, वित्त विभाग ने विभागों से मांगे बजट भाषण के प्रस्ताव, शहर झुग्गीमुक्त करने का अफसर देंगे ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में अलग-अलग योजनाओं में कितना पैसा एक साल में बांटा है और कितने लोगों को रोजगार देने का काम किया गया है, इसकी जानकारी देने के लिए विभागों से कहा गया है। शहरों को झुग्गीमुक्त बनाने के लिए हुई कार्रवाई की जानकारी भी मोहन सरकार नागरिकों को मार्च में पेश होने वाले बजट में देगी। विभाग यह भी बताएंगे कि अगले साल सरकार का राजस्व बढ़ाने को लेकर उनकी क्या प्लानिंग है।

इन बिन्दुओं के साथ वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट की तैयारी में जुटे वित्त विभाग ने सभी विभागों से बजट भाषण में शामिल किए जाने वाले प्रस्तावों की जानकारी 15 जनवरी तक भेजने को कहा है। इसमें सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अफसरों से कहा गया है कि नई योजनाओं की जानकारी भी इसमें शामिल किया जाना है। इसलिए विभागवार नई योजनाओं की डिटेल भी भेजना है।


फाइल फोटो

### 15 जनवरी से पहले भेजनी है जानकारी

विभागों से कहा गया है कि बजट भाषण के लिए गो-वंश संवर्धन एवं संरक्षण, गो-चर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं, इसकी जानकारी दी जाए। साथ ही शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए की गई कार्रवाई और कितनी भूमि तथा कितने मूल्य की भूमि अतिक्रमण से मुक्त हुई है, इसका ब्यौरा भी देना होगा। यह जानकारी 15 जनवरी से पहले भेजनी है।

### यह जानकारी देंगे हर विभाग

वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक विभाग के कुल बजट में से कितनी राशि खर्च हुई। विभाग में संचालित योजनाओं के लक्ष्य व उपलब्धि की क्या स्थित रही।

### सुगम ग्रामीण परिवहन, नागरिक सुविधाओं के लिए विज्ञान एवं तकनीक के उपयोग की कार्रवाई बताना होगा

वित्त विभाग ने निर्देश दिए हैं कि झुग्गीमुक्त मध्यप्रदेश के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है, इसकी जानकारी दी जाए। इसके साथ ही सुगम ग्रामीण परिवहन, ई-परिवहन, नागरिक सुविधाओं के लिए विज्ञान एवं तकनीक के उपयोग तथा शासकीय कर्मचारियों के कल्याण के लिए की गई कार्रवाई का विवरण भी देना होगा। छोटे और मंझोले उद्यमों के विकास के लिए किए गए कार्य, विशेष उपलब्धियां, नवाचार और राजस्व वृद्धि से जुड़े प्रयासों की जानकारी भी मांगी गई है। आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभागों द्वारा किए गए प्रयासों का ब्यौरा भी देना होगा।

### विभागों से यह जानकारी भी मांगी गई

- मध्यप्रदेश में केन्द्र प्रवर्तित योजना एवं केन्द्रीय क्षेत्रीय योजनाओं की स्थिति व प्रगति कैसी है।
- विभाग में कौन सी नई योजनाएं शुरू की जानी है, उसका तथ्यात्मक ब्यौरा देना होगा।
- विभागों द्वारा पर्यावरण, वन, भूमि एवं जल स्त्रोतों का बेहतर प्रबंधन व संरक्षण के लिए किए गए काम बताने हैं।
- नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा की क्या प्रगति है, इसकी जानकारी देना है।
- जन-स्वास्थ्य, कुटीर व ग्रामोद्योगों के विकास व संरक्षण के लिए क्या कार्रवाई की गई।
- औद्योगिक नीति व निवेश प्रोत्साहन, ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व की धरोहरों व पर्यटन स्थलों का संरक्षण व संवर्धन, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा के लिए क्या कार्रवाई हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया विचार-विमर्श

# शासकीय कार्यालयों में पांच दिवसीय सप्ताह की व्यवस्था तभी, जब सुबह 10 बजे कार्य शुरू करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में 5 दिनी व्यवस्था तभी आगे संचालित होगा, जब यह सुनिश्चित कराएं कि सभी कर्मचारी सुबह 10 बजे अनिवार्य रूप से कार्यालय पहुंचें। इसके लिए कार्यालय अवधि भी बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को आगे संचालित करने के लिए कार्यालयीन समय बढ़ाना जरूरी है। यह व्यवस्था तभी कारगर साबित हो सकती है, जब सभी शासकीय सेवक इस नियम का पालन करें। यह भी सुनिश्चित करें कि प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से कार्य शुरू हो, इसके लिए बायोमीट्रिक सहित अन्य तकनीकी प्रणालियों का सहारा लिया जाए।

■ बायोमीट्रिक सहित अन्य तकनीकी प्रणालियों का सहारा लेने के निर्देश

इससे अनुशासन के साथ कार्य निष्पादन में भी सुधार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों की मंत्रालय में आयोजित बैठक में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वर्ष 2026 के लिए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, निर्माण परियोजनाओं और अन्य कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में विचार-विमर्श के लिए यह बैठक आयोजित थी। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के साथ बैठक में समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव सहित पुलिस तथा भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### 106 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं पर केंद्रित संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से होगा शुरू


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते सीएम।

### गति देने के लिए मिशन मोड में काम करना होगाः डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के 2 वर्ष उपलब्धियों से परिपूर्ण रहे हैं। केंद्र सरकार ने भी प्रदेश की प्रगति और उन्नति को सराहा है। इसमें सभी विभागों के संबंध समन्वित प्रयासों का योगदान रहा। प्रदेश में विकास और उन्नति को अधिक गति देने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। प्रदेश में विकास गतिविधियों का तेजी से क्रियान्वयन हो और जनकल्याणकारी योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों को सुगमता से लाभ मिले यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए जवाबदेही तय करने की व्यवस्था को सशक्त करना होगा ।*

### सभी विभाग प्रमुख, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के सतत संपर्क में रहें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र सरकार विकास और जनकल्याण गतिविधियों पर विशेष ध्यान दे रही है। सभी विभाग प्रमुख, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के सतत संपर्क में रहें। राज्य की प्रगति और योजनाओं तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से केंद्र शासन को समय रहते अवगत कराएं। इससे प्रदेश में विकास और जन-कल्याण गतिविधियों के बेहतर और त्वरित संचालन में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आगामी 5 वर्ष की कार्य योजना तैयार करने के साथ 3 वर्ष के बजट अनुमान की व्यवस्था भी की जा रही है। सड़क, अस्पताल, सिंचाई परियोजना, सार्वजनिक भवन निर्माण की समेकित योजनाएं बनाकर उनका दस्तावेजीकरण किया जाए।

### 12 जनवरी से 31 मार्च संकल्प से समाधान अभियान-1 शुरू, घर-घर जाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 जनवरी से 31 मार्च संकल्प से समाधान अभियान-एक शुरू किया जा रहा है। यह अभियान 106 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं पर केंद्रित होगा। शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों का अंतिम निराकरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से हो। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक घर-घर जाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। द्वितीय चरण 16 फरवरी से 16 मार्च तक होगा। इसमें क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा, इसमें ब्लॉक स्तर पर अनिराकृत शेष आवेदन, शिकायतों और नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। चतुर्थ चरण जिला स्तर पर 26 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा, जिसमें जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर समस्त अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायतों और नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लाल सलाम को अंतिम सलाम कहने के लिए मप्र पुलिस की सराहना की।

### हमारा लक्ष्य समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेशः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2025 औद्योगिक विकास की दृष्टि से सफल रहा है। वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। हमारा लक्ष्य समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश है। यह गतिविधि, किसी एक या 2 विभाग की न होकर 15 से अधिक बड़े विभागों का संयुक्त अभियान होगी। कृषि एवं किसान कल्याण के साथ ही उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन एवं डेयरी, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नवकरणीय ऊर्जा, मत्स्य पालन, ऊर्जा विभाग, राजस्व, वन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम, औद्योगिक नीति निवेश एवं प्रोत्साहन के साथ ही मंडी बोर्ड, दुग्ध संघ आदि को समन्वित रूप से गतिविधियां संचालित करना होंगी।

मुख्यमंत्री निवास में हुआ युवा संवाद कार्यक्रम


संवाद कार्यक्रम में युवा के सवाल का जवाब देते सीएम डॉ. मोहन।

# सटीक भाषण को लेकर युवा ने प्रश्न पूछा, सीएम बोले कक्षा-कोर्स के अलावा बहुत कुछ सीखना-समझना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से युवाओं ने अनेक विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिस पर मुख्यमंत्री ने बड़ी सहजता के साथ उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। ग्वालियर के सोमेश ने यह जानना चाहा गया कि एक सटीक भाषण में कौन-कौन से अवयव होने चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में स्वाध्याय करते हुए ज्ञान अर्जन करेंगे तो भाषण की गुणवत्ता स्वतः बढ़ जाएगी। कक्षा में पढ़ाई तो आवश्यक है, लेकिन कक्षा और पाठ्यक्रम के अतिरिक्त भी बहुत कुछ सीखना-समझना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में युवाओं से संवाद कर रहे थे।

इस वर्ष नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के 47 युवा, विकसित भारत यंग लीडर संवाद कार्यक्रम और 29 युवाओं का दल राष्ट्रीय युवा उत्सव में सहभागिता करेगा। मुख्यमंत्री से संवाद के लिए ये युवा मुख्यमंत्री निवास पधारे थे। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वंदे-मातरम के सामूहिक गान के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। सुश्री साक्षी पटेरिया ने मुख्यमंत्री स्वागत किया। कार्यक्रम में सुश्री अंशिका मिश्रा ने गीता उपदेश के माध्यम से युवाओं को संदेश दिया। युवा संवाद कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग एवं खेल संचालक राकेश गुप्ता भी उपस्थित थे।

◆ ***मुख्यमंत्री ने 29 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव एवं विकसित भारत यंग लीडर संवाद कार्यक्रम में शामिल होने वाले युवाओं से किया संवाद***

### युवाओं ने अनेक विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे

*अनूपपुर के प्रियांशु ने पूछा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने के लिए क्या प्रयास कर रही है, क्या इसमें स्टार्ट-अप की कोई संभावनाएं हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारे युवाओं का व्यवसाय के साथ खेती और खासतौर से प्राकृतिक खेती की ओर जुड़ाव भी रूझान दिख रहा हैं, यह प्रशंसनीय है। राज्य में सभी प्रकार के मोटे अनाज (श्रीअन्न) की अच्छी उत्पादकता है। प्राकृतिक खेती के लिए देशी खाद भी जरूरी है। इसके लिए गोपालन और दूध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य में देशी गोपालन को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। ब्राजील जैसा छोटा देश गोपालन के माध्यम से आगे बढ़ने का बड़ा उदाहरण है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने उपकार फिल्म का उल्लेख करते हुए जय जवान-जय किसान के माध्यम से किसानों की महत्ता के बारे में भी युवाओं से चर्चा की।*

राज्यपाल ने राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए दी शुभकामनाएं

# देश के युवाओं में अनंत ऊर्जा और असीम संभावनाएं युवा ही विकसित भारत के निर्माण के कर्णधारः पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


युवाओं के साथ राज्यपाल पटेल, मंत्री सारंग।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि देश के युवाओं में अनंत ऊर्जा और असीम संभावनाएं है। युवा ही विकसित भारत के निर्माण के कर्णधार हैं। आप सभी मप्र के प्रतिभावान, जागरूक युवा प्रतिनिधि हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष विचार प्रस्तुत करने का गौरवपूर्ण अवसर मिला है। यह क्षण आप सबके साथ संपूर्ण मप्र के लिए भी गर्व का विषय है। राज्यपाल पटेल बुधवार को 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव और विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद कार्यक्रम नई दिल्ली के लिए चयनित मप्र के युवा प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कार्यक्रम में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। लोकभवन के बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग भी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन से प्रेरणा लें। राष्ट्र निर्माण का ध्येय बनाए। आप एक ऐसे मंच पर जा रहे हैं, जहां आपके विचारों को देश के शीर्ष नेतृत्व के सामने रखने का प्रत्यक्ष मौका मिलेगा। अपनी प्रतिभा के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का स्वप्न प्रधानमंत्री का महान विज़न है। इस विजन को आप जैसे ऊर्जावान और प्रतिभाशाली युवा ही साकार करेंगे। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि हर भारतीय के जीवन स्तर को ऊपर उठाने, देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक रूप से मजबूत बनाने का व्यापक खाका है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली में आयोजित हो रहा विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद देश के नवनिर्माण में युवाओं की सक्रिय सहभागिता के आह्वान का कार्यक्रम है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश से चयनित सभी प्रतिभागियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

रेंज डीआईजी खुद करेंगे मॉनिटरिंग

# ई-जीरो एफआईआर की नई व्यवस्थाः तीस दिन में शिकायतकर्ता थाने नहीं पहुंचा तो पुलिस देगी नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य में ई- जीरो एफआईआर की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस मुख्यालय ने नई व्यवस्था लागू की है। ई-जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद शिकायतकर्ता 30 दिनों के भीतर संबंधित थाने में उपस्थित नहीं होता है तो पुलिस उसे नोटिस जारी करेगी। इस नोटिस के बाद तीस दिन इंतजार किया जाएगा, यदि तीस दिन में शिकायतकर्ता थाने नहीं पहुंचता है, तो ऐसी ई-एफआईआर निरस्त कर दी जाएगी।

इस संबंध में डीजीपी कैलाश मकवाना ने ई-जीरो एफआईआर की निगरानी और प्रक्रिया के पालन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। डीआईजी जोन - रेंज, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम) भोपाल और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम) इंदौर को अपने-अपने क्षेत्रों में नोडल अधिकारी बनाया गया है। ये अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि ई-जीरो एफआईआर से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए। इसके साथ ही सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे राज्य साइबर मुख्यालय को हर महीने ई-जीरो एफआईआर से संबंधित रिपोर्ट भेजेंगे। रिपोर्ट में दर्ज ई-जीरो एफआईआर, शिकायतकर्ताओं की उपस्थिति, जारी नोटिस और निरस्त प्रकरणों का विवरण शामिल रहेगा। इसमें संबंधित पुलिस अधीक्षकों को भी पॉवर दिए गए हैं कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वे यह निर्णय ले सकते हैं कि उन्हें विशेष रूप से किस अधिकारी से जांच करवानी है या एसआईटी बना कर जांच करवाना है। गौरतलब है कि प्रदेश में लाख रुपए से अधिक की सायबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में अब ई-जीरो एफआईआर दर्ज किए जाने लगी है।

### धारा 173 के तहत कानूनी मान्यता प्रदान तेज होगी जांच प्रकिया

बीएनएसएस की धारा 173 के अंतर्गत जीरो एफआईआर को कानूनी मान्यता प्रदान की गई है, जिससे नागरिक देश में कहीं से भी, किसी भी क्षेत्राधिकार में घटित अपराध के लिए, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ई-जीरो एफआईआर सायबर वित्तीय धोखाधड़ी, विशेषकर 1 लाख से अधिक की हानि के मामलों में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया को तेज बनाती है। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्राधिकार संबंधी बाधाओं को समाप्त कर जांच प्रक्रिया को तत्काल प्रारंभ करना है। ई-जीरो एफआईआर का डेटा सीधे भोपाल स्थित केंद्रीय साइबर पुलिस हब को भेजा जाता है।

## 5 हजार करोड़ की लागत से 625 किमी लंबाई में विकसित होंगे मार्ग, मध्यप्रदेश और दिल्ली-एनसीआर होंगे नजदीक

मप्र को निरंतर मिल रही सड़क एवं राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात

# टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर से जुड़ेंगे मध्यप्रदेश के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत में मप्र सबसे अधिक टाइगर वाला राज्य है। मप्र में सर्वाधिक टाइगर रिजर्व भी हैं। प्रदेश में सभी प्रकार के वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में वन्यजीव पर्यटन स्थलों को एक कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है।

इसे टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर नाम दिया गया है। राज्य सरकार वन्यजीवों और पर्यटन को प्रोत्साहन दे रही है। मप्र की भौगोलिक स्थिति के कारण टाइगर कॉरिडोर एक प्रकार से पड़ोसी राज्यों के लिए भी बड़ी सौगात होगी। व्यावसायिक एवं अन्य सभी जरूरी गतिविधियों के लिए यह मार्ग सुगमता पूर्वक उपलब्ध रहेगा। प्रदेश में प्रमुख टाइगर रिजर्व को आपस में जोड़ने वाली सड़कों का उन्नयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि टाइगर रिजर्व पेंच से कान्हा, कान्हा से बांधवगढ़ और बांधवगढ़ से पन्ना को परस्पर जोड़ने वाली सड़कों की लम्बाई 625 किमी होगी। मार्गों के उन्नयन और विकास पर 5 हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश को कई सौगातें मिल रही हैं। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बसाहट के बाद यह क्षेत्र वन्यप्राणी प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मप्र सहित पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तरप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के पर्यटक भी भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे मप्र को निरंतर महत्वपूर्ण सौगातें मिल रही हैं।

**दिसंबर-2027 तक पूर्ण होंगी अनेक सड़क परियोजनाएं**

### दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर और पोर्ट्स के लिए मप्र की पहुंच आसान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के माध्यम से मप्र को राजमार्गों की सौगात मिली है। मप्र में ग्वालियर, भिंड, श्योपुर सहित चंबल पूरे बेल्ट को अटल प्रगति पथ का लाभ मिलेगा। यह चंबल क्षेत्र को उत्तरप्रदेश और दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने के लिए अत्यंत कारगर सिद्ध होगा। अटल प्रगति पथ के निर्माण से क्षेत्र में सभी प्रकार के उद्योगों और पर्यटन की गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल प्रगति पथ की लागत लगभग 12 हजार करोड़ रुपए है। इसके प्रारंभ होने से मप्र से दिल्ली-एनसीआर की दूरी घटकर लगभग 3 से 4 घंटे रह जाएगी। साथ ही इससे दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर और पोर्ट्स के लिए मप्र की पहुंच आसान होगी, जिससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी।


फाइल फोटो।

### भोपाल-जबलपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के रूप में बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को भोपाल-जबलपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के रूप में बड़ी सौगात मिली है, जिसकी लागत 9716 करोड़ है। इसके अलावा भोपाल-इंदौर-प्रयागराज, जबलपुर-नागपुर और इंदौर-धुले-पुणे परियोजनाएं विकसित भारत @2047 के लक्ष्य हासिल करने में सहायक सिद्ध होंगी। हाल ही में केंद्रीय मंत्री गडकरी से भविष्य में चारों दिशाओं में कई प्रकार के मार्गों को सुदृढ़ करते हुए निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ है। परियोजनाओं के लिए समयबद्ध रोडमैप तय किया गया है। सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए सड़क परियोजनाओं को दिसंबर 2027 तक पूर्ण करने के लिए समय-सीमा भी निश्चित की गई। खंडवा बायपास, जबलपुर रिंग रोड, इंदौर-हरदा, रीवा बायपास के संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि सभी परियोजनाएं समय पर पूर्ण की जाएं। परियोजनाओं में गति और गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से निरंतर समीक्षा बैठक भी की जाएगी।




## रात 3 बजे तक हरिभूमि ने लिया जायजा: रैन बसेरों की क्षमता 184, पहुंच रहे 250 से ज्यादा लोग

# कड़कड़ाती ठंड में शहर के रैन बसेरे फुल खुले आसमान तले रात गुजार रहे लोग

रेलवे स्टेशन पर पार्किंग में खुले आसमान रात गुजारते मिले लोग

तलैया के फुटपाथ पर बड़ी संख्या में लोग रात में सोते हुए मिले



भोपाल रेलवे स्टेशन के बरामदे में सोते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में कड़ाके की ठंड के बीच रैन बसेरों में रात गुजारने वालों की तादाद बीते तीन-चार दिनों से काफी बढ़ गई है। यहां क्षमता से ज्यादा लोग रात गुजारने पहुंच रहे हैं। हरिभूमि की टीम ने बीती रात 3 बजे तक शहर के सार्वजनिक स्थलों और रैन बसेरों में स्थिति देखी तो यहां क्षमता से ज्यादा लोग रात गुजारने वाले मिले। जबकि बीते दिनों सीएम ने जिस रैन बसेरे में कंबल वितरित किए थे, उनमें से एक महिला ऐसी भी मिलीं, जिनसे कंबल का पूछा तो उन्होंने कि वे घर में बच्चों के लिए छोड़ आईं।

तलैया के फुटपाथ पर बड़ी संख्या में लोग रात गुजारते हैं। बीते दिनों ठंड से एक व्यक्ति की मौत के बाद यहां कोई भी सोते हुए नहीं मिला। यहां एक व्यक्ति ने बताया कि यहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग रात गुजारते हैं और समाजसेवी भोजन व कंबल देने भी आते हैं, लेकिन पुलिस ने यहां से लोगों को रैन बसेरे भेज दिया है।

हरिभूमि लाइव



पार्किंग में खुले आसमान के नीचे सोते लोग।

### समाजसेवी बांटने आते हैं कंबल व भोजन

यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क रैन बसेरे के केयर टेकर ने बताया कि इन दिनों पड़ रही तेज सर्दी की वजह से अक्सर देर रात शहर के अनेक समाजसेवी, एनजीओ वाले लोग गरम कपड़े, कंबल, भोजन आदि बांटने आते हैं। अब तक 10 से 12 अलग-अलग लोग कंबल बांटने आ चुके हैं।

### निगमायुक्त के निर्देश, कोई बाहर सोता मिले तो रैन बसेरे में पहुंचाएं

रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्थल के पास खुले आसमान में बडी संख्या में अपने ही कंबल-चादरों के सहारे लोग सोते हुए मिले, वहीं रेलवे स्टेशन के बरामदे में भी सर्द हवा के बीच कई यात्री रात बिताते हुए मिले। जबकि नगर निगम आयुक्त के निर्देश हैं कि कोई भी खुले आसमान में सोते मिले तो उसे नजदीकी रैन बसेरे में पहुचाएं।

### यादगार-ए-शाहजहांनी रैन बसेरा फुल

यादगार-ए-शाहजहांनी रैन बसेरे में जरूरतमंद लोगों के ठहरने की क्षमता 184 है। हरिभूमि की टीम देर रात जब यहां पहुंची तो 254 लोग रस्टिर में दर्ज हो चुके थे। केयर टेकर ने बताया कि रात में दो बजे तक भी लोग आते हैं। उन्हें पूरी व्यवस्था के साथ जमीन गद्दे-रजाई के साथ जगह दी जाती है। यहां पलंग तो फुल हो गए थे, लेकिन जमीन पर चादर, दरी, बिछाकर रजाई, गद्दे की व्यवस्था थी।



रैन बसेरे में बुजुर्ग महिला सविता।

### सीएम ने दिया कंबल, बच्चों के लिए घर छोड़ आई महिला

रैन बसेरे में एक बुजुर्ग महिला सविता वाल्मिकी मिलीं। वे ठीक से बोल भी नहीं पा रही थीं। उनसे पूछा कि सीएम साहब ने आपको दो दिन पहले कंबल दिया था, तो बोलीं हां। फिर पूछा कहां गया? तब वे मुस्कुराकर बोलीं-बच्चों के लिए घर पर रख आए हैं।

### यहां भी कड़ाके की ठंड में फुल हो जाता है रैन बसेरा



रैन बसेरे में पलंग कम पड़ने पर जमीन पर बिस्तर बिछाकर सोते लोग।

शहर के रेलवे स्टेशन, डीआईजी बंगला, एमपी नगर, आईएसबीटी क्षेत्र में कड़ाके की ठंड में रेन बसेरा फुल हो जाता है। हालांकि यहां पर पर्याप्त मात्रा में रजाई, गद्दे, गरम पानी, हीटर आदि के इंतजाम हैं।



कड़कड़ाती सर्दी में रैन बसेरे में सोते लोग।

### फुटपाथ पर न सोए कोई, इसके दिए हैं निर्देश...

आश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में गद्दे, चादर, तकिये, कंबल, हीटर आदि की कोई कमी नहीं है। मैंने स्वयं बीते दिनों निरीक्षण किया था और हाल ही में सीएम ने निरीक्षण किया है। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि सड़क और फुटपाथ पर किसी भी व्यक्ति को रात न गुजारने दें, उन्हें समझाइश देकर आश्रय स्थलों पर लाएं।

मालती राय, महापौर

## कोलार इंडेन एजेंसी में उपभोक्ताओं से ठगी

# घरेलू सिलेंडर से बिना सील तोड़े ही निकाल ली 4 किलो गैस, ऐसे 92 सिलेंडर जब्त


पुलिस की गिरफ्त में कोलार गैस एजेंसी के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आपके घर में सील पैक घरेलू सिलेंडर आने पर आप संतुष्ट मत होना कि इसमें पूरी गैस होगी। अगर आपको कंफर्म करना है, तो इसे तौलकर लीजिएगा। दरअसल, कोलार इलाके में इंडेन की कोलार गैस एजेंसी में ऐसी धोखाधड़ी पकड़ में आई है। यहां गैस एजेंसी के कर्मचारी नीतेश, ऋषि और सनी बंसी उपकरण की मदद से सील पैक सिलेंडरों से तीन से चार किलो तक गैस निकालकर खाली सिलेंडरों में भरते मिले। खाद्य और नापतौल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर 26 सिलेंडरों में कम गैस की पुष्टि की है, जबकि मिनी ट्रक में रखे 92 सिलेंडर भी जब्त किए गए हैं।

इंडेन कोलार गैस एजेंसी की प्रोपराइटर दीपा गादी हैं, जहां क्षेत्र के 19 हजार उपभोक्ताओं को प्रतिमाह सिलेंडर दिया जाता है। इस एजेंसी के कर्मचारी गैस सिलेंडर की बिना सील तोड़े बंसी से खाली सिलेंडरों में गैस ट्रांसफर कर लेते हैं। हालांकि उपभोक्ताओं को तौलकर सिलेंडर देना चाहिए। लेकिन गैस एजेंसी संचालक सील दिखाकर सिलेंडर बेचते हैं। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटिल का कहना है कि गैस एजेंसी पर भरे हुए सिलेंडरों से गैस निकालने के मामले में केस दर्ज कर कलेक्टर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### सबसे पहले पहुंची पुलिस

कोलार के खुले मैदान में ये कर्मचारी भरे सिलेंडरों से गैस खाली सिलेंडरों में भर रहे थे, तभी कोलार पुलिस पहुंची, जबकि खाद्य और नापतौल टीम ने सभी सिलेंडरों की जांच की। 26 सिलेंडरों में 3 से 4 किलो तक गैस कम निकली है। टीम ने मौके से एक बाइक भी जब्त की है। सभी कंपनियों के घरेलू सिलेंडरों में 14 किलो 200 ग्राम गैस होती है और खाली सिलेंडर का वजन 15.5 से 16 किलो होता है, इसलिए एक भरे हुए सिलेंडर का कुल वजन 29.7 से 30.2 किलो होता है। यह वजन सिलेंडर पर लिखा होता है, जिसके लिए करीब 860 रुपए लिए जाते हैं। एक सिलेंडर में 3-4 किलो तक गैस निकालने से सिलेंडर में गैस की मात्रा दस से 11 किलो तक रह जाती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर डेढ़ सौ से दो सौ रुपए तक का चूना लगाया जाता है।

### तौलकर सिलेंडर लें उपभोक्ता

इंडेन कंपनी की कोलार गैस एजेंसी में भरे हुए सील पैक सिलेंडर से बंसी उपकरण के द्वारा गैस कम करने का केस दर्ज किया जा रहा है। उपभोक्ताओं से अपील है कि वह एजेंसी कर्मचारियों से सिलेंडर को तौलकांटे से वजन कराने के बाद ही लें। अगर कर्मचारी इंकार करता है, तो इसकी जानकारी खाद्य विभाग में दें।

चंद्रभान सिंह जादौन, जिला आपूर्ति नियंत्रक

## भोपाल समेत प्रदेश के कई शहर नॉन-अटेनमेंट सिटी घोषित

# एनजीटीः भोपाल में वायु प्रदूषण सीमा से कई गुना अधिक, अधिकारी तलब, निगरानी समिति बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेंट्रल जोनल बेंच में बुधवार को वायु प्रदूषण के मामले पर सुनवाई हुई। बेंच में दायर याचिका में बताया गया है कि शहर में पिछले 5 साल में वायु प्रदूषण की गुणवत्ता काफी खराब हुई है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इस पर बेंच ने संबंधित विभागों से अगले एक सप्ताह में मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने के साथ ही जबाव तलब किया है। याचिकाकर्ता राशिद नूर खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए ज्यूडिशियल मेंबर जस्टिस श्योकुमार सिंह और एक्सपर्ट मेंबर सुधीर कुमार चतुर्वेदी की बेंच के सामने अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने पक्ष रखा।


सुबह 9.15 बजे भानपुर ब्रिज से नीचे रेलवे लाइन पर छाया कोहरा।

### भोपाल में अब धुंध, विजिबिलिटी कम

*बेंच ने यह भी कहा कि भोपाल अब शीतकाल में लगातार धुंध, कम दृश्यता और बहुत खराब से गंभीर श्रेणी के एक्यूआई का सामना कर रहा है। रियल-टाइम आंकड़ों के अनुसार कई रातों में एक्यूआई 300 से ऊपर दर्ज किया गया। प्रदूषण कई कारणों से हुआ है। इनमें पराली जलाने, निर्माण एवं विध्वंस कार्यों से उड़ती धूल, वाहनों के उत्सर्जन, खुले में कचरा जलाने, लैंडफिल आग, पटाखों के उपयोग तथा औद्योगिक गतिविधियों के संयुक्त प्रभाव से उत्पन्न हो रहा है।*

### क्या आदेश किया पारित?

सुनवाई के दौरान पारित आदेश में मप्र के कई शहरों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को गंभीर स्वास्थ्य संकट बताया है। आदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, देवास, सागर और सिंगरौली को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नॉन-अटेनमेंट सिटी घोषित किया गया है। इन शहरों में पिछले 5 वर्षों से अधिक समय से पीएम 10 और पीएम 2.5 के स्तर राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों से अधिक बने हैं। भोपाल में पीएम10 का वार्षिक औसत स्तर 130 से 190 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तथा पीएम 2.5 का स्तर 80 से 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पाया गया है, जो निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक है।

### संबंधित विभागों को नोटिस

बेंच ने राज्य सरकार एवं संबंधित विभागों को नोटिस जारी करते हुए एक संयुक्त समिति का गठन किया है। इसमें प्रमुख सचिव, पर्यावरण, प्रतिनिधि, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल, प्रतिनिधि, एप्को ,प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, प्रमुख सचिव, परिवहन, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, डॉ. रवि प्रकाश मिश्रा, पूर्व अतिरिक्त निदेशक, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शामिल किया गया है। समिति को 6 सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी।

# उत्तर विधायक ने पीएचई के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और कहा, कुए में मिल रहे सीवेज की रोकथाम तुरंत करें...

कोहेफिजा में भी सीवेज और पाइप लाइन की शिकायतें, काम जल्द शुरू नहीं हुआ तो देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के खानूगांव इलाके में कुएं में मिल रहे सीवेज का वीडियो वायरल होने के बाद जानकारी मिलने पर उत्तर विधायक आतिफ अकील खानूगांव पहुंचे। उन्होंने पीएचई के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और कहा कि तत्काल रोकथाम के लिए काम शुरू करवाएं, अन्यथा मैं कार्यालय धरने पर बैठ जाऊंगा। पीएचई के अधिकारियों ने तत्काल रोकथाम का काम शुरू करवाने का उन्हें भरोसा दिलाया। विधायक अकील ने कोहेफिजा क्षेत्र से मिल रही सीवेज और पाइप लाइन की शिकायतों के निराकरण को लेकर भी अधिकारियों से कहा कि वहां भी समस्या का समाधान कराएं और मौके का निरीक्षण करें।

### खानूगांव के दो हजार से ज्यादा लोग कर रहे उपयोग


खानू गांव में कुए पर पहुंचे उत्तर विधायक आतिफ अकील।

पार्षद प्रतिनिधि जहीर खान ने बताया कि कुएं में सीवेज का पानी मिल रहा है। खानूगांव में रहने वाले दो हजार से ज्यादा लोग पानी का उपयोग कर रहे हैं। इस समस्या को कई बार नगर निगम के अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों पर फोन नहीं उठाने का भी आरोप लगाया।

## शहर की 829 कॉलोनियों को बल्क से व्यक्तिगत कनेक्शन मिलेंगे

राजधानी की 829 कॉलोनियों के 74 हजार से ज्यादा आवासों में अब बल्क कनेक्शन से व्यक्तिगत कनेक्शन मिलेंगे। इन आवासों में पानी मुहैया करवाने के लिए प्रति आवास 9709 रुपए खर्च आएगा। यहां स्मार्ट मीटर भी लगाए जाएंगे। इस काम पर 874 करोड़ रुपए खर्च होंगे। 13 जनवरी को होने वाली परिषद की बैठक के लिए जारी एजेंडे की सूची में यह बिंदु शामिल किया गया है। इन कॉलोनियों में नगर निगम द्वारा संधारण और संचालन किया जाता है तो वाल्वमैन, आपरेटर, सुपरवाइजर आदि की व्यवस्था और पाइप लाइन बिछाने, इंटरकनेक्शन किए जाने पर करीब 801 करोड रुपए खर्च होने का अनुमान है। जिसकी डीपीआर भी तैयार हो गई है। इन कॉलोनियों के लोगों को व्यक्तिगत कनेक्शन के लिए 70 फीसदी से अधिक सहमति होना जरूरी होगा। इसके बाद ही यह कार्रवाई की जाएगी।

### बड़ी सौगातः विवाह पंजीयन अब 130 रुपए में होगा

परिषद की बैठक में एक बडी सौगात यह भी मिलेगी कि विवाह पंजीयन के लिए अब तक लगने वाला 1100 रुपए शुल्क घटकर 130 रुपए होगा। जबकि 30 दिन के बाद निर्धारित शुल्क 1100 रुपए होगा। अधिकतम विलंब शुल्क 5 हजार रुपए था। विवाह पंजीयन के लिए शुल्क निर्धारित किए जाने संबंधी विभागीय प्रस्ताव मेयर-इन-कौंसिल की अनुशंसा सहित नगर निगम परिषद को विचार के लिए मिला है जो एजेंडे में शामिल किया गया है।

### ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल

अमृत 2.0 प्रोजेक्ट के तहत अंशदान की राशि ग्रीन म्युनिसिपल बांड के माध्यम से जुटाने संबंधी विभागीय प्रस्ताव मेयर-इन-कौंसिल की अनुशंसा सहित निगम परिषद को मिला है। इन प्रोजेक्ट की गाइडलाइन के अनुसार एसडब्ल्यूएपी राशि 1522 करोड के विरुदध केंद्रांश राशि 25 फीसदी एवं राज्य सरकार द्वारा 58 फीसदी अंशदान दिया जाएगा।

### मांगा नेताओं का इस्तीफा

# महिला कांग्रेस ने दूषित पानी के मृतकों को कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि



रोशनपुरा चौराहे पर इंदौर के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

*मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रीना सेतिया के निर्देशानुसार पूर्व जिलाध्यक्ष और प्रदेश महासचिव संतोष कसाना के नेतृत्व में रोशनपुरा चौराहे पर इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र के दूषित पानी के मृतकों को कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि दी। रोशनपुरा चौराहे पर कैंडल मार्च के दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, पार्षद गुड्डु चौहान, पार्षद देवांशू कसाना, फरजाना खान सहित जिला महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि देकर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। संतोष कसाना ने कहा कि भाजपा सरकार की भ्रष्ट नीति के कारण इंदौर में दूषित पानी पीने से कई लोगों की जान चली गई, जिससे पूरे प्रदेश और देश में लोग व्यथित है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए।*

## जैकेट का शेष...

### राजधानी में दो ...

अचानक 4 डिग्री की गिरावट के साथ न्यूनतम पारा 6.8 डिग्री पर आ गया। 5 जनवरी को यह 6.8 डिग्री दर्ज हुआ। 6 की रात 3 डिग्री गिरकर सीजन का सबसे कम 3.8 डिग्री रहा है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री की बढ़ोतरी रही। रात का पारा 8.4 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 2 डिग्री कम है।

### 125 दिन रोजगार ...

पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है वीबी-जी रामजी जी योजना। पत्रकार-वार्ता के दौरान प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल, विश्वास सारंग, एंदल सिंह कंषाना, लखन पटेल, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस शासनकाल ...

निर्णय लेता था, लेकिन अब राज्य सरकारें भी गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास को ध्यान में रखकर कार्यों को शामिल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा में विद्यालय भवन, पुस्तकालय, कोल्ड स्टोरेज, ग्रामीण पार्किंग, सौर ऊर्जा, नवकरणीय ऊजा, जैविक खाद इकाई, बाढ़ आश्रय स्थल, आपदा में क्षतिग्रस्त संरचनाओं की मरम्मत, जल जीवन मिशन के कार्यों में सुधार एवं रखरखाव जैसे कार्य शामिल नहीं थे। नई योजना में यह सभी कार्य शामिल किए गए हैं।

### खंडेलवाल ने कहा-...

पंचायतों को परिवार का पंजीयन और रोजगार गारंटी का अधिकार दिया गया है। पंचायत और राज्य सरकार जो चाहती है वह सब काम नई योजना में हो सकेंगे। 50 प्रतिशत कार्यों को करने का अधिकार हमारी ग्राम पंचायतों को रहेगा।

### लोकसभा अध्यक्ष ...

सवाल उठाया कि क्या एक सदन में मोशन खारिज होने पर दूसरे सदन में कार्रवाई करना रोका जा सकता है। रोहतगी ने जोर देकर कहा कि कानून के अनुसार, दोनों सदनों में मोशन सही ढंग से प्रस्तुत होने के बाद ही प्रक्रिया शुरू हो सकती है, अन्यथा पूरी कार्रवाई अवैध मानी जाएगी। न्यायमूर्ति वर्मा को नई दिल्ली में उनके सरकारी आवास से जले हुए नोट मिलने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट में भेजा गया था।

### इन-हाउस जांच...

मोशन की स्वीकृति और जांच समिति द्वारा जारी नोटिस को रद्द किया जाए, क्योंकि उनका कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया असंवैधानिक और जज (जांच) अधिनियम के खिलाफ है।

### एडवोकेट अनिल ...

सकती थी। अनिल मिश्रा को 1 जनवरी की रात आंबेडकर पोस्टर जलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ग्वालियर साइबर पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें अनिल मिश्रा सहित कुल 8 लोगों को आरोपी बनाया गया था। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में इस मामले से जुड़े जुलूस निकालने और अन्य संबंधित गतिविधियों पर भी रोक लगाई है। एफआईआर को रद्द करने की मांग को लेकर एक अलग कानूनी प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर जलाने और आपत्तिजनक नारेबाजी के मामले को लेकर ग्वालियर में 2 जनवरी को जबरदस्त विरोध देखने को मिला था।

### बच्चे की फ्लाइट ...

के लिए उड़ान भरी थी। इस फ्लाइट को रात 8.10 पर बेंगलुरु पहुंचना था। उड़ान भरने के दौरान कुछ देर बाद ही फ्लाइट में मौजूद 1 साल के बच्चे की तबीयत खराब हो गई। परिजन ने तुरंत एयर होस्टेस को इसकी सूचना दी। इंदौर एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार ने बताया कि शाम 7.30 बजे के लगभग विमान पायलट ने इंदौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल से विमान की इमरजेंसी मेडिकल लैंडिंग की अनुमति मांगी। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने मेडिकल इमरजेंसी घोषित करते हुए फ्लाइट को तत्काल लैंडिंग की अनुमति दे दी।

### एयर इंडिया और ...

अन्य एयरलाइंस ने जवाब नहीं दिया। ये विवरण सीसीआई के अनुरोध पर मांगे गए हैं क्योंकि ये रुकावटों के दौरान एयरलाइंस के किराए के पैटर्न का आकलन करने में मदद कर सकते हैं। सरकारी ईमेल में एयरलाइंस से रुकावटों के दौरान प्रभावित रूटों पर किराए का डेटा भी देने को कहा गया है, ईमेल में कहा गया है।

### 2026 में भारत की ...

के पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वनिर्माण और निर्माणव क्षेत्र में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल होने का अनुमान है। सेवा क्षेत्र में जोरदार वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 में अनुमानित वास्तविक सकल मूल्य वृद्धि 7.3 प्रतिशत का एक प्रमुख चालक पाया गया। हालांकि, कृषि और उससे जुड़े हुए क्षेत्र, बिजली, गैस, जल आपूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवा क्षेत्रों में 31 मार्च को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में मध्यम वृद्धि देखने का अनुमान है।

**केंद्रीय बजट के तैयारी में उपयोग होगा डेटा:** मंत्रालय ने कहा कि नॉमिनल जीडीपी या मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 2025-26 के दौरान 8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। अग्रिम अनुमान के डेटा का उपयोग केंद्रीय बजट की तैयारी में किया जाता है, जिसे 1 फरवरी को पेश किया जाएगा।

### कोटे की छूट ली ...

बिना, सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों से बेहतर प्रदर्शन करता है तो भर्ती या नामांकन के समय उसे जनरल कैटेगरी में ही माना जाएगा। 6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक से जुड़े एक केस में अनुसूचित जाति के एक उम्मीदवार को भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के लिए अनारक्षित वर्ग की सीट पर नियुक्ति देने से इनकार कर दिया। क्योंकि, प्राथमिक परीक्षा (पीटी) के दौरान संबंधित उम्मीदवार ने अनारक्षित वर्ग को मिलने वाली छूट का लाभ उठाया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान से जुड़े एक मामले में फैसला सुनाया कि अगर अनारक्षित श्रेणी (एससी, एसटी, ओबीसी,आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) का कोई उम्मीदवार बिना आरक्षण का लाभ उठाए जनरल कैटेगरी के कट-ऑफ से ज्यादा नंबर लाता है, तो मेरिट लिस्ट में उसे सामान्य वर्ग में रखा जाएगा, न कि आरक्षित वर्ग में।

### तो, अनारक्षित श्रेणी ...

कर रहा था। जस्टिस माहेश्वरी ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि परीक्षा के एक स्टेज में आरक्षित वर्ग का लाभ उठाने के बाद वह उम्मीदवार अनारक्षित श्रेणी से मेरिट लिस्ट में आने का दावा नहीं कर सकता।

### आरक्षित श्रेणी का ...

में नहीं आ पाता तो भी वह आरक्षित वर्ग का फायदा उठाने का हकदार होगा।

## पेज 1 का शेष...

### 2040 तक अंतरिक्ष...

प्रबंधन परिषद के अध्यक्ष कुमार एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एएसआई) के 5वें सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अब से लेकर 2040 तक अंतरिक्ष गतिविधियों में कई मिशन चलाए जाने वाले हैं। 2040 तक इसरो की योजना भारतीयों को चंद्रमा पर भेजने और उन्हें सुरक्षित वापस लाने की है। भारत 2040 तक एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दिशा में भी काम कर रहा है।

### सीएम डॉ. यादव....

नत्यु खुपराव शामिल हैं।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को भोपाल के भाजपा कार्यालय में कहा कि यह हमारे लिए गिनती का विषय नहीं है। एक व्यक्ति की जान जाना भी हमारे लिए कष्टकारी है। हम इसके आंकड़े में नहीं पड़ रहे हैं। ये अलग बात है कि प्रशासन की दृष्टि से उनका अपना एक अलग तरीका होता है। पीएम कराने वाले लोगों का कुछ आंकड़ा था। हमने कहा कि कोई बात नहीं है। उस परिक्षेत्र के अंदर जब घटना घटी है तो नगर निगम के माध्यम से एक पंजीयन होता है। राहत देने के मामले में हम उस आंकड़े के बजाए सबके साथ हैं। नगर निगम के माध्यम से भी मृत्यु-पंजीयन होता है। जो भी संख्या सामने आएगी, राज्य सरकार संबंधितों के परिजन को राहत राशि देने का काम करेगी। सरकार हर पल प्रभावितों के साथ है।

### बड़ी संख्या में ...

है। स्थानीय रहवासी टैंकरों और आरओ के पानी पर निर्भर हैं। अब तक 429 लोग अस्पतालों में भर्ती हुए थे, जिनमें से मंगलवार शाम तक 330 डिस्चार्ज हो चुके हैं। बुधवार को 6 मरीज और भर्ती हुए हैं, यानी अब 105 मरीज ही एडमिट हैं।

### कलेक्टर बोले- दोबारा ....

पानी सप्लाई के साथ पाइपलाइन की टेस्टिंग की जा रही है। इसके बाद दोबारा सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हासानी के मुताबिक 61 टीमें बनाई गई थीं। इन टीमों में नर्सिंग ऑफिसर, सीएचओ, आशा और एएनएम शामिल हैं। जिन्होंने घरों में रियल टाइम सर्वे किया है। दो दिन में ये टीमें 5013 घरों तक पहुंची हैं। 24786 लोगों से संपर्क कर उन्हें उचित परामर्श दिया है। वहीं, प्रत्येक घर में दवाइयां और एक क्लीनवेट ड्रॉप भी बांटे हैं।

### खंडवा में फ्लोराइड ....

ने बताया कि किल्लौद ब्लॉक के कुछ गांवों में पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक पाई गई है। पीएचई द्वारा जांच कर दूषित जल स्त्रोतों पर लाल निशान लगाए गए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने ...

को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया। दिल्ली नगर निगम की ओर से बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा था कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या?

### कल सोसाइटी में ...

लेकिन 10 फीसदी कुत्ते रखने पर जोर देते हैं। कोई कल भैंस ला सकता है। वे कह सकते हैं कि मुझे भैंस का दूध चाहिए। ऐसा कोई प्रावधान होना चाहिए जिसके तहत गेटेड कम्युनिटी मतदान के जरिए फैसला ले सके। वकील वंदना जैन ने कहा कि हम कुत्तों के खिलाफ नहीं हैं। हमें कुत्तों के खतरे और सार्वजनिक सुरक्षा को देखना होगा। 6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी है और स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। मामले की सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी।

### स्कूलों, अस्पतालों जैसी ...

भला क्या आपत्ति हो सकती है। सिब्बल ने कहा कि एनएचएआई की तरह रेल मंत्रालय को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। कपिल सिब्बल ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि यदि कोई कुत्ता अनियंत्रित है और किसी को काट सकता है तो लोग उस सेंटर को फोन कर सकते हैं जहां कुत्ते को ले जाकर उसकी नसबंदी कराई जा सकती है और उसे वापस छोड़ा जा सकता है।

### एक ही चीज ....

मूड में है। फिर सिब्बल ने पूछा कि क्या सभी कुत्तों को शेल्टर में रखना ही समाधान है। इस पर कोर्ट की ओर से कहा गया कि हम ऐसा नहीं कह रहे हैं, लेकिन कुत्ते हर जगह सड़कों पर क्यों होने चाहिए। कोर्ट की ओर से कहा गया कि इन घटनाओं से अवगत हैं और अब एक ठोस समाधान की जरूरत है ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। इस मामले की गुरुवार को भी सुनवाई होगी।

### वीएचपी व बजरंग ...

ने बताया कि प्राथमिक जांच के बाद निर्माण स्थल को हटाने के लिए नोटिस जारी किया जा चुका है और नियमों के तहत शीघ्र ही अगली कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन मिलने के बाद विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ता सभा स्थल पर लौट गए। वहां करीब दो घंटे तक संबोधन और चर्चा के बाद महापंचायत समाप्त हो गई। बता दें कि इस कार्यक्रम से एक दिन पहले ही एसडीएम ने विवादित ढांचे को सील कर नोटिस तामील करा दिया था। यह पूरा मामला लालमन चौधरी के धर्मांतरण से जुड़ा है। उसने करीब 15 साल पहले धर्म परिवर्तन किया था। बाद में उसने अपने बेटे विजय भारती उर्फ मोहम्मद उमर (32) और रिश्ते के भतीजे दीनानाथ चौधरी उर्फ अब्दुल्ला (42, निवासी रनेही, थाना कोठी) का भी धर्मांतरण करा दिया। इनकी संदिग्ध गतिविधियां सामने आने पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3 और 5 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपियों के पास पिछले एक साल के भीतर मुंबई से 9 लाख रुपए आए हैं, जिसकी अलग से पड़ताल की जा रही है।

### एसबीआई के नाम...

ठगी का माध्यम बनाया है। विहिप कार्यकर्ताओं ने बुधवार को साइबर पुलिस से शिकायत की है। विहिप पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि दरअसल, विहिप के अलग-अलग जिलों में कई ग्रुप बने हुए हैं, जिनमें संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता जुड़े रहते हैं। इन ग्रुप्स में कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों की जानकारी साझा की जाती है। अचानक ही इन ग्रुप्स का नाम और फोटो गायब हो गए और उनकी जगह एसबीआई लिखा दिखाई देने लगा।

जब ग्रुप खोला गया तो उसमें कई संदिग्ध लिंक भी नजर आए, जिससे ठगी की आशंका और गहराई।

### कांग्रेस पार्षद के ...

और हर्ष ठाकुर के खिलाफ एनएसए (रासुका) के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया गया है, जबकि अन्य दो आरोपियों को एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### हरियाणा में जींद ....

अनुसार सुरक्षित रूप से संचालित हो सके। टेस्टिंग के दौरान ट्रेन को धीमी और मध्यम गति पर चला कर उपकरणों की कार्यक्षमता को रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा ट्रेन के पायदानों की मजबूती और ऊंचाई की भी जांच की गई। उत्तर रेलवे के अधिकारियों के अनुसार हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलाई जाने वाली इस ट्रेन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस ट्रेन को ईंधन आपूर्ति के लिए जींद में स्थापित किए गए हाइड्रोजन प्लांट को अंतिम कमीशनिंग एवं नियमित संचालन के दौरान स्थिर और निर्बाध 11 केवी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इस हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना के लिए जींद में तीन हजार किलोग्राम भंडारण क्षमता का देश का सबसे बड़ा हाइड्रोजन प्लांट स्थापित किया गया है, जो अब कमीशनिंग के अंतिम चरण में है। यह प्लांट 24 घंटे आधार पर संचालित होगा।

### भोपाल स्थित स्टार्टअप...

मॉनिटरिंग मंच (कंटीन्यूअस ग्लूकोज मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म) और एक प्रिवेंटिव ब्लड टेस्टिंग प्लेटफॉर्म शामिल हैं। भोपाल स्थित स्टार्टअप आर्वेक्स टेक्नोलॉजी दुनिया भर के उभरते स्टार्टअप्स के लिए बनाए गए मंच यूरेका पार्क में अपना प्रदर्शन कर रही है। कंपनी के संस्थापक और सीईओ शलभ भटनागर ने कहा कि यह एक बहुत बड़ा क्षण है क्योंकि हम न केवल अपनी कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, बल्कि हमें लगता है कि हम दुनिया में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आर्वेक्स टेक्नोलॉजी एक ऐसा नवाचार है जो भारत से आया है। यह सिर्फ मेड इन इंडिया नहीं है, बल्कि इनोवेटेड इन इंडिया है।

## शराब पीने के दौरान युवकों के बीच शुरू हुआ विवाद

# उज्जैन के मेला ग्राउंड में तीन गुटों के बीच हिंसक झड़प, कई लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के शिप्रा नदी के किनारे कार्तिक मेला ग्राउंड में उपद्रव देखने को मिला। यहां तीन गुटों में जमकर लाठी डंडे चले। यहां पारदी , सांठीया, कंजर और गाडोलिए समुदाय के ढेरों में विवाद हुआ है।

मामला शांत करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंचे। इस दौरान गिरने से एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। घटना में घायल लोगों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। दरअसल, शिप्रा नदी के किनारे कार्तिक मेला ग्राउंड में कई समाज के डेरे हैं। यह लोग यहां पर तंबू लगाकर रहते हैं और महाकाल मंदिर व काल भैरव मंदिर क्षेत्र में अलग-अलग प्रकार का व्यापार व्यवसाय करते हैं। कुछ लोग फेरी लगाकर धार्मिक सामग्रियां बेचते हैं।

मंगलवार शाम को करीब आधा दर्जन युवक यहां बैठकर शराब पी रहे थे। यह युवक अलग-अलग डेरे से थे। शराब पीने के दौरान आपस में इनका विवाद हो गया।

### मौके पर पहुंची पुलिस

घटना का जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी गगन बादल अपनी टीम के साथ पहुंचे। शिप्रा नदी के पास खुले मैदान में अलग-अलग समाज के लोग तंबू लगाकर रहते हैं। ये लोग माला बेचना, भिक्षावृत्ति व फेरी लगाकर काम करते हैं। यहां इनका आपस में विवाद हुआ है। दो लोगों को चोट आई है। गिरने से एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### पटना में थार ने 7 लोगों को कुचला

पटना। बिहार की राजधानी पटना में एक बेकाबू थार ने सड़क पर तांडव मचाया। बेकाबू थार ने करीब आधा दर्जन से भी ज्यादा लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने थार में आग लगा दी। वहीं जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घटना राजधानी के दानापुर के गोला रोड इलाके की है। जानकारी के अनुसार, राजधानी के दानापुर इलाके के गोला रोड में बुधवार की शाम बड़ा हादसा हो गया।

**म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
विपणन संघ
मुख्यालय : जहांगीराबाद, भोपाल
क्र./यां.शा./1718/2026 भोपाल, दिनांक : 07.01.2026

**निविदा सूचना (प्रथम अल्पावधि आमंत्रण)**

विपणन संघ द्वारा विधायक निधि अंतर्गत कृषक विश्राम शेड निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से **E-Tender** प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल **Online** प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं **दिनांक 22.01.2026 को सायं 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

| क्र. | Tender Ref.No. | कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2285 | म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ भण्डारण केन्द्र माखन नगर (बाबई) जिला नर्मदापुरम में किसान विश्राम शेड निर्माण कार्य Farmer Shed (विधायक निधि) (1st Call, Short Term Tender) | 4,92,827.00 |
| 2. | 2286 | Construction of Boundary wall at Campus of Markfed Devendranagar Distt. Panna (1st Call, Short Term Tender) | 49,24,217.00 |

**नोट :** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।
म.प्र. माध्यम/123869/2026 मुख्य अभियंता (सि.)

आवश्यकता है
खरीदना है
बेचना है
व्यापार
चिकित्सा
ज्योतिष
डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



आवश्यकता
एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास_ ग्रेजुएट लड़के _ लड़कियां( 22500_68500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड -बोनस।-9953158238.
RAI- 08,09,10, 12/01/2026

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

## शब्द पहेली - 6102



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 6101 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 6112

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6111 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## राशिफल

**मेष** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### कैश योर को मिली ईवी चार्जिंग स्टेशन की मंजूरी

**मुंबई।** कैश योर ड्राइव मार्केटिंग लिमिटेड ने ऋषिकेश नगर निगम से एक महत्वपूर्ण पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप परियोजना हासिल करने की घोषणा की है। इस परियोजना के तहत कंपनी शहर भर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों के विकास, संचालन और रखरखाव के साथ-साथ उनसे जुड़े विज्ञापन अधिकारों का भी प्रबंधन करेगी।इस परियोजना के तहत कंपनी डिज़ाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट और मेंटेन मॉडल पर 10 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी और 10 वर्षों की रियायत अवधि तक उनका संचालन करेगी।

### एसईपीसी ने किया 230 करोड़ का ऑर्डर हासिल

**चेन्नई।** एसईपीसी लिमिटेड को तीसरे वर्टिकल शाफ्ट के डिजाइन, निर्माण और कमीशनिंग के लिए भारत सरकार के उपक्रम मोईल लिमिटेड से लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस के लिए 230 करोड़ का ऑर्डर प्राप्त हुआ है। एसईपीसी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर वेंकटरमणि जयगणेश ने कहाकि एमओआईएल से मिला ।यह ऑर्डर माइनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सेगमेंट में एसईपीसी की निष्पादन क्षमताओं को सुदृढ़ करता है और सार्वजनिक क्षेत्र के ग्राहकों के निरंतर विश्वास को दर्शाता है।

### मैरिंगो सीआईएमएस ने पहली बार किया टीटीवीआर

**अहमदाबाद।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने गुजरात में पहली बार ट्रांसकैथेटर ट्राइकस्पिड वाल्व रिप्लेसमेंट (टीटीवीआर) प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम देकर चिकित्सा इतिहास रच दिया है। यह एडवान्स्ड और लाईफसेविंग प्रोसेस 61 वर्षीय महिला मरीज पर की गई, जिनके जीवन में पहले ही तीन बड़ी हार्ट सर्जरी हो चुकी थीं और जिनके लिए ट्रेडिशनल ओपन-हार्ट सर्जरी अब संभव नहीं रह गई थी। चिकित्सकों ने बताया कि एक और ओपन-हार्ट सर्जरी अत्यंत जोखिमपूर्ण और जानलेवा साबित हो सकती है।

### युवा उपभोक्ता कर रहे क्रेडिट समावेशन को सशक्त

**नई दिल्ली।** होम क्रेडिट इंडिया द्वारा हाल ही में जारी किए गए उपभोक्ता अध्ययन 'हाउ इंडिया बॉरोज़ 7.0' में, आधे से अधिक (51फीसदी) उपभोक्ता अब ऑनलाइन ऋण लेना पसंद करते हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है। जारी रिपोर्ट के सदंर्भ में होम क्रेडिट इंडिया चीफ मार्केटिंग ऑफीसर,आशीष तिवारी ने कहाकि डिजिटल उधार के प्रति यह सहजता मिलेनियल्स और जेन जी के बीच विशेष रूप से स्पष्ट है। जो सीधे मुलाक़ात की तुलना में गति, पारदर्शिता और सुविधा को प्राथमिकता देते हैं।

### आईसीआईसीआई बैंक की कैपिटल गेंस अकाउंट स्कीम

**मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक ने कैपिटल गेंस अकाउंट स्कीम को लांच करने की घोषणा की। इस स्कीम के तहत ग्राहक निर्दिष्ट पूंजीगत परिसंपत्तियों की बिक्री से प्राप्त, अभी निवेश न की गई दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ या बिक्री राशि जमा कर सकते हैं। इससे वे जमा राशि पर ब्याज कमाते हुए अधिकतम तीन वर्षों तक कर-छूट का लाभ ले सकते हैं। यह लांच भारत सरकार द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को सीजीएएस जमा संभालने के लिए अधिकृत संस्था के रूप में मंजूरी दिए जाने के बाद किया गया है।

### नेटफ्लिक्स पर लौटेगा 'सिंगल पापा' सीजन 2

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की पसंदीदा फैमिली कॉमेडी 'सिंगल पापा' अब सीजन 2 के साथ वापस आ रही है। कुणाल केमू की दमदार एक्टिंग से सजी 'सिंगल पापा' में उन्होंने गौरव गहलोत का किरदार निभाया है। यह सीरीज एक सिंगल पिता की जिंदगी को सच्चे, भावनात्मक और मनोरंजक अंदाज में दर्शाती है। इस सीरीज को ईशिता मोइत्रा और नीरज उदवानी ने बनाया और प्रोड्यूस किया है। शशांक खेतान इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं और उन्होंने हितेश केवल्या और नीरज उदवानी के साथ मिलकर इसे डायरेक्ट भी किया है।

# भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में चेंबर के ही विधान की अवहेलना

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई ) जिसमें करीब 70 से अधिक व्यापारिक संगठन जुड़े हुए हैं। तीन साल की बजाय पूरे चार साल बाद चेंबर के चुनाव का आगाज तो हुआ, लेकिन बीसीसीआई के वर्तमान चुनाव (फरवरी 2026) प्रक्रिया में विधान की अवहेलना या अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं। विसंगतियों और आरोपों के चलते चेंबर के मेंबरों ने कहा कि तानाशाही को बर्दाश्त नहीं होगी।



### चेंबर के मेंबरों ने कहा - तानाशाही बर्दाश्त नहीं होगी

**अबकी बार चेंबर के चुनाव पूर्व में हुए चुनाव के हैं विपरीत**

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स से प्रबुद्ध मेंबरों ने कहा कि अबकी बार चेंबर चुनाव जो हो रहे हैं पूर्व में हुए चुनाव के विपरीत है। विपरीत इसलिए हैं कि पूर्व महामंत्री के इशारे की चकरघन्नी बने चेंबर सचिव/चुनाव अधिकारी ने जहां नामांकन फार्म का प्रारूप बदला है तो वहीं चेंबर का विधान के मुताबिक वोटर लिस्ट जारी होने के 45 दिन के भीतर चुनाव का प्रावधान है,जो कि ऐसा नहीं हुआ।

### विधान में 31 मार्च तक के मेंबर ही वोटिंग के लिए हैं अंतर्निहित

संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रबुद्‌जनों के अनुसार चुनाव कार्यक्रम के बाद वोटर लिस्ट 5 जनवरी 2026 को डिजिटली जारी किया। जबकि विधान की नियमावली कंडिका में 6-7 में स्पष्ट उल्लेख है कि चेंबर के सदस्यों को फिजिकली वोटरलिस्ट उपलब्ध कराना आवश्यक है। तो वहीं जिस वर्ष चुनाव होना सुनिश्चित होता है तो 31 मार्च तक के मेंबरशिप ही वोटिंग के लिए अंतर्निहित होते हैं, लेकिन भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के इस चुनाव में तीन महीने पहले अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली के इस्तीफे के बाद मनमानी रवैया हावी हुआ।

### चुनावी वर्ष में वही वोटर लिस्ट मान्य ,जो 31 मार्च तक कम्पलीट हो

चेंबर से जुड़े संगठनों के प्रबुद्धों की मानें तो चुनावी वर्ष में वही वोटर लिस्ट मान्य माना जाता है जो 31 मार्च तक कम्पलीट होता है। वरिष्ठ प्रबुद्धों के अनुसार 31 मार्च के बाद बनने वाले चेंबर के मेंबर को मताधिकार प्राप्त नहीं होता है। इतना ही चुनाव प्रक्रिया के दरमियान चुनाव अधिकारी द्वारा जो वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जाता है उसमें स्पष्ट अंकित किया जाता है कि यह वोटरलिस्ट संबंधित तारीख तक की है, जो कि ऐसा नहीं है। मगर अबकी चुनाव में चेंबर के विधान के अवहेलना करते हुए चुनाव का आगाज हुआ है।




दफ्तर

### *मेंबर को संविधान की कॉपी देने से इंकार किया सचिव ने*

*चेंबर से एक मेंबर ने बताया कि चेंबर सचिव/चुनाव अधिकारी प्रदीप तिवारी से मैने चेंबर के संविधान की कॉपी मांगी तो प्रदीप तिवारी संविधान की कापी देने से इंकार दिया। जबकि विधान में स्पष्ट उल्लेख है कि संविधान की कॉपी प्राप्त करने अधिकार हर उस मेंबर को है जो चेंबर से जुड़ा हुआ है।*

## टाटा पावर रिन्यूएबल्स का ऐतिहासिक कारनामा

# एसजेवीएन के लिए की सबसे बड़ी 1 गीगावाट डीसीआर-अनुपालन सौर परियोजना पूरी की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टाटा पावर की सहायक कंपनी और भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने एसजेवीएन लिमिटेड की ऐतिहासिक 1 गीगावाट (1,000 मेगावाट एसी / 1,400 मेगावाट डीसी) डीसीआर-कम्प्लायंट सौर ऊर्जा परियोजना को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह उपलब्धि टीपीआरईएल द्वारा अब तक शुरू की गई सबसे बड़ी सौर परियोजना है और भारत के सबसे व्यापक नवीकरणीय ऊर्जा विकास कार्यों में से एक है, जो कंपनी की बेहतरीन कार्य-निष्पादन क्षमता को रेखांकित करती है।

इस परियोजना में उपयोग किए गए सभी 24 लाख मॉड्यूल्स का निर्माण तिरुनेलवेली स्थित टाटा पावर की टीपी सोलर लिमिटेड सेल और मॉड्यूल विनिर्माण इकाई में किया गया है। यह उपलब्धि 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत घरेलू विनिर्माण के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को पुख्ता करती है और स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों में भारत की आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाती है।

**कई राज्यों में स्वच्छ एवं विश्वसनीय बिजली पहुंचाने के लिए किया डिजाइन**




राजस्थान के बीकानेर में बंदरवाला और करणीसर भाटियान स्थलों पर फैली यह परियोजना, इसके विशाल पैमाने को दर्शाती है और इसे कई राज्यों में स्वच्छ एवं विश्वसनीय बिजली पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी कुल क्षमता प्रमुख राज्य उपयोगिताओं को आवंटित की गई है। जिसमें राजस्थान ऊर्जा विकास और आईटी सर्विसेज लिमिटेड को 500 मेगावाट, जम्मू और कश्मीर पावर लिमिटेड को 300 मेगावाट और उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 200 मेगावाट बिजली दी जाएगी। इससे राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

### पहले वर्ष में करीब 2,454.84 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन की उम्मीद

इस परियोजना की क्षमता को प्रमुख राज्य उपयोगिताओं की सेवा के लिए आवंटित किया गया है, जिसमें राजस्थान ऊर्जा विकास और आईटी सर्विसेज लिमिटेड को 500 मेगावाट, जम्मू और कश्मीर पावर लिमिटेड को 300 मेगावाट, और उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 200 मेगावाट बिजली दी जाएगी। अपने संचालन के पहले वर्ष में इस परियोजना से लगभग 2,454.84 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन होने की उम्मीद है, जिससे करीब 17.4 लाख टन सीओ2 उत्सर्जन कम होगा। वर्तमान में टाटा पावर की अपनी 5.8 गीगावाट क्षमता परिचालन में है, जिसमें 4.7 गीगावाट सौर और 1.1 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। इसके अतिरिक्त, 5.8 गीगावाट क्षमता कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है, जो 3 गीगावाट सौर और 2.8 गीगावाट पवन परियोजनाओं के बीच समान रूप से विभाजित है।

## टीजीडीडीसीएफ हैदराबाद दल ने एमपीसीडएफ भोपाल का किया दौरा

# सांची डेयरी में ईआरपी प्रणाली सफलतापूर्वक लागू करने की तकनीकी विधि को समझा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल के प्रबंध संचालक (एमडी) डॉ. संजय गोवाणी से तेलंगाना डेयरी डेवलपमेंट कोआपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (टीजीडीडीसीएफ), हैदराबाद के चेयरमैन गुथा अमित कुमार रेड्डी और प्रबंध संचालक (एमडी) के. चंद्रशेखर रेड्डी (आईएएस) ने महासंघ भोपाल मुख्यालय पर अपने दल के साथ भेंट की। इस अवसर पर एमपीसीडीएफ प्रबंध संचालक और एनडीडीबी के आईटी प्रमुख ए.व्ही. रामचंद्र कुमार ने स्वागत किया। टीजीडीडीसीएफ दल ने सांची डेयरी में कम समय में एनडी-ईआरपी प्रणाली सफलतापूर्वक लागू करने की तकनीकी विधि को विस्तार से समझा तथा सांची परिवार को धन्यवाद भी दिया है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल मध्यप्रदेश के बीच सहकार्यरता अनुबंध के बाद 9 माह की कम अवधि में भी आईटी सुदृढ़ीकरण करके एनडी-ईआरपी (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड डेयरी ईआरपी) प्रणाली को एमपीसीडीएफ सहित संबद्ध सहकारी दुग्ध संघों में सफलता पूर्वक सांची डेयरी में लागू किया। सांची में ईआरपी संचालन को और अधिक कुशल बनाया है, बल्कि पूरे राज्य में डेयरी क्षेत्र के डिजिटलीकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत कर रही है।



हैदराबाद का दल

### *डिजिटल इंडिया के लक्ष्य का ठोस कदम*

*इस अवसर पर राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के आईटी प्रमुख ने एनडी-ईआरपी प्रणाली के सफल कार्यान्वयन से होने वाले प्रमुख लाभ के बारे में टीजीडीडीसीएफ दल को उपयोगिता के बारे में बताया कि एनडी-ईआरपी प्रणाली रीयल-टाइम डेटा विश्लेषण और निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि करता है, खरीद, उत्पादन, वितरण और लेखा जैसे विभागों का एकीकृत प्रबंधन को बनाए रखता है, इसके संचालन में पारदर्शिता और समय की बचत होती है, उत्पादकता और जवाबदेही में सुधार हुआ है तथा डिजिटल इंडिया के लक्ष्य की ओर एक और ठोस कदम भी माना जा रहा है।*

### *एंड टू एंड डिजीटाइजेशन की सार्थक पहल*

*इस अवसर पर एमपीसीडीएफ भोपाल के प्रबंध संचालक ने टीजीडीडीसीएफ दल को बताया कि एमपीसीडीएफ तथा सहकारी दुग्ध संघों की गतिविधियों के एंड टू एंड डिजीटाईजेशन की ओर कदम बढ़ाते हुए ईआरपी का सफल क्रियान्वयन एक सार्थक कदम है।*

# एसबीआई लेडीज क्लब ने 100 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय स्टेट बैंक लेडीज क्लब ने एक बार फिर मानवता की मिसाल कायम की। भोपाल मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक–1 एवं आसपास के स्थानों पर लेडीज क्लब द्वारा 100 जरूरतमंदों को कंबल एवं भोजन के पैकेट वितरित किए गए। इस सेवा अभियान में लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती श्रद्धांजलि सुबुद्धि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उनके नेतृत्व में क्लब की सभी मेम्बर्स ने पूरे समर्पण, स्नेह और संवेदनशीलता के साथ इस सेवा कार्य को पूरा किया। ठंड से कांपते जरूरतमंदों के चेहरों पर कंबल ओढ़ाते ही जो मुस्कान उभरी, वह इस सामाजिक पहल की सार्थकता को स्वयं बयान कर रही थी।



सहायता

कार्यक्रम के दौरान स्टेशन परिसर सेवा, सहयोग और सहानुभूति के भाव से सराबोर रहा। एसबीआई लेडीज क्लब भोपाल की यह पहल समाज के प्रति बैंक परिवार की संवेदनशील सोच, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लेडीज क्लब का यह सेवा अभियान न केवल जरूरतमंदों को ठंड से राहत देने वाला साबित हुआ, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को मानवता, करुणा और सहभागिता का सशक्त संदेश भी दे गया।

# आय छिपाने पर 3 साल बाद भी नोटिस, परंतु आय से कोई संपत्ति नहीं बनाई तो नोटिस गलत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आयकर की धारा 148 ए के अंतर्गत 50 लाख से ज्यादा की आय छिपाने पर 3 साल बाद नोटिस दिया जा सकता है परंतु अगर उस आय से कोई संपत्ति नहीं बनाई गई है तो नोटिस नहीं दिया जा सकता।

यह बात वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट अंशुल अग्रवाल ने टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा सदस्यों के लिए आयोजित की गई कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि निर्धारित सीमा से अधिक आय से संपत्ति या बैंक डिपॉजिट बनाना आवश्यक है नहीं तो दिया गया नोटिस गलत होगा। उन्होंने बताया कि आयकर में कोई भी सूचना पत्र मिलने पर सर्वप्रथम यह देखना चाहिए कि वह नियमानुसार है या नहीं एवं उसे जारी करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लेना अगर आवश्यक है तो वह अनुमति ली गई है या नहीं। किसी व्यक्ति द्वारा अपनी आय कम दिखाकर विवरणी प्रस्तुत की गई है एवं उसका कर निर्धारण हो गया है तो अगर वह निर्धारित कर एवं ब्याज की राशि का भुगतान कर देता है तो फार्म 68 भरने के बाद पेनल्टी के भुगतान से बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि ऑनलाइन कार्यवाही में विभाग द्वारा किसी तीसरे पक्ष के सबूत पर कर लगाया जा रहा है तो उस व्यक्ति का प्रति परीक्षण मांगना चाहिए और अगर विभाग द्वारा यह नहीं दिया गया तो ऐसा आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन होगा । इस कार्यशाला में संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य , उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल , सचिव मनोज पारख, सहसचिव संदीप चौहान, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य संजय वर्मा, राजेश जैन, गोविंद वसंता उपस्थित रहे।




कार्यशाला

## मप्र में हुई 9 महीने में 16,93,554 वाहनों की बिक्री

# फाडा मप्र अध्यक्ष आशीष बोले बिक्री में हुई 10.81 फीसदी की वृद्धि

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने मध्य प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025 अप्रैल से दिसंबर 2025 तक हुए वाहन की खुदरा बिक्री आंकड़े जारी किए। फाडा मध्यप्रदेश अध्यक्ष आशीष पांडे ने बताया कि 9 महीने में मध्यप्रदेश में वाहनों की बिक्री प्रदर्शन काफी बेहतर रहा।



आशीष पांडे

उन्होंने बताया कि गत वर्ष 2024 की अपेक्षा इस वित्तीय वर्ष के 9 महीने में 10.81 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के वित्तीय वर्ष से दिसंबर तक 66905 टू व्हीलर्स और 3987 थ्री व्हीलर्स वाहनों की बिक्री हुई थी। जो चालू वित्त वर्ष 2025 में दिसंबर 2025 तक 66279 टू व्हीलर्स और 4418 थ्री व्हीलर्स वाहनों की बिक्री भोपाल सहित समूचे प्रदेश में हुई। फाडा अध्यक्ष आशीष पांडे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025 के 9 महीनों में हुई श्रेणीवार वाहनों की बिक्री की बात करें तो भोपाल सहित मध्यप्रदेश में 12,67,865 टू व्हीलर्स, 55,311 थ्री व्हीलर्स, 38,489 कॉमर्शियल व्हीकल, 3,226 कॉमर्शियल इलेक्ट्रिक व्हीकल, 2,08,569 पैसेंजर व्हीकल्स और 1,20,094 ट्रैक्ड व्हीकल्स की बिक्री हुई। अतः कुल मिलाकर 9 महीनों में कुल 16,93,554 वाहनों की बिक्री हुई।



## बिजनेस न्यूज

### कैनपाल के बैनर तले केनरा बैंक ऑफिसर्स एसो. का कंबल वितरण अभियान



**भोपाल।** सेवा जब संकल्प बन जाए, तो हर मौसम में ठंड भी हार मान लेती है। कैनपाल के बैनर तले, केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव के. रवि कुमार के मार्गदर्शन एवं सीबीओए के वाइस प्रेसिडेंट केके त्रिपाठी जी के नेतृत्व में सीबीओए के समर्पित अधिकारियों द्वारा ग्राम टांडा और सेहत गढ़ में कंबल वितरण का पुनीत कार्य संपन्न हुआ। सीबीओए की महिला शक्ति ने कदम से कदम मिलाकर मानवता की इस अलख को और मजबूत किया। यह केवल कंबल वितरण नहीं था, यह संवेदनाओं की गर्माहट थी, जो समाज के हर जरूरत मंद तक पहुंचती है। सीबीओए का यह प्रयास यह सिखाता है कि जब नेतृत्व सही हो और इरादे नेक हों, तो सेवा केवल कार्य नहीं, एक प्रेरणा बन जाती है। इस मानव कल्याण कार्य में ग्राम टांडा की लक्ष्मी मैडम, सीबीओए की महिला शक्ति से प्रियंका शर्मा, आयुषी मालवीय, परिणीता केसरी, रवीना मिश्रा, कमलेश नामदेव,पुष्कर पांडे, अमित अग्रवाल, पीयूष शर्मा, संकेत साहू, सुरेन्द्र राजपूत तथा मनीष चतुर्वेदी उपस्थित थे।

### सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी के साथ एचडीएफसी बैंक ने की स्मार्टगेटवे में इंटीग्रेट करने की घोषणा

**भोपाल।** एचडीएफसी बैंक ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी, डिजिटल रुपया को अपने ऑनलाइन मर्चेंट पेमेंट प्लेटफॉर्म, स्मार्टगेटवे में इंटीग्रेट करने की घोषणा की है। यह इंटीग्रेशन मर्चेंट को एचडीएफसी बैंक चेकआउट इकोसिस्टम के अंदर ग्राहकों को एक सुरक्षित, बिना किसी लागत वाला और सरकार समर्थित डिजिटल पेमेंट ऑप्शन देने में सक्षम बनाता है। इस सुधार के साथ, स्मार्टगेटवे मर्चेंट अब यूपीआई, कार्ड और नेट बैंकिंग जैसे मौजूदा पेमेंट तरीकों के साथ-साथ डिजिटल रुपए के जरिए बिना किसी ट्रांजेक्शन लागत के पेमेंट स्वीकार कर सकते हैं। ग्राहकों को एक आसान डिजिटल पेमेंट अनुभव का फायदा मिलता है जो तुरंत और सुरक्षित दोनों है। एचडीएफसी बैंक दिसंबर 2025 तक उन पायलट बैंकों में से एक है जो लगभग 8.45 लाख रजिस्टर्ड सीबीडीसी वॉलेट को सर्विस दे रहा है, हर महीने 13,000-15,000 नए वॉलेट जोड़े जा रहे हैं।

### सोनालीका ने की सर्वाधिक 12,392 ट्रैक्टर बिक्री



**नई दिल्ली।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वर्ष 2025 का शानदार समापन करते हुए दिसंबर की अब तक की सर्वाधिक कुल 12,392 ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की है। यह नया रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन एक ऐतिहासिक वर्ष का बेहतरीन समापन है जो कंपनी द्वारा उन्नत प्रदर्शन और नए मुकाम से भरा रहा। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहाकि दिसंबर में 12,392 ट्रैक्टरों की रिकॉर्ड बिक्री, विभिन्न कृषि परिस्थितियों में हमारे हैवी-ड्यूटी ट्रैक्टरों द्वारा दम प्रदान करने पर हमारे निरंतर फोकस को दर्शाती है।

### लॉर्ड्स मार्क 153 यूएस एफडीए-लिस्टेड उत्पादों के साथ पहली भारतीय कंपनियों में शामिल



**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 153 ऑर्थोसर्जिकल प्रोडक्ट्स के लिए यूएस एफडीए रजिस्ट्रेशन हासिल करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ऐसा करने वाली यह भारत की पहली कंपनियों में से एक है, जिसने भारतीय मेडिकल डिवाइस बनाने वाली कंपनियों के लिए एक नया बेंचमार्क सेट किया है। सभी ऑर्थोसर्जिकल प्रोडक्ट्स लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ के विश्व स्तर पर अलाइन मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम में बनाए जाते हैं, जिसे रेगुलेटरी कम्प्लायंस के उच्चतम मानकों को पूरा करने के लिए बनाया गया है।

### सैमसंग ने सीईएस 2026 के दौरान 'द फर्स्ट लुक' में 'योर कंपैनियन टू एआई लिविंग' को पेश किया

**गुरुग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज विन-लास वेगास के लाटूर बॉलरूम में आयोजित अपने सीईएस 2026 इवेंट द फर्स्ट लुक में 'कंपैनियन टू एआई लिविंग' विज़न का अनावरण किया। इस इवेंट का मुख्य फोकस एआई पर था, जोकि सैमसंग के दर्शन के अनुरूप है जो कंपनी के आरएंडडी, उत्पाद विकास, परिचालन और यूजर अनुभव को जोड़ने वाली नींव है। टीएम रोह, सीईओ और सैमसंग के डिवाइस एक्सपीरियंस (डीएक्स) डिवीजन के प्रमुख, ने द फर्स्ट लुक' की शुरुआत कंपनी के एआई लीडरशिप की जानकारी देकर की।

### एमवे ने दिया होम डिलीवरी के अनुभव को नया आकार

**नई दिल्ली।** एमवे इंडिया ने अपनी होम डिलीवरी सेवाओं में बड़े सुधारों की जानकारी साझा की। ये अपग्रेड कंपनी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके तहत पूरे देश में डिस्ट्रीब्यूटर्स और उनके ग्राहकों को तेज, भरोसेमंद और सहज ऑर्डरिंग अनुभव मिल सके। पिछले पांच सालों में एमवे ने अपनी होम डिलीवरी क्षमताओं को काफी मजबूत किया है। डिलीवरी की स्पीड में बड़ा सुधार हुआ है डिलीवरी का समय 48 फीसदी घटाकर 3.1 दिन से सिर्फ 1.6 दिन कर दिया गया है, और नेक्स्ट-डे डिलीवरी 29 फीसदी से बढ़कर 55 फीसदी से ज़्यादा हो गई है। जो अब भारत के 90 फीसदी से ज्यादा पिनकोड्स तक पहुंच गया है ,8,000 से बढ़कर 17,500 से अधिक। ये उपलब्धियां एमवे की उस अटल प्रतिबद्धता को दिखाती हैं। एमवे इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर राजनीश चोपड़ा ने कहाकि डिस्ट्रीब्यूटर्स और ग्राहक हमारी रणनीति के केंद्र में हैं और हम होम डिलीवरी को एक रणनीतिक स्तंभ के रूप में विकसित कर रहे हैं जो बेहतर सेवा, प्रोडक्ट एक्सेस में सुधार और पूरे भारत में सहज अनुभव उपलब्ध करवाता है।

# एमजी विंडसर बनी देश में सबसे अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया की एमजी विंडसर साल 2025 में भारत की सबसे अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार बन गई है।

एमजी विंडसर ने ऑटोमोटिव बाजार में काफी मजबूत मूल्य प्रस्ताव पेश किया है तथा यह अपने सेगमेंट में मार्केट लीडर के रूप में स्थापित हो गई है। साल 2025 में इस कार की 46,735 यूनिटें बिकी हैं। एमजी विंडसर ने सफलता का एक ऐसा मानक स्थापित कर दिया है, जो इससे पहले भारत के इलेक्ट्रिक कार बाजार में अभी तक कोई भी ऑटो निर्माता कंपनी हासिल नहीं कर पाई है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग महरोत्रा ने कहाकि विंडसर आधुनिक समय का एक बेहतरीन ऑटोमोटिव चमत्कार है, जिसकी टेक्नोलॉजी तथा व्यवहारिक और भविष्य पर केंद्रित डिजाईन ने इलेक्ट्रिक कारों के सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं। इसने इलेक्ट्रिक कारों की खरीद को बढ़ाने में बहुमूल्य योगदान दिया है। शंका के कारण इलेक्ट्रिक कार खरीदने में विलंब कर रहे लोगों ने विश्वास के साथ यह कार खरीदी है। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने साल 2025 में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

**कार्यालय नगर पंचायत भटगांव, जिला - सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ. ग.)**
EmailID :- cmonpbhatgaon01@gmail.com

क्रमांक/953 /न.पं.भ. /लो.नि.वि./2025-26 **E-Procurement Tender Notice (3rd Call)** भटगांव, दिनांक 06/01/2026

एतद् द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| Sl. No. | SYSTEM TENDER NO: | Description | EMD/Cost of Tender Form/TDR/FDR |
|---|---|---|---|
| 1 | 182939 | Desion Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Wark Including 05 Years of operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Bhatgaon under SBM 2.0 | Rs. 205.07 LAC Rs. 150000 /- |

उपरोक्त कार्य के सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in परं देखी जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

चिंतन

# वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में हिंदू छात्रों की उपेक्षा क्यों

हिंदू छात्रों के विरोध और शिकायतों के बाद राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी। विवाद की शुरुआत तब हुई, जब कॉलेज में दाखिला लेने वाले पहले बैच में 50 छात्रों में 42 मुस्लिम समुदाय से थे, जबकि हिंदू छात्रों की संख्या सिर्फ 7 और 1 सिख छात्र शामिल थे। इसको लेकर हिंदू संगठनों ने विरोध किया और आरोप लगाया कि कॉलेज में हिंदू छात्रों की उपेक्षा क्यों की जा रही है। हिंदू संगठनों का कहना था कि चूंकि यह कॉलेज माता वैष्णो देवी के भक्तों के चढ़ावे से संचालित होता है, इसलिए श्राइन बोर्ड के फंड का गलत इस्तेमाल हो रहा है। कॉलेज श्राइन बोर्ड की जमीन पर ही बना है और ज्यादातर फंडिंग हिंदू भक्तों के चढ़ावे से आती है। हिंदू तीर्थयात्रियों की आस्था से जुड़े पैसे का इसमें इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन सीटें ज्यादातर एक खास समुदाय को मिल गईं। ये हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है और भेदभाव जैसा लगता है। सवाल उठता है कि हिंदू धर्म के संगठनों के पैसे का इस तरह उपयोग कितना जायज है। बता दें कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जम्मू-कश्मीर में मुस्लिम आबादी 68.3%, हिंदू 28.44%, सिख 1.87%, बौद्ध 0.90% और ईसाई 0.28% है। इस तरह देखा जाए जो हिंदू यहां अल्पसंख्यक हैं, लेकिन यह सब कुछ होते हुए भी 50 में सिर्फ 7 सीटें हिंदू छात्रों को मिलना कहां का न्याय है। हालांकि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने मान्यता रद्द करने के पीछे कई कारण गिनाए हैं। इनमें बुनियादी ढांचे की कमी, शिक्षकों की कमी, मरीजों की कम संख्या और न्यूनतम मानकों के गंभीर उल्लंघन शामिल है। अब मौजूदा एमबीबीएस छात्रों को अन्य मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा। श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति, जिसमें 60 सामाजिक और दक्षिणपंथी संगठन शामिल हैं, ने पहले दाखिला सूची रद्द करने की मांग की थी। जब यह संभव नहीं हुआ, तो उन्होंने कॉलेज बंद करने पर जोर दिया। समिति का तर्क था कि माता वैष्णो देवी श्राइन के चढ़ावे से मिलने वाले लाभ मुख्य रूप से हिंदुओं को ही मिलने चाहिए। मेडिकल कॉलेज ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में 5 दिसंबर और 19 दिसंबर, 2024 को एक पब्लिक नोटिस के तहत नया एमबीबीएस प्रोग्राम शुरू करने के लिए आवेदन किया था। इसके बाद संस्थान को 2025-26 एकेडमिक सत्र के लिए 50 एमबीबीएस छात्रों को एडमिशन देने की मंजूरी मिली थी और इसी के बाद मुस्लिम छात्रों के एडमिशन को लेकर विवाद शुरू हो गया था। भाजपा ने भी इसका समर्थन किया था और उपराज्यपाल से एडमिशन रिव्यू की मांग की थी। हिन्दू संगठन ने कहा था कि कॉलेज को हिंदू माइनॉरिटी स्टेटस मिले या नई मेरिट से दाखिले हों। हालांकि कॉलेज के अधिकारियों और राज्य के मुख्यमंत्री सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दाखिला पूरी तरह मेरिट के आधार पर हुआ है। धर्म से इसका कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन विरोध करने वाले इसे आस्था और फंडिंग के दुरुपयोग का मामला मानते रहे। यही वजह थी कि महीनों तक ये विवाद गरमाया रहा और अब इस कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी गई। अब कॉलेज के छात्रों को जम्मू-कश्मीर के अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। समायोजन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, जिससे छात्रों को कोई नुकसान नहीं होगा।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

# ट्रंप की बेलगामी और यूएन की लाचारी

> वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया फ्लोरेस का अमेरिका द्वारा किए अपहरण और गिरफ्तारी का घटनाक्रम आजकल चर्चा में है। वेनेजुएला के पक्ष में आवाज उठाने वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक भी हुई, जिसमें अमेरिका ने अपना पक्ष रखा और अपने तानाशाही रवैये को जायज ठहराया। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस सैन्य कार्यवाही को सीधे-सीधे दादागिरी बताया। रूस ने भी आपत्ति जताई है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताने के अलावा अमेरिका के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य में लाचार नजर आए।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया फ्लोरेस का अमेरिका द्वारा किए अपहरण और गिरफ्तारी ने महाकवि तुलसीदास की इस कहावत 'समरथ को नहीं दोष गुसाईं' को चरितार्थ कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप चाहे जिन कुतर्कों को तर्क बताकर अपने हठ को सच बताते रहें, वास्तविकता यही है कि इस कार्यवाही को किसी भी कानून के परिप्रेक्ष्य में तर्कसम्मत नहीं ठहराया जा सकता है? वेनेजुएला के पक्ष में आवाज उठाने वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक भी हुई, जिसमें अमेरिका ने अपना पक्ष रखा और अपने तानाशाही रवैये को जायज ठहराया। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस सैन्य कार्यवाही को सीधे-सीधे दादागिरी बताया।

रूस ने भी आपत्ति जताई है, लेकिन बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताने के अलावा अमेरिका के विरुद्ध कोई भी कड़ी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य में लाचार नजर आए। गुटेरस ने कहा कि यह इस कार्यवाही में अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नियमों का पालन नहीं किया गया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता एवं राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल का प्रयोग नहीं किया जा सकता है, किंतु इसकी अनदेखी की गई। वेनेजुएला के प्रतिनिधि ने अमेरिका द्वारा किए इस हमले को अपने देश के प्राकृतिक संसाधनों और तेल को प्राप्त करना बताया। ऐसी ही रूस, चीन, मैक्सिको, क्यूबा और कई देशों ने अमेरिका की कड़ी आलोचना की, किंतु अमेरिका के मित्र देश उसके साथ खड़े दिखाई दिए हैं। दुनिया के तेल भंडार का 18.17 प्रतिशत तेल अर्थात 303 अरब बैरल तेल और दुर्लभ खनिज के भंडार वेनेजुएला की धरती में समाए हुए हैं, किंतु उसके पास कच्चे तेल को शोधन करने के तकनीकि संसाधन नहीं हैं। इसलिए इस तेल को ईंधन में नहीं बदल पा रहा है। इस तेल को शोधन के लिए जब मादुरो ने चीन से तेल और रूस से हथियार खरीदने की नीति को अंजाम दिया तो ट्रंप की नाराजगी बढ़ गई और मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया का अपहरण कर लिया। इस अपहरण की घटनाक्रम को लेकर मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा ने कहा है कि इतिहास बताएगा कि हमारे भीतर के लोगों ने किस तरह से गद्दारी करते यह राष्ट्रघात किया? मीडिया द्वारा ऐसी जानकारियां सामने लाई गई हैं कि वेनेजुएला सरकार में काम कर रहे लोगों ने ही उपहारों के लालच में आकर अमेरिकी सेना को राष्ट्रपति मादुरो के आवास तक पहुंचाने में मदद की है। हालांकि अमेरिका ने वेनेजुएला पर अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी करने का हवाला देकर इस सैन्य कार्यवाही को जायज ठहराया है। मादुरो को अमेरिकी कानून केर-फ्रिस्बी के तहत पकड़ा गया है। यह कानून अमेरिकी संविधान के अनुच्छेद-2 के तहत राष्ट्रपति को गैर-कानूनी तरीकों से ऐसे लोगों और भगोड़ों को पकड़ने की अनुमति देता है, जो अमेरिका को किसी प्रकार से नुकसान पहुंचा रहे हों। इसमें प्रावधान है कि गिरफ्तारी का तरीका कितना भी गैर-कानूनी हो, एक बार अमेरिका में लाने के बाद अमेरिकी अदालत में मामला चलाया जा सकता है। इसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। मादुरो पर मादक पदार्थ तस्करी के आपराधिक मामले अमेरिका में दर्ज हैं। इनमें कम से कम 20 साल



की सजा से लेकर आजीवन कारावास हो सकता है। अमेरिका ऐसा दुस्साहस 1990 में पनामा के तानाशाह मैनुअल नोरिएगा को गिरफ्तार करके दिखा चुका है। इन्हें अमेरिकी अदालत ने 40 साल की सजा सुनाई थी, किंतु 2011 में रिहा कर दिया गया था। यदि मादुरो को सजा सुनाई जाती है तो ट्रंप के राष्ट्रपति नहीं रहने के बाद कोई दूसरा राष्ट्रपति मादुरो को क्षमादान दे सकता है। खुद ट्रंप होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति हर्नांडेज को 2025 में माफी दे चुके हैं। अमेरिका कभी मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी का बहाना ढूंढकर अपने शत्रु राष्ट्रों के मुखियाओं को सबक सिखाता रहा है। 2003 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश सरकार ने इराक पर जैविक और रासायनिक हथियार होने का दावा कर ईराक को नेस्तनाबूद कर दिया था। वहां के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को भी अपदस्थ कर दिया था। इन हस्तक्षेपों के चलते आज भी इन देशों में गृहयुद्ध एवं अस्थिरता के हालात बने हुए हैं। यही हश्र अब वेनेजुएला का होना निश्चित है। अमेरिका के सरकारी शोध संस्थान कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की रिपोर्ट के अनुसार 1798 से लेकर अब तक अमेरिका 469 सैन्य हस्तक्षेप दुनिया में इसलिए कर चुका है, जिससे उसे महाशक्ति माना जाता रहे। दुनिया में लगातार ऐसे हालातों की निर्मिति सामने आने के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की कार्य-संस्कृति लाचार बनी हुई है। उस पर निरंतर प्रश्न-चिन्ह उठ रहे हैं। अतएव यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में महत्वहीन होती चली जाएगी और फिर इसके सदस्य देशों को इसकी जरूरत ही नहीं रह जाएगी। भारत जैसे देश को संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता से बाहर रखते हुए इस संस्था ने जता दिया है कि वहां चंद अलोकतांत्रिक या तानाशाह की भूमिका में आ चुके देशों की ही तूती बोलती है।

इसकी निष्पक्षता भी संदिग्ध है, इसीलिए वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र ताकतवर देशों की मनमानी रोकने, शांति स्थापित करने और आतंकी संगठनों पर लगाम लगाने में नाकाम रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद शांतिप्रिय देशों के संगठन के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गठन हुआ था। इसका अहम मकसद भविष्य की पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका और आतंकवाद से सुरक्षित रखना था। इसके सदस्य देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन को स्थायी सदस्यता प्राप्त है। भारत का ऑपरेशन सिंदूर समेत तीन बार पाकिस्तान और एक बार चीन से युद्ध हो चुका है। इराक और अफगानिस्तान, अमेरिका और रूस के जबरन दखल के चलते युद्ध की ऐसी विभीषिका के शिकार हुए कि आज तक उबर नहीं पाए हैं। रूस और यूक्रेन तथा इजराइल एवं फिलिस्तीन के बीच युद्ध एक नहीं टूटने वाली कड़ी बन गया है। अनेक इस्लामिक देश गृह-कलह से जूझ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, यूनिसेफ और शांति सेना जैसे संगठन काम करते हैं। चंद देशों की ताकत के आगे ये संगठन नतमस्तक होते दिखाई देते हैं, इसीलिए शांति सेना की विश्व में बढ़ते सैनिक संघर्षों के बीच कोई निर्णायक भूमिका दिखाई नहीं दे रही है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक संगठन जी-20, जी-8, आसियान और ओपेक जैसे संगठन विभाजित दुनिया के क्रम में लाचारी का अनुभव कर रहे हैं। अमेरिका व अन्य यूरोपीय देशों द्वारा इन्हें दी जाने वाली आर्थिक मदद में कटौती कर दिए जाने के कारण भी इनका भविष्य संकट में है। इन सब खतरों के चलते इस वैश्विक मंच की विश्वसनीयता संकट में है, लिहाजा इसमें पर्याप्त सुधारों की तत्काल जरूरत तो है ही, वेनेजुएला के परिप्रेक्ष्य में कुछ ऐसा करना जरूरी है, जिससे इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा के प्रति सदस्य देशों में विश्वास पैदा करे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्त्री चेतना का मुखर स्वर बनीं कथाकार आशापूर्णा देवी

साहित्य समाज का दर्पण कहा जाता है। साहित्य, सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में सकारात्मक बदलाव का पुख्ता धरातल भी बनाता है। स्त्री जीवन से जुड़े यथार्थ को उकेरने वाले कथानक परिवेशगत परिवर्तन के इस पक्ष पर सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। महिलाओं के सशक्त व्यक्तित्व, संघर्षशील विचार और व्यावहारिक जीवन से जुड़ी उलझनों को सहजता से शब्दों में ढालने वाली बांग्ला कथाकार व कवयित्री आशापूर्णा देवी ने नारी जीवन से जुड़ी इन्हीं मार्मिक बातों-हालातों को अपनी साहित्यिक यात्रा का हिस्सा बनाया। प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाली देश की इस पहली महिला साहित्यकार ने अपनी रचनाओं में पारिवारिक जीवन की समस्याओं से लेकर सामाजिक परिवेश की कुंठा, स्वार्थ, दमनकारी सोच और स्त्रीमन के संवेदनात्मक पहलुओं तक का अत्यंत पैनेपन के साथ चित्रण किया है।असल में उनका रचनाकर्म बिना लाग-लपेट के महिलाओं के उत्पीड़न और समाज एवं परिवार की कटु हकीकत से मिलवाने वाली रूपरेखा लिए है। यही वजह है कि बेबाकी से कलम चलाने वाली आशापूर्णा देवी का उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान सदैव स्मरणीय है। अपनों के बीच भी उनके महिला चरित्रों की असहजता, अधिकारों की लड़ाई और संघर्षपूर्ण दिनों में मुखर भूमिका निभाने से जुड़ी सृजनशीलता ने कई पुरस्कार भी उनकी झोली में डाले। उनकी कृति 'प्रथम प्रतिश्रुति' के लिए 1976 में उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी वर्ष भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्म श्री से भी



नवाजा गया।ध्यातव्य है कि दूरदर्शन पर 'प्रथम प्रतिश्रुति' नामक टीवी कार्यक्रम भी प्रसारित हुआ था। विश्वभारती विश्वविद्यालय ने 1989 में उनको 'देशिकोत्तम से सम्मानित किया था। साथ ही 1994 में साहित्य अकादमी द्वारा भी आशापूर्णा देवी को साहित्य अकादमी फेलोशिप के रूप में अपना सर्वोच्च सम्मान दिया गया। ज्ञात हो कि उनके रचना संसार में लगभग 225 कृतियां शामिल हैं। प्रथम प्रतिश्रुति के बाद उनके दो अन्य उपन्यास, 'सुवर्णलता' और 'बकुल कथा' भी बहुत अधिक चर्चित रहे हैं। तीन पीढ़ियों की कहानी कहती इस त्रयी 'प्रथम प्रतिश्रुति, सुवर्णलता और बकुल कथा के माध्यम में उन्होंने बांग्ला साहित्य में एक अमिट छाप छोड़ी। इतना ही नहीं, उनकी रचनाओं का अनुवाद हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, असमिया, कन्नड़, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी और संस्कृत जैसी कई अन्य भारतीय भाषाओं भी हुआ है। साथ ही अंग्रेज़ी सहित बहुत सी विदेशी भाषाओं में भी उनकी कृतियों का अनुवाद किया गया है। 8 जनवरी 1909 को उत्तरी कलकत्ता में जन्मी आशापूर्णा देवी को उनकी सात दशक से अधिक की साहित्यिक यात्रा में सामाजिक समानता और घर-परिवार में बुनियादी बदलाव लाने वाले स्त्री चेतना के स्वर को बल देने वाली रचनाकार माना जाता है। समझना आवश्यक है कि आशापूर्णा देवी के रचना संसार के स्त्री चरित्र ही नहीं उनका व्यक्तिगत संघर्ष भी आम स्त्रियों के लिए प्रेरणादायी है। उनके अथक संघर्ष और अनवरत सृजन की यात्रा महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन रण में डटे रहने की सीख देते हैं।

गौरतलब है कि उस दौर के एक रूढ़िवादी बंगाली परिवार में जन्मी आशापूर्णा देवी की कोई औपचारिक शिक्षा भी नहीं हुई। विवाह के बाद अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने साहित्य साधना की। दूरदर्शन को दिए गए एक साक्षात्कार में आशापूर्णा देवी ने कहा था कि 'मेरे लिए गृहस्थी मेरी धरती है और साहित्य सृजन मन का आकाश। मेरी दृष्टि आकाश पर लगी रही जबकि पैर धरती पर रहे। मैंने कभी गृहस्थी और साहित्य को एक-दूसरे का पूरक या प्रतिस्पर्धी नहीं माना। मेरे लिए दोनों मेरे लिए समानांतर रहे।' इसी संतुलित सोच के साथ जिम्मेदारियों को निभाते हुए उनकी कलम ने दैनिक जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं के माध्यम से स्त्रीमन की घुटन को पन्नों पर उतारा। पारिवारिक ढांचे में मौजूद पीढ़ियों के टकराव और महिलाओं के आत्मसम्मान की लड़ाई को अपने लेखन में जगह दी। समाज और परिवार की वास्तविक स्थितियों को उकेरने में उन्हें सिद्धहस्त माना जाता है। यही वजह है कि साधारण जीवन जीते हुए असाधारण कृतियाँ लिखने वाली यह रचनाकार आज भी भारतीय स्त्रियों की पथ-प्रदर्शक सी लगती हैं। उनकी रचनाएँ न केवल तत्कालीन समाज की रूढ़िवादी सोच और वर्जनाओं को सामने लाती ही हैं बल्कि स्त्रियों को संघर्ष कर मुक्ति पाने का मार्ग भी दिखाती हैं।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अच्छा काम करना है तो आलस छोड़ दें



संकलित
दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।


## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनों से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया- राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है... गुरूजी ने कहा- राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## सटाका




## आज की पाती

### पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाएं

महात्मा गांधी का कथन है कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की रीढ़ के समान हैं, जो कि दर्शाता है कि किसी भी लोकतंत्र में इन संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए इन संस्थाओं में चुनकर आने वाले जनप्रतिनिधियों में योग्यता, अनुभव, लक्ष्य तथा जनहित में शुरू की गई सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से कार्यान्वित करने की कार्यकुशलता जैसे गुणों का होना अति अनिवार्य है। प्राचीन काल में पंच परमेश्वर व्यवस्था से वर्तमान की हाईटेक पंचायती राज व्यवस्था तक का सफर कर चुकी ये संस्थाएं आज के समय में उतनी प्रभावी नहीं बन पाई है जितना इनको होना चाहिए था। हालांकि इन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार की तरफ से प्रयास जारी हैं, जिन्हें तीव्र गति देने की जरूरत है। – *मदन अग्रवाल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### जैव-बिटुमेन का उत्पादन



आज भारत के सड़क अवसंरचना के इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है, क्योंकि हमारा देश व्यावसायिक रूप से जैव-बिटुमेन का उत्पादन करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है। सीएसआईआर और उसके समर्पित वैज्ञानिकों को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई।

**- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**


### युवाओं की भूमिका



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज भोपाल निवास पर युवाओं से "विकसित भारत यंग लीडर संवाद" कार्यक्रम में बात की। आप अपने ऊर्जावान विचार व संकल्प से देश को नई दिशा दें और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाएं।

**-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### शो-पीस बना खेल केंद्र



यह बेहद दुखद है कि जोधपुर में हमारी कांग्रेस सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए बनाया गया प्रदेश का इकलौता स्पोर्ट्स इंस्टिट्यूट एवं हाई-परफॉर्मेंस खेल केंद्र आज एक शो-पीस बन कर रह गया है। खिलाड़ी इस संस्थान के लिए आवाज उठाएं।

**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### विपक्ष में छटपटाहट



मनरेगा योजनाओं में जो लूट मची हुई थी, उसे वीबी-जीरामजी योजना के माध्यम से बंद कर दिया गया है। इस वज़ह से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों में छटपटाहट मची हुई है।

**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# सीआईए के पूर्व एजेंट एमेस की जेल में मृत्यु


अमेरिका की खुफिया जानकारियां सोवियत संघ को बेचने वाले सीआईए के पूर्व एजेंट एल्ड्रिक एमेस की 84 वर्ष की आयु में मैरीलैंड की जेल में मृत्यु हो गई। कारागार ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि एमेस की मृत्यु सोमवार को हुई। लगभग 31 साल तक अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए में काम करने वाले एमेस ने स्वीकार किया था कि उन्हें 1985 से 1994 तक अमेरिकी खुफिया जानकारी बेचने के लिए मॉस्को से 25 लाख डॉलर मिले थे। उन्होंने 10 रूसी अधिकारियों और एक पूर्वी यूरोपीय अधिकारी की पहचान बताई थी, जो अमेरिका या ब्रिटेन के लिए जासूसी कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने उपग्रह के जरिये जासूसी से जुड़े अभियानों, गोपनीय बातचीत और जासूसी के सामान्य तरीकों की जानकारी भी दी थी। सोवियत संघ को जानकारी साझा करने से पश्चिमी देशों के कई खुफिया एजेंट की मौत हुई थी और यह शीत युद्ध के दौरान सीआईए के लिए बड़ा झटका था। उन्होंने जासूसी और कर चोरी के आरोप स्वीकार किए थे, जिसके बाद उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अभियोजकों ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक अमेरिका से महत्वपूर्ण खुफिया जानकारियां छिपाए रखीं।



## ऑफ बीट

# नई शुरुआत का उत्साह जल्दी पड़ जाता है फीका

हर जनवरी के साथ कार्यालयों में नयी शुरुआत का माहौल बनता है। नयी डायरी, नयी नोटबुक और व्यवस्थित कार्य सूची (टू-डू लिस्ट) के साथ यह उम्मीद रहती है कि इस साल सब कुछ अलग होगा। लेकिन फरवरी आते-आते वही योजनाएं अधूरी रह जाती हैं और शुरुआती उत्साह कम हो जाता है। आमतौर पर इसे अनुशासन या इच्छाशक्ति की कमी माना जाता है, लेकिन मनोविज्ञान इसके पीछे एक अलग ही तस्वीर पेश करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नयी शुरुआत हमें काम शुरू करने में तो मदद करती है, लेकिन लंबे समय तक टिके रहने में नहीं। नई शुरुआत क्यों लगती है प्रभावशाली- मनोवैज्ञानिक नयक साल को 'टेम्पोरल लैंडमार्क' मानते हैं, जो हमारे पुराने और नये रूप के बीच एक सीमा रेखा खींच देता है। 'टेम्पोरल लैंडमार्क' समय में आने वाले वे खास पल या घटनाएं होती हैं जो हमें अपने जीवन में ''नये सिरे से शुरुआत'' करने का अहसास दिलाती हैं। शोध के मुताबिक, ऐसे पड़ाव 'फ्रेश स्टार्ट इफेक्ट' पैदा करते हैं, जिससे लोग बड़े और आदर्श लक्ष्य तय करने के लिए खुद को अधिक प्रेरित महसूस करते हैं।



# बेकाबू भीड़ को नियंत्रित करने में 5 पुलिसकर्मी घायल, पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया

## दिल्ली में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने पर भड़की हिंसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने के अभियान ने हिंसक रूप ले लिया। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत देर रात यह कार्रवाई शुरू की थी। स्थानीय लोगों ने इस अभियान का विरोध किया, जिसके बाद स्थिति बेकाबू हो गई। विरोध कर रहे लोगों की भीड़ ने पुलिस और एमसीडी की टीम पर पथराव कर दिया। इस हिंसक घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल पैदा हो गया।

पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। पथरावमें 5 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और उपद्रवियों की पहचान का काम तेजी से जारी है। प्रारंभिक जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई उपद्रवियों को हिरासत में भी लिया गया है।

**लोगों ने नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़ा**

उत्पातियों ने तुर्कमान गेट इलाके में की पत्थरबाजी

एमसीडी ने उच्च न्यायालय के निर्देशों पर की कार्रवाई



एमसीडी की कार्रवाई पर इस तरह लोगों ने किया उत्पात

### अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज

दिल्ली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। लगभग 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पत्थर फेंकने वालों की पहचान की जा रही है। एफआईआर फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ है, हालांकि पुलिस ने चार से पांच संदिग्धों की पहचान कर ली है।

### ड्रोन कैमरों से कर रहे जांच पड़ताल

जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस मधुर वर्मा ने कहा कि पत्थर फेंकने वालों को 2-3 मिनट में भगा दिया गया। 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।डीसीपी नितिन वलसन ने कहा कि रात में एमसीडी के कर्मचारी जेसीबी लेकर आए थे। 25-30 लोगों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। हमने उन्हें पीछे हटाने के लिए बल का इस्तेमाल किया। हमने एफआईआर दर्ज कर ली है। हमने ड्रोन कैमरे भी लगाए थे, हम सभी कैमरों की जांच कर रहे हैं।

### एफआईआर में बड़ा खुलासा लोगों को पहले से थी कार्रवाई की जानकारी

बुलडोजर एक्शन के दौरान बवाल मामले में दर्ज एफआईआर में बड़ा खुलासा हुआ है। चांदनी महल पुलिस स्टेशन के कॉन्स्टेबल संदीप के बयान पर एफआईआर दर्ज हुई है। कॉन्स्टेबल संदीप ने बयान में बताया कि बड़ी मस्ज़िद तुर्कमान गेट के पास तैनात था, जहां कोर्ट के आदेशानुसार मस्जिद के पास एमसीडी की ओर से अवैध कब्जे को हटाया जाना था, जिसे लेकर लोगों को पहले ही अवगत करा दिया गया था।

### 30-35 लोगों की भीड़ बैरिकेड की तरफ आई

कॉन्स्टेबल संदीप ने बताया कि रात 12 बजकर 40 मिनट मिनट पर एसएचओ पुलिस के अन्य स्टाफ के साथ बैरिकेडिंग कर रहे थे, तभी 30-35 लोग की भीड़ पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए पुलिस बैरिकेडिंग की तरफ आए, जिनमें से शहनवाज, मोहम्मद आरिब, मोहम्मद कासिफ, मोहम्मद अदनान और मोहम्मद कैफ को जानता हूं। लाउड हेलर पर बताया गया कि इलाके में बीएनएसएस की धारा 163 लगी हुई है। सभी लोग तीतर बितर हो जाएं, लेकिन लोगों ने नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़ा और पत्थरबाजी शुरू कर दी। उनमें से एक व्यक्ति ने मेरे हाथ से लाउड हेलर छीनकर तोड़ दिया।

**कुछ लोगों की पहचान हो गई**

कॉन्स्टेबल ने बताया कि इसी दौरान और पुलिस फोर्स की मदद से उन लोगों को तितर बितर किया गया, जिसके बाद हमें अस्पताल में एडमिट करवाया गया। उन्होंने ये भी कहाकि 'मैं मोहम्मद शहनवाज, मोहम्मद आरिब, कासिफ, मोहम्मद अदनान, कैफ को जानता हूं। अन्य लोगों के सामने आने पर पहचान सकता हूं।

## खबर संक्षेप

### अजित का वादा-शहर को बनाएंगे खुशहाल



**मुंबई।** बीएमसी चुनाव को लेकर अजित पवार की एनसीपी ने मेनिफेस्टो जारी कर दिया है। पार्टी ने वादा किया है कि एनसीपी मुंबई को एक वर्ल्ड-क्लास, सबको साथ लेकर चलने वाला और खुशहाल शहर बनाने के लिए कमिटेड है। हम मुंबई को एक ऐसा शहर मानते हैं जो हर मुंबईकर के सपनों को पूरा करे।

### वेदांता समूह चेयरमैन अग्रवाल के बेटे का निधन




**नई दिल्ली।** वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश अग्रवाल का बुधवार को निधन हो गया। वे 49 वर्ष के थे। वे अमेरिका में स्कीइंग के दौरान हादसे में घायल हो गए थे। बाद में उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। अग्निवेश अग्रवाल वेदांता समूह की इकाई तलवंडी साबो पावर लिमिटेड के बोर्ड सदस्य थे।

### बंगाल भाजपा की समिति में 34 को मिला 'नेतृत्व'



**कोलकाता।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की नई प्रदेश समिति के 34 सदस्यों के नामों की घोषणा की। राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य के नेतृत्व में नई प्रदेश समिति का गठन किया गया है। इसमें 12 उपाध्यक्ष, 5 महासचिव, 12 सचिव, 1 कोषाध्यक्ष, 2 संयुक्त कोषाध्यक्ष, 1-1 कार्यालय और संयुक्त कार्यालय सचिव हैं।

### बघेल को फिर मिली असम की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनावों की तैयारियों को तेज़ करते हुए कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। महासचिव केसी वेणुगोपाल के बुधवार को औपचारिक आदेश पर हस्ताक्षर किए। असम के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक भूपेश बघेल होंगे।

## इतिहास के दस्तावेज सामने रखकर भाजपा ने फिर किया दावा

# नेहरू को थी सोमनाथ से सर्वाधिक नफरत पवित्र नदी के जल से अभिषेक को रोका था

## नेहरू ने विरासत की रक्षा करने के बजाए मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रुख की कड़ी आलोचना की है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महमूद गजनवी और अलाउद्दीन खिलजी जैसे ऐतिहासिक आक्रांताओं ने तो मंदिर को केवल भौतिक रूप से लूटा था, लेकिन नेहरू के मन में भगवान सोमनाथ के प्रति सबसे ज्यादा घृणा थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करते हुए त्रिवेदी ने नेहरू द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान के तत्कालीन पीएम लियाकत अली खान को लिखे गए एक पत्र को साझा किया। त्रिवेदी ने दावा किया कि पत्र में नेहरू ने खान को 'प्रिय नवाबजादा' कहकर संबोधित किया और सोमनाथ के दरवाजों की कथा को पूरी तरह झूठा बताया। यह पत्र एक प्रकार का आत्मसमर्पण था, जिससे यह संकेत मिलता है कि नेहरू ने भारत की सभ्यतागत विरासत की रक्षा करने के बजाए मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व देने की कोशिश की। पाकिस्तान के दुष्प्रचार की जगह नेहरू ने पड़ोसी देश को खुश करने की बात की थी।

**भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु ने कांग्रेस की आलोचना की, सुनाई खरी-खरी**

आक्रांताओं ने तो मंदिर को केवल भौतिक रूप से लूटा

देश के प्रथम प्रधानमंत्री को थी इससे सर्वाधिक घृणा

नेहरू ने लियाकत को 'प्रिय नवाबजादा' किया था संबोधित



### सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूरी तरह से किया था विरोध



सुधांशु त्रिवेदी



पंडित नेहरू

त्रिवेदी ने दावा किया कि नेहरू ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूर्णतः विरोध किया था। उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मंत्रिमंडल के सहयोगियों को पत्र लिखकर मंदिर के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर प्रश्न उठाए थे और उन्हें उद्घाटन समारोह में शामिल न होने की सलाह दी थी।

### मुख्यमंत्रियों को दो बार पत्र भी लिखे

#### मंदिर निर्माण से विदेशों में भारत की छवि धूमिल हुई

त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू ने कथित तौर पर सभी मुख्यमंत्रियों को दो बार पत्र लिख शिकायत की थी कि मंदिर निर्माण से विदेशों में भारत की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने तत्कालीन सूचना एवं प्रसारण मंत्री आरआर दिवाकर को पत्र लिखा।

#### 8 से 10 जनवरी तक होगा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व'

गिर सोमनाथ में 8 से 10 जनवरी तक आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद खास होने जा रहा है। महमूद गजनवी के हमले की 1,000वीं बरसी पर सोमनाथ नगरी आस्था, स्वाभिमान और सनातन संस्कृति के संदेश के साथ लोगों को जोड़ेगी। इस पर्व के दौरान लगातार 24 घंटे 'ऊंकार नाथ' का जाप किया जाएगा। साथ ही 11 जनवरी को प्रधानमंत्री के संबोधन की चर्चाएं हैं।

#### सोमनाथ मंदिर में अभिषेक के लिए सिंधु नदी का पानी औपचारिक रूप से नामंजूर किया था

त्रिवेदी ने बताया कि नेहरू ने उस समय पाकिस्तान के भारतीय राजदूत को भी पत्र लिखा था। पाकिस्तान में भारत के राजदूत को लिखे पत्र में नेहरू ने कहा कि सोमनाथ मंदिर में अभिषेक के लिए सिंधु नदी के पानी के इस्तेमाल को औपचारिक रूप से नामंजूर कर दिया, विदेश सचिव के ज़रिए यह बताया कि इस अनुरोध को उनकी मंजूरी नहीं है और आदेश दिया कि भविष्य में ऐसे किसी भी अनुरोध को पहले से मंजूर किया जाए।

## एसआईआर का दूसरा चरण

# मसौदा सूची से हटे 6.5 करोड़ मतदाताओं के नाम, नौ राज्य तीन केंद्र शासित प्रदेश शामिल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत पिछले दिनों प्रकाशित नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों की मसौदा मतदाता सूची से करीब 6.5 करोड़ मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। एसआईआर के दूसरे चरण से पहले 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 50.90 करोड़ मतदाता थे। अलग-अलग मसौदा सूची प्रकाशित होने के बाद मतदाताओं की संख्या घटकर 44.40 करोड़ हो गई। चुनाव अधिकारियों ने कहा कि मसौदा सूची से हटाए गए लोगों के नाम अनुपस्थित, शिफ्टेड और मृत/डुप्लीकेट कैटेगरी में डाल दिए गए हैं।

### उत्तर प्रदेश में 18.70 प्रतिशत मतदाताओं के नाम हटे

अधिकारियों ने पहले बताया था कि शहरी इलाकों में गणना फॉर्मों का संग्रह ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में काफी कम रहा है। उत्तर प्रदेश में एसआईआर के बाद मंगलवार को जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल नहीं किए गए, जबकि 12.55 करोड़ मतदाता सूची में मौजूद हैं। पहले दर्ज 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 18.70 प्रतिशत के नाम मौत, स्थायी पलायन या एक से अधिक पंजीकरण के कारण हटाए गए।

### अवैध विदेशी प्रवासियों की पहचान की जा रही

एसआईआर का मुख्य उद्देश्य जन्मस्थान की जांच के जरिए अवैध विदेशी प्रवासियों की पहचान कर उन्हें मतदाता सूची से हटाना है। यह प्रक्रिया बांग्लादेश और म्यांमार सहित अवैध प्रवासियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में चल रही कार्रवाई के बीच खास महत्व रखती है।

### इन राज्यों में किया गया एसआईआर

एसआईआर का दूसरा चरण 4 नवंबर से अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में शुरू हुआ। वहीं असम में मतदाता सूची का अलग 'विशेष पुनरीक्षण' किया जा रहा है। राज्यों में आखिरी एसआईआर को कट-ऑफ तारीख माना जाएगा, ठीक वैसे ही जैसे चुनाव आयोग ने गहन पुनरीक्षण के लिए बिहार की 2003 की मतदाता सूची का इस्तेमाल किया था। ज्यादातर राज्यों में मतदाता सूची का आखिरी एसआईआर 2002 और 2004 के बीच हुआ था।

## जेएनयू में नारेबाजी, फडणवीस भड़के

# शरजील इमाम की 'औलादों' के इरादों को हम कुचल देंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई



दिल्ली स्थित जवावहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में लगे विवादास्पद नारों पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि जेएनयू में पैदा हुई शरजील इमाम की 'औलादों' के इरादों को कुचल दिया जाएगा। यह जेएनयू में विरोध प्रदर्शन को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर आई है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में कार्यकर्ताओं उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शनों के दौरान 53 लोग मारे गए थे। 700 घायल हो गए।

## राहुल ने केंद्र सरकार को घेरा

# ट्रंप के एक फोन से शीर्ष नेतृत्व झुक गया, फर्क समझो, सर जी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणियों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। रहुलने पिछले साल जून में कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' से संबंधित एक कार्यक्रम में दिए गए अपने भाषण का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि ट्रंप के एक फोन से केंद्रीय नेतृत्व उनके सामने झुक गया। उस भाषण में राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि कांग्रेस तथा उसके नेताओं ने महाशक्तियों के सामने कभी 'सरेंडर' नहीं किया, लेकिन थोड़े से दबाव के आगे झुक जाना ही भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल स्वभाव है। कांग्रेस नेता ने इस भाषण से जुड़ा वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए पोस्ट किया, 'फर्क समझो, सर जी।

## उत्तर भारत का पहला सरकारी सेंसरी गार्डन



**वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल में 'उमंग वाटिका'**

**नई दिल्ली।** देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में अहम पहल जुड़ गई है। वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल में 'उमंग वाटिका' सेंसरी गार्डन का उद्घाटन हुआ। यह उत्तर भारत का पहला सेंसरी गार्डन है, जिसे सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में स्थापित किया गया है। इस का मुख्य उद्देश्य बच्चों, विशेष रूप से न्यूरो-डेवलपमेंटल आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए संवेदनात्मक बनाना, संतुलन और समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है।

**अब तेलंगाना में जहरीले पानी की शिकायत**

# हैदराबाद के जेबी कॉलोनी के घरों में आ रहा दूषित और काला पानी

## लोगों ने कई बार शिकायतें की पर समस्या जस की तस

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

देश में पीने के पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंता लगातार बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में इंदौर में सामने आए दूषित जल संकट के बाद अब तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से भी ऐसा ही एक गंभीर मामला सामने आया है। जेबी कॉलोनी में लोगों के घरों में नलों से काला और बदबूदार पानी आ रहा है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से वे इस समस्या को लेकर संबंधित विभागों से शिकायत कर रहे हैं। अधिकारी आए, जांच की और कहा कि समस्या ठीक कर दी गई है, लेकिन कई घरों में पूरी तरह काला पानी आ रहा है।

### खोरधा में बच्चों की बीमारी की जांच तेज, संक्रमण की आशंका

ओडिशा के खोरधा जिले में सामने आए बच्चों के बीमार पड़ने के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। जिला सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजन मित्रा ने बताया कि जांच के लिए एक 7 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम मौके पर मौजूद है। डॉ. मित्रा के अनुसार टीम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एक महामारी विशेषज्ञ, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, तकनीशियन और प्रोग्राम मैनेजर शामिल हैं। बच्चों के पहुंचते ही उनके नमूने लिए जाएंगे। 20 खून के नमूनों में से 5 की रिपोर्ट आ चुकी है।



हैदराबाद में इस तरह आ रहा पानी

## माघ मेले में 150 साधु-संतों ने खुद को असुरक्षित बताया, मांग की

# बाबाओं को भी चाहिए गनर, 90 को मिल चुकी सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

माघ मेले में प्रवास कर रहे करीब 150 साधु-संतों ने खुद को असुरक्षित बताते हुए मेला पुलिस से सुरक्षा मांगी है। पुलिस के अनुसार आवेदनों में कारणों का सत्यापन गोपनीय तरीके से कराया जा रहा है। यह जिम्मेदारी स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) को दी गई है। इकाई यह जांच कर रही है कि किन साधु-संतों को वास्तव में जान का खतरा है। एलआईयू की रिपोर्ट के आधार पर अब तक करीब 90 साधु-संतों को सुरक्षा प्रदान की जा चुकी है, जबकि शेष आवेदनों पर रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं, मेला क्षेत्र में लगे 65 से अधिक शिविरों की सामान्य सुरक्षा के लिए पहले से ही होमगार्ड की तैनाती की गई है।

**65** से अधिक शिविर लगे मेला क्षेत्र में

**16** महिला हेल्प डेस्क बनीं

**761** फायरकर्मी तैनात किए

7 अपर अधीक्षक और कई कर्मी लगे

## पुलिस इकाई जांच कर रही, किसे वास्तव में जान का खतरा



साधु-संतों के साथ गनर दिखाई दे रहे।

### मेला क्षेत्र में लगे 400 कैमरे

शहर से लेकर मेला क्षेत्र में 1552 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसमें मेले में 400 कैमरे शामिल है। एक सेंट्रल कंट्रोल रूम, 16 महिला हेल्प डेस्क, 17 साइबर हेल्प डेस्क, 761 फायरकर्मी तैनात हैं। इसके अलावा 20 वाच टावर भी लगाए गए हैं।

### आवेदनों की एलआईयू से जांच हो रही

इस संबंध में एसपी माघ मेला नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि 60 से अधिक शिविरों में होमगार्ड और करीब 90 साधु-संतों को गनर उपलब्ध कराए गए हैं। अन्य आवेदनों की एलआईयू से जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट के बाद सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

### क्षेत्र की सुरक्षा में कई पुलिस टीमें लगाई गईं

7 अपर पुलिस अधीक्षक, 14 सीओ, 29 इंस्पेक्टर, 221 दरोगा, 15 महिला दरोगा, 1593 सिपाही, 136 महिला सिपाही, पीएसी की 5 बाढ़ राहत कंपनियां, 7 कानून-व्यवस्था के लिए पीएसी कंपनियां, 2 एनडीआरएफ टीमें, 1 एसडीआरएफ, 2 आरएएफ कंपनियां, संपूर्ण मेला अवधि के लिए 4 आरएएफ कंपनियां, 6 बीडीडीएस टीमें, 2 एटीएस हैं।

लक्जमबर्ग में एक कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# वेनेजुएला घटनाक्रम पर भारत चिंतित सभी पक्षों से बातचीत करने की अपील

*जयशंकर ने कहा कि वेनेजुएला के साथ भारत के कई सालों से बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। हम चाहते हैं कि वेनेजुएला के लोग मौजूदा घटनाक्रम की दिशा चाहे जो भी हो, उससे सुरक्षित और बेहतर स्थिति में बाहर आएं*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिए जाने पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत का रुख स्पष्ट किया है। लक्जमबर्ग में एक कार्यक्रम के दौरान डॉ. जयशंकर ने कहा कि हम हालिया घटनाक्रम को लेकर चिंतित हैं। लेकिन हम इसमें शामिल सभी पक्षों से यह आग्रह करेंगे कि वे अब बैठकर ऐसे समाधान पर पहुंचें जो वेनेजुएला के लोगों की भलाई और सुरक्षा के हित में हो, क्योंकि यही हमारी चिंता है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के साथ भारत के कई सालों से बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। हम चाहते हैं कि वेनेजुएला के लोग मौजूदा घटनाक्रम की दिशा चाहे जो भी हो, उससे सुरक्षित और बेहतर स्थिति में बाहर आएं।

वेनेजुएला के लोगों की भलाई और सुरक्षा जरूरी

वेनेजुएला के साथ भारत के बहुत अच्छे संबंध

## द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाएंगे

भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लक्जमबर्ग के राष्ट्राध्यक्ष ग्रैंड ड्यूक गुइलौम से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि लक्जमबर्ग के राष्ट्राध्यक्ष ग्रैंड ड्यूक गुइलौम से मुलाकात करना उनके लिए सम्मान की बात रही। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। विदेश मंत्री ने भारत के प्रति ग्रैंड ड्यूक की सकारात्मक भावनाओं और भारत-लक्जमबर्ग द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के उनके दृष्टिकोण की सराहना की। इससे पहले, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और लक्जमबर्ग फिनटेक, अंतरिक्ष, डिजिटल क्षेत्र और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे उभरते क्षेत्रों में और अधिक प्रोडक्टिव तरीके से सहयोग कर सकते हैं।


विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने लक्जमबर्ग के राष्ट्राध्यक्ष ग्रैंड ड्यूक गुइलौम से मुलाकात की

## पश्चिमी देशों को खुद के भीतर झांकना चाहिए

विदेश मंत्री ने भारत के संदर्भ में की जाने वाली पश्चिमी देशों की प्रतिक्रिया पर सख्त अंदाज में नाराजगी जताते हुए कहा कि पश्चिम को हमें ये बताना चाहिए कि हमने कभी उनके मामलों पर कोई टीका-टिप्पणी की है? क्या कभी भारत ने उनके क्षेत्र की स्थिति या वहां की हिंसा पर चिंता जताई है? इन सभी प्रश्नों का जवाब न में ही मिलेगा। लेकिन पिछले साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को लेकर जिस तरह से पश्चिम द्वारा हमें बिना मांगे सलाह दी गई। वो काफी अचरज में डालने वाली है। उन्हें हमें मुफ्त का ज्ञान या सलाह देने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि खुद का आत्मचिंतन व आत्मविश्लेषण करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके अलावा पश्चिम की एक और सच्चाई ये भी है कि उनकी कथनी और करनी में साफ अंतर देखने को मिलता है। ये देश अधिकतर अपने फायदे की जगहों पर ही कार्रवाई करते हैं। जयशंकर ने 7 से 10 मई 2025 को की गई भारत की सैन्य कार्रवाई का बचाव करते हुए पश्चिमी प्रतिक्रिया को पाखंड करार दिया और कहा कि भारत किसी बाहरी दबाव के आगे नहीं झुकेगा। बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ेगा।

### पाकिस्तान सेना और आतंकवादियों के बीच सांठगांठ

जयशंकर ने कहा कि हमारी पड़ोस सबसे पहले की नीति (नेबरहुड फर्स्ट) के तहत, संकट के समय पर भारत ने इलाके में अपने निकट पड़ोसी देशों तक तत्काल जरूरी मदद और सहायता प्रदान की है। लेकिन पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध एक 'अपवाद' हैं। क्योंकि वहां के शहरों में सार्वजनिक रूप से आतंकवादियों के प्रशिक्षण शिविर चल रहे हैं। जिनके बारे में पूरी दुनिया जानती है। पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों के बीच सांठगांठ यानी संबंध भी किसी से छिपे हुए नहीं हैं। हमारा पड़ोसी देश और उसकी सेना अपनी इस कवायद को सामान्य भी बनाती रही है। जिसे हम कतई स्वीकार नहीं करेंगे और आतंकवाद का हमेशा पुरजोर अंदाज में विरोध करेंगे। इन सबके बीच दुनिया के तमाम देशों के साथ हमारे संबंधों को लेकर भारत का स्पष्ट रुख यह है कि जो देश हमारे साथ अच्छा और सकारात्मक व्यवहार करेगा। हम भी उसके साथ वैसा ही करेंगे। लेकिन जो पाकिस्तान की राह पर चलेगा। उसके साथ निपटने का हमारा तरीका बिल्कुल अलग होगा।

## खबर संक्षेप

### जोमेटो की कंपनी को 3.69 करोड़ का जीएसटी नोटिस




**नई दिल्ली।** इटरनल, जो जोमैटो और ब्लिंकइट की मूल कंपनी है, को वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) से जुड़ा एक मांग आदेश मिला है। यह आदेश ब्याज और जुर्माने सहित कुल 3,69,80,242 रुपये का है और यह अप्रैल 2019 से मार्च 2020 की अवधि से संबंधित है। कंपनी ने बताया कि यह आदेश पश्चिम बंगाल में राज्य कर (अपील) के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा पारित किया गया है। इटरनल के अनुसार, उसे 6 जनवरी 2026 को यह आदेश प्राप्त हुआ, जिसमें 1,92,43,792 रुपए के जीएसटी की पुष्टि की गई है।

### स्टूडेंट वीजा पर अमेरिका ने दी फिर से धमकी




**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी दूतावास के एक्स हैंडल पर स्टूडेंट वीजा को लेकर जो चेतावनी जारी की गई है। उसमें कहा गया है कि अमेरिकी कानून को तोड़ने से आपके स्टूडेंट वीजा पर गंभीर असर पड़ सकता है। अगर आप गिरफ्तार होते हैं या किसी कानून का उल्लंघन करते हैं, आपका वीजा वापस लिया जा सकता है, आपको डिपोर्ट किया जा सकता है और आपको भविष्य में भी अमेरिकी वीजा के अयोग्य ठहराया जा सकता है। अमेरिकी दूतावास की ओर से स्टूडेंट वीजा को लेकर आगे सलाह दी गई है।

पीएम मोदी और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन पर की बात

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

# दोनों नेताओं ने 'आतंकवाद' से और मजबूती से लड़ने के अपने इरादे की प्रतिबद्धता जताई

*पीएम मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू ने आपसी हितों के लिए इन संबंधों को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने आतंकवाद की घोर आलोचना की और आतंकवाद के हर रूप और अभिव्यक्ति के प्रति किसी भी तरह की*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन पर एक-दूसरे से बातचीत की। इस बातचीत के दौरान दोनों नेताओं के बीच रणनीतिक साझेदारी और काउंटर टेररिज्म जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने खुद इसकी जानकारी दी। पीएम मोदी ने इजराइली पीएम और वहां की जनता को नए साल की शुभकामनाएं दीं।

■ रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर दिया जोर

इसके साथ ही दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात पर भी चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पीएम मोदी ने इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि अपने दोस्त, पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें व इजराइल के लोगों को नए साल की बधाई देकर खुशी हुई।

हमने आने वाले साल में इंडिया-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। हमने क्षेत्र के हालात पर भी अपने विचार शेयर किए और आतंकवाद से और मजबूती से लड़ने के अपने इरादे को दोहराया।


पीएम मोदी और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू फाइल फोटो

### वैश्विक मुद्दों और क्षेत्रीय हालातों पर किया विचार विमर्श

#### पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी की चर्चा

उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने क्षेत्र में निष्पक्ष और स्थायी शांति के प्रयासों, जिसमें गाजा शांति योजना का शीघ्र कार्यान्वयन शामिल है, के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने लगातार एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर सहमति व्यक्त की।

### गाजा शांति योजना को समर्थनः मोदी

नेतन्याहू ने पीएम मोदी को गाजा शांति योजना के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए भारत के निरंतर समर्थन की पुष्टि की। दोनों ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और मजबूत करने पर प्रतिबद्धता जताई।

### आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं

पीएम कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने आतंकवाद के सभी प्रकार और रूपों को 'कतई बर्दाश्त न करने' के अपने दृष्टिकोण को दोहराया और इस खतरे के खिलाफ लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की।

### पिछले साल दिसंबर में भी की थी फोन पर बात

इससे पहले दोनों देशों के पीएम ने पिछले साल 10 दिसंबर 2025 को एक-दूसरे से फोन पर बात की थी। पीएम नेतन्याहू ने पीएम मोदी को फोन किया था, और दोनों नेताओं ने भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी में निरंतर प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

इजराइल ने बढ़ाया कदम

### 'ई1 परियोजना' पर काम शुरू, वेस्ट बैंक दो हिस्सों में बंटेगा

इजराइल ने यरुशलम के निकट एक विवादास्पद बस्ती निर्माण परियोजना पर काम शुरू करने से पहले अंतिम बाधा को पार कर लिया है जिससे प्रभावी रूप से वेस्ट बैंक दो हिस्सों में बंट जाएगा। सरकारी निविदा से यह जानकारी मिली। इस निविदा के माध्यम से निर्माण कार्य से जुड़े 'डेवलपर' से बोलियां आमंत्रित की जा रही हैं, जिससे 'ई1 परियोजना' के निर्माण कार्य को शुरू करने का मार्ग प्रशस्त होगा। बस्ती निर्माण पर नजर रखने वाले संगठन 'पीस नाउ' ने इस निविदा की जानकारी दी। समूह के बस्ती निगरानी विभाग के प्रमुख योनी मिजराही ने कहा कि प्रारंभिक कार्य इसी महीने शुरू हो सकता है। यरुशलम के पूर्व में स्थित खुले क्षेत्र 'ई1' में बस्ती निर्माण पर पिछले दो दशकों से विचार किया जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति का ताजातरीन दावा

# पीएम मोदी खुद मिलने आए थे, मैंने नहीं दिया था न्योता


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप हर बीतते दिन के साथ अपने फैसलों और बयानों को लेकर सभी को हैरान-परेशान जरूर किए हुए हैं। यहां बात पीएम नरेंद्र मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों और पिछले साल राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में उनके साथ हुई पहली द्विपक्षीय मुलाकात को लेकर हो रही है। जिसे लेकर बीते मंगलवार को हाउस जीओपी रिट्रीट के दौरान दिए अपने एक बयान में ट्रंप ने यह दावा किया कि इस मुलाकात के लिए उनकी तरफ से भारत के पीएम को आमंत्रित नहीं किया गया था। बल्कि यह यात्रा उनकी (पीएम मोदी) खुद की इच्छा के साथ लिए गए निर्णय का परिणाम था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, व्यक्तिगत रूप से पीएम मोदी के साथ मेरा बहुत अच्छा रिश्ता है। लेकिन वो मुझसे मिलने आए थे। उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं, प्लीज। जवाब में मैंने कहा ठीक है, हां आप आ सकते हैं।

### मेरे टैरिफ लगाने से नाराज हैं मोदी

ट्रंप ने कहा कि भारत की रूस से तेल खरीद को लेकर हमने नई दिल्ली पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ का भाग भी शामिल है। इसे लेकर पीएम मोदी मुझसे नाराज हैं। अमेरिका ने भारत पर भारी-भरकम टैरिफ लगाया है। लेकिन बातचीत से हालात में बदलाव आ सकता है। ट्रंप ने दोहराया कि मेरे और पीएम मोदी के बीच व्यक्तिगत संबंध बहुत अच्छे हैं। लेकिन यहां उन्हें रूस से तेल खरीद पर काफी टैरिफ चुकाना पड़ रहा है। जिसे लेकर वो मुझसे खफा हैं। उन्होंने कहा कि भारत हालांकि रूस से तेल नहीं खरीदना चाहता था। लेकिन वो फिर भी उनसे तेल खरीद रहे हैं। हमने वहां से अपने देश में आने वाले सामान पर टैरिफ लगाया है। उन्होंने रूस से अपनी तेल की खरीद को काफी कम कर दिया है।

### ट्रंप दे चुके और टैरिफ बढ़ाने की धमकी

बता दें, अमेरिका के राष्ट्रपति का यह बयान एक ऐसे समय में सामने आया है। जब बीते दिनों उन्होंने भारत को रूस से तेल की खरीद जारी रखने पर भविष्य में और अधिक टैरिफ की मार झेलने के लिए तैयार रहने की बेहद गंभीर चेतावनी दी है। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो भारत पर वर्तमान समय में अमेरिका ने दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जबकि इस मामले को लेकर भारत यह साफ कर चुका है कि उसकी तेल खरीद का निर्णय पूरी तरह से घरेलू उपभोक्ताओं की ऊर्जा मांग की पूर्ति करने के लिए लिया।

ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाक का बेतुका बयान

# अकेले या किसी के साथ भी आओ ...मजा न करा दिया तो पैसे वापस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


अहमद शरीफ चौधरी

पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत को लेकर बेतुका बयान दिया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, स्थापित सैन्य संचार मानकों से हटकर भारत को बिना किसी उकसावे के धमकी दी, और कहा कि मजा न कराया तो पैसे वापस। साल 2026 कैसा होगा इस बात पर चौधरी ने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि हम कैसे खड़े होते हैं।हमारे दुश्मन की मंशा साफ है। भारत आपके अस्तित्व को स्वीकार नहीं करेगा। वह कह रहा है कि मेरे दुश्मन का दुश्मन मेरा दोस्त है। हमारी किस्मत हमारे अपने हाथों में है। जो चाहो करो। जहां से चाहो आओ। दाएं से आना है, बाएं से आना है, ऊपर से आना है, नीचे से आना है, अकेले आना है, या इकट्ठे आना है, जैसे मर्जी आना हो, एक बार मजा न करा दिया न तो पैसे वापस।

### कठुआ में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक दूरदराज के गांव में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ बुधवार शाम बिलावर के काहोग गांव में उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने दो-तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान चलाया। जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी ने कहा कि एसओजी कठुआ ने कठुआ के कमाध नाला के जंगल में आतंकवादियों से मुठभेड़ की है।

13 माओवादियों पर था 65 लाख का इनाम

## सुकमा में 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, 7 महिलाएं शामिल


एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 26 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले माओवादियों में 13 पर कुल 65 लाख रुपए का इनाम था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इन कैडरों में 7 महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्होंने 'पूना मार्गेम' पहल के तहत आत्मसमर्पण किया।



ये लोग माओवादियों की पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन, दक्षिण बस्तर डिवीजन, माड़ डिवीजन और आंध्र ओडिशा सीमा डिवीजन में सक्रिय थे और अबूझमाड़, छत्तीसगढ़ के सुकमा और ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में कई घटनाओं में शामिल थे। ये माओवादी राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित थे जिसके तहत आत्मसमर्पण किया है। लाली उर्फ मुचाकी आयते लखमू (35), जो एक कंपनी पार्टी समिति की सदस्य थी इस पर 10 लाख रुपए का इनाम था।

## हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी




**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह अटल टनल रोहतांग, रोहतांग दर्रा और सोलंगनाला समेत ऊंची चोटियों पर हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई। सोलंगनाला में कुछ समय के लिए पूरी तरह सफेदी छा गई, जबकि धुंधी और अटल टनल क्षेत्र में दो से तीन इंच तक बर्फ जमी। बर्फबारी के बीच बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचे और बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच तस्वीरें खिंचवाईं, स्नोमैन बनाए और ठंडे मौसम का भरपूर आनंद लिया। चित्र में अटल टनल के पास पर्यटक।

अमेरिका के लास वेगास में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो-2026 का आगाज


# सबसे हल्का लैपटॉप, मोबाइल जितना पतला वॉलपेपर टीवी, तकनीक के मेले में दिखी अजब-गजब वस्तुएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के लास वेगास में तकनीक का महाकुंभ यानी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो-2026 (सीईएस 2026) का आगाज हो गया है। 6 से 9 जनवरी के बीच चलने वाले इस शो में दुनिया भर की दिग्गज कंपनियां अपने टेक प्रोडक्ट्स पेश कर रही हैं।

सैमसंग, एलजी, लेनोवो समेत कई कंपनियां इस शो में शामिल हुई हैं। इस शो में भविष्य के तकनीक की झलकियां भी देखने को मिल रही हैं।

### 790 ग्राम का लैपटॉप



ताईवान की टेक कंपनी आसुस ने दुनिया का सबसे हल्का लैपटॉप आसुस प्रोआर्ट पीजेड14 पेश किया है। इसका वजह महज 0.79 kg (790 ग्राम) है और 9 मिमी पतला है। कंपनी ने इसे हल्का बनाने के लिए एयरोस्पेस ग्रेड अलुमिनियम फ्रेम का इस्तेमाल किया है। इसमें 32जीबी की रैम के साथ 1 टीबी का एसएसडी स्टोरेज मिलता है।

### 9 मिमी पतला टीवी




एलजी ने टीवी सेगमेंट में रेवोलुशनरी टेक्नोलॉजी पेश की है। कंपनी ने दुनिया का सबसे पतला ओएलईडी टीवी ईवीओ एआई डब्ल्यू6 का खुलासा किया। यह टीवी की बॉडी 9 मिमी पतली है जो स्मार्टफोन की मोटाई से बस थोड़ी अधिक है। इस टीवी को दीवार पर लगाया जाता है तो यह वॉलपेपर जैसा दिखता है।

## भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार भारतीय सेना

तीनों सेनाओं ने संयुक्त रूप से तैयार किया

# चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी ने जारी किया प्रशिक्षण विजन दस्तावेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप बनाने के लिए चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी ने एक महत्वपूर्ण विजन दस्तावेज जारी किया है। यह दस्तावेज थलसेना, नौसेना और वायुसेना के लिए संयुक्त रूप से तैयार किया गया है, जो प्रशिक्षण पद्धति को अधिक आधुनिक, प्रभावी और भविष्योन्मुखी बनाने पर केंद्रित है। एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) द्वारा साझा जानकारी के अनुसार, इस दस्तावेज में वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य तथा भविष्य की संभावित चुनौतियों का विस्तृत आकलन किया गया है।


चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के सदस्य

### आधुनिक युद्ध की जटिलताएं समझाएंगे

इस प्रशिक्षण दस्तावेज का मुख्य लक्ष्य ऐसे सैन्य नेताओं का निर्माण करना है जो आधुनिक युद्धक्षेत्र की जटिलताओं को समझें और जल, थल, वायु, अंतरिक्ष तथा साइबर जैसे विभिन्न डोमेन में मल्टी-डोमेन ऑपरेशन्स को संयुक्त एवं समन्वित रूप से संचालित करने में सक्षम हों। हर चरण के लिए स्पष्ट शिक्षण उद्देश्य परिभाषित किए गए हैं, ताकि सैन्य अधिकारियों के विकास में क्रमिक और सार्थक प्रगति सुनिश्चित हो सके।

### सभी स्तरों के लिए व्यवस्थित दक्षताएं

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इसमें बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण से लेकर उच्च अधिकारियों के सामरिक एवं रणनीतिक स्तर के प्रशिक्षण तक सभी स्तरों के लिए अपेक्षित क्षमताओं और दक्षताओं का व्यवस्थित विवरण शामिल है। यह दस्तावेज न केवल प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सशस्त्र बलों को भविष्य की तकनीकी एवं युद्धक आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का भी प्रयास करता है।

### यह विजन निर्णायक पहल

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी का यह विजन भारतीय सैन्य ढांचे को अधिक समन्वित, सक्षम और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है।

# बुजुर्ग महिला से 17 लाख की ऑनलाइन ठगी, मनी लॉन्ड्रिंग व तस्करी में शामिल होना बताकर धमकाया

## पीड़िता के पास आरोपियों का तीन बार आया कॉल, कहा- दूसरी सिम से संदिग्ध लेन-देन किया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी देकर 61 वर्षीय महिला से पांच दिन में 17 लाख रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। घटना जुलाई 2025 की है। महिला बदनामी के डर से पुलिस के पास नहीं पहुंची। परिजनों की समझाइश पर थाने आकर एफआईआर दर्ज कराई।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि महिला के पास तीन अलग-अलग नंबरों से फोन आया था और आरोपियों ने अलग-अलग खातों में ही राशि ट्रांसफर कराई है। महिला को पहला कॉल करने वाले ने अपना नाम ब्रजेश कुमार बताया। उसने खुद को टेलीकॉम कंपनी का अधिकारी बताते हुए कहा कि आपके नाम से दूसरी सिम जारी हुई है, जिससे संदिग्ध लेन-देन किया जा रहा है। महिला ने इससे इंकार किया, तो आरोपी ने कहा कि कोलाबा पुलिस स्टेशन में आपके खिलाफ एफआईआर हुई है। आप मुंबई आ जाएं। इसके बाद दूसरे नंबर से वॉट्सएप पर कॉल आया।

कॉल करने वाले ने खुद को कोलाबा थाने की इंस्पेक्टर आरती बताया और कहा कि कथित सिम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग और तस्करी से जुड़ा पैसा बैंक में जमा कराया गया है। आरोपी ने वारंट जारी होने की बात कहकर डराया और खाते की जांच का बहाना कहकर कॉल काट दिया।

### 'दया नायक' ने कहा- सहयोग करोगी तो बचा लेंगे

कुछ ही देर बाद तीसरा कॉल आया। कॉलर ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर दया नायक बताया। उसने कहा कि आप मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंस चुकी हैं, लेकिन जांच में सहयोग करने पर बचाया जा सकता है। साथ ही परिवार को कुछ न बताने की हिदायत दी गई। इसके बाद बैंक खातों और संपत्ति की जानकारी ली गई और जांच के नाम पर पैसे ट्रांसफर करने को कहा गया।

### पांच बार में 17 लाख किए ट्रांसफर

महिला ने कथित सीबीआई इंस्पेक्टर के कहे अनुसार पांच बार में 17 लाख रुपए उनके बताए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने राशि अलग-अलग खातों में जमा कराई। साथ ही भरोसा दिलाया कि 48 से 72 घंटे में राशि वापस मिल जाएगी। महिला ने कुछ दिन बाद संबंधित मोबाइल नंबरों पर कॉल किया, तो वे बंद पाए गए।

---

राजोरिया होटल के पास रातीबड़ में बाइक सवार लुटेरों ने मिलकर की वारदात

# महिला के हाथ से मोबाइल झपटकर भागा लुटेरा, मामा-भांजा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित नीलबड़ चौराहा पर राजोरिया होटल के सामने मंगलवार रात एक बदमाश ने महिला के हाथ से मोबाइल छीन लिया। महिला ने शोर मचाते हुए बदमाश का पीछा किया, लेकिन बदमाश का साथी कुछ दूरी पर बाइक स्टार्ट कर खड़ा हुआ था। उसके साथ बाइक पर बैठकर वह फरार हो गया। हालांकि बाद में पुलिस ने लूट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सगे मामा-भांजे निकले। पुलिस ने लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है। उनसे लूट की अन्य वारदात के बारे में पूछताछ की जा रही है।


रोहित जाट, आरोपी


गणेश जाट, आरोपी

पुलिस के अनुसार 37 साल की कविता झां, रातीबड़ में रहती हैं और नीलबड़ में प्राइवेट काम करती है। मंगलवार वह काम कर घर लौट रही थी। नीलबड़ चौराहा से उन्हें ऑटो पकड़ना था। लिहाजा वह नीलबड़ चौराहा पर राजोरिया होटल के सामने खड़ी थीं और मोबाइल पर बातचीत कर रही थी। इसी दौरान रात करीब आठ बजे एक बदमाश उनके पास आया और उनके हाथ से मोबाइल झपटकर दौड़ लगा दी। कविता ने भी शोर मचाते हुए उसके पीछे दौड़ लगा दी। कविता को शोर मचाकर बदमाश के पीछे भागता देख कुछ अन्य लोग बदमाश के पीछे दौड़े थे, लेकिन कुछ दूरी पर बाइक लेकर खड़े अपने साथी के साथ बदमाश बैठकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने की टीम घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सगे मामा-भांजे को गिरफ्तार कर उनसे झपटा गया मोबाइल बरामद कर लिया। आरोपी गणेश जाट निशातपुरा में रहता है और ऑटो चलाता है, जबकि उसका भांजा रोहित जाट टैंट हाउस में काम करता है।

---

## खबर संक्षेप



### सीएमओ ने किया श्मशान घाट का निरीक्षण

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद के वार्ड 1, विशनखेडा में श्मशान घाट पर विकास कार्य चल रहा है। बुधवार को सीएमओ किरण राहंगडाले ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उनके साथ निकाय के उपयंत्री मुकेश जैन, रीतेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम यादव, ठेकेदार संजय राजपूत उपस्थित थे। सीएमओ किरण राहंगडाले ने गुणवत्तापूर्ण कार्य करने तथा शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार को दिए।

### किसान जन आंदोलन यात्रा का हुआ स्वागत



**औबेदुल्लागंज।** किसान जन आंदोलन यात्रा का बुधवार को बरखेड़ा जाते समय नर्मदा पुरम रोड पर अफजल हसन, नवाब, शहजाद खान, सादिल खान, फरहान रेहान ने भव्य स्वागत किया गया। किसान जन आंदोलन यात्रा में जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक ठाकुर देवेंद्र सिंह गडरवास, ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सूरजमल गौर, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक, हरजीत सिंह, राजू मेहरा, पंकज शर्मा, पंकज नागरानी, मौनी नागर आदि शामिल थे।

### नर्सिंग कॉलेजों में भर्ती में पुरुषों को भर्ती का रास्ता साफ



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद नर्सिंग कॉलेजों में फैकल्टीज की भर्ती में अब पुरुष उम्मीदवारों को उनका अधिकार मिला है। कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने कोर्ट को बताया कि संशोधित विज्ञापन जारी कर पुरुष उम्मीदवारों से भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। महिलाओं के लिए सौ फीसदी आरक्षण वाली शर्त हटा दी गई है। इसके अलावा आवेदन करने की अंतम तिथि 7 जनवरी से बढ़ाकर 13 जनवरी कर दी है। ईएसबी के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने याचिका का निराकरण कर दिया। जबलपुर निवासी नौशाद अली सहित कई पुरुष उम्मीदवारों की ओर से याचिका दायर कर महिलाओं को शत प्रतिशत आरक्षण देने को चुनौती दी गई थी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5072 | | |
| दिन: | 367 | 65 | 168 |
| रात: | 468 | 81 | 579 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 150 | 62 | 138 |
| रात: | 780 | 52 | 147 |

---

कॉलेज जाने का कहकर निकली थी छात्रा, दोस्त के रूम पर पहुंची

# दोस्त से विवाद के बाद भूमि होम स्टे की छत से कूदी छात्रा, मौत, पुलिस मामले की जांच में जुटी

छत से नीचे गिरने पर उसका दोस्त घायल प्रिया को लेकर अस्पताल पहुंचा और गायब हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित पारिका सोसाइटी, भूमि होम स्टे में बुधवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत हो गई। वह छत पर अपने दोस्त के साथ विवाद करती हुई देखी गई थी। इसके बाद छत से नीचे गिर गई। उसका दोस्त उसे लेकर अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर छात्रा को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार प्रिया पिता कैलाश मेहरा (22) ईश्वर नगर, बावड़िया कला में रहती थी और नूतन कॉलेज में पढ़ती थी। बुधवार सुबह वह कॉलेज जाने का कहकर घर से निकली थी, लेकिन वह कॉलेज नहीं पहुंची। वह सीधे अपने दोस्त तुषार के किराए स्थित कमरे पर पहुंची थी। वहां दोपहर करीब बारह बजे के आसपास वह छत से नीचे गमले के पास गिरी थी। तुषार उसे तत्काल जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर प्रिया को मृत घोषित कर दिया।

**युवती के दोस्त तुषार की तलाश में जुटी पुलिस, जिससे हकीकत सामने आ सके**

### कूदी या बैलेंस बिगड़ने से गिरी, जांच कर रही पुलिस

पुलिस ने बताया कि प्रिया को मुंह के पास चोट है। करीब 30 फीट की ऊंचाई से वह नीचे गिरी है। दरअसल यदि वह कूदती तो उसके पैरों पर भी चोट होती और फैक्चर आता, लेकिन उसे सिर्फ मुंह के पास चोट थी। अब पुलिस जांच कर रही है कि वह बैलेंस बिगड़ने से गिरी है या फिर विवाद के बाद गुस्से में आकर कूदी है। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त किया है।


प्रिया मेहरा, मृतक

### इकलौती बेटी थी प्रिया

प्रिया के पिता कैलाश मेहरा पुताई का काम करते हैं। काफी समय पूर्व उनका बेटा नर्मदा नदी में डूब गया था। उनकी इकलौती बेटी प्रिया थी। प्रिया कॉलेज जाने का कहकर निकली थी, लेकिन वह तुषार के पास क्यों गई यह पिता को भी नहीं पता। पुलिस का कहना है कि तुषार की तलाश की जा रही है। अस्पताल में प्रिया को भर्ती कराने के बाद वह निकल गया था। उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है।

### मोहल्ले में रहता था तुषार

अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। प्राथमिक जांच में पता चला कि तुषार पहले ईश्वर नगर बावड़िया कला में रहता था। तभी से प्रिया और तुषार की दोस्ती है। तुषार अब पारिका सोसाइटी के अंदर भूमि होम स्टे कॉलोनी में रहने लगा है। दोस्ती बढ़ने के कारण वह तुषार से मिलने पारिक सोसाइटी गई थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि छत से कूदने से पहले प्रिया और तुषार के बीच विवाद हुआ था।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, बुलेट के नीचे दबा मिला बेसुध

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित नशेमन गार्डन के पास इंदौर भोपाल रोड पर मंगलवार दोपहर एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह इंडियन ऑयल के प्लांट से ड्यूटी कर लौट रहा था। सड़क पर डिवाइडर के पास पड़ा देख राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

**हार्ट अटैक से मौत का अनुमान, पुलिस पीएम रिपोर्ट का कर रही इंतजार**

पुलिस के अनुसार तोलूराम पिता विजय पारगे (43) गांव बूढ़ाखेड़ा, थाना बैरागढ़ में रहता था। तोलूराम खजूरी सड़क स्थित इंडियन ऑयल के प्लांट पर नौकरी करता था। मंगलवार सुबह वह ड्यूटी गया था। उसकी तबीयत खराब होने के कारण वह जल्दी ड्यूटी से घर आने के लिए निकल गया। करीब पौने दो बजे के आसपास वह अपनी बुलेट बाइक से नशेमन गार्डन के पास मुख्य सड़क पर पहुंचते ही उसकी बुलट गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था तोलूराम बुलट के नीचे दबा हुआ था। उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि तोलूराम के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है। अनुमान है कि तबीयत बिगड़ने पर तोलूराम बुलट साइड में खड़ी कर रहे थे, तभी बुलेट उन पर गिर गई।

---

दैहिक शोषण करने के बाद शादी से मुकरा, केस दर्ज

# पत्नी से तलाक लेने का कहकर बिल्डर ने किया युवती से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर बिल्डर के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। युवती की दोस्ती भोजपुर क्लब में नौकरी करते समय बिल्डर से हुई थी। शादीशुदा बिल्डर ने युवती को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी करने से मुकर गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बिल्डर की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार 35 साल की युवती भोजपुर क्लब में नौकरी करती है। इसी क्लब में प्रगति अग्रवाल नामक बिल्डर मेंबर है। भोजपुर क्लब में बिल्डर की युवती से पहचान हो गई। उसने कहा कि मेरे ऑफिस में पार्ट टाइम जॉब कर लो। वह मान गई और वर्ष 2022 में प्रगति अग्रवाल के ऑफिस में पार्ट टाइम जॉब करने लगी। इसी बीच प्रगति अग्रवाल ने उससे कहा कि मैं तुम्हें पसंद करता हूं और शादी करना चाहता हूं। युवती ने उसे कहा कि तुम पहले से शादीशुदा हो। इस पर बिल्डर ने कहा कि मैं अपनी पत्नी से तलाक ले लूंगा। तीन साल तक युवती का दैहिक शोषण करने के बाद आरोपी ने न तो युवती से शादी की और न ही अपनी पत्नी से तलाक लिया। युवती ने जब शादी का दबाव बनाया तो बिल्डर ने शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता ने उसकी शिकायत कोलार थाने पहुंचकर की। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म, मामला दर्ज

शाहपुरा पुलिस ने युवती की शिकायत पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि करीब पांच साल तक दैहिक शोषण करने के बाद आरोपी शादी से मुकर गया। जब वह गर्भवती हो गई तो उसे रिश्तेदार के घर छोड़कर चला गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 25 साल की युवती थाना क्षेत्र स्थित एक मल्टी में रहती है। चार साल पूर्व उसकी दोस्ती स्कूल फ्रेंड जीत निशोदे से हुई थी। जीत निशोदे पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष है। उसने कहा था कि मेरी पत्नी से नहीं बनती है और उससे तलाक का केस चल रहा है। उसने कहा था कि पत्नी से तलाक लेकर शादी कर लूंगा। इसके बाद 12 नंबर मल्टी में किराए का मकान लेकर उसके साथ लिव इन रिलेशन में रहने लगा। चार साल बीत जाने के बाद भी उसने शादी नहीं की। गत दिनों जब जीत निशोदे को पता चला कि वह गर्भवती हो गई है और उसे पांच महीने का गर्भ हो गया है तो आरोपी उसे रिश्तेदार के घर छोड़कर चला गया। पीड़िता परेशान होकर शाहपुरा थाने पहुंचकर शिकायत की। शाहपुरा पुलिस ने आरोपी जीत निशोदे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

---

हिंदू सम्मेलन आयोजित करने बैठक आयोजित

# सम्मेलन में शामिल होने के लिए लोगों को देंगे पीले चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विशाल प्रभात फेरी में नारे लगे चलो चले हिंदू सम्मेलन में, उलझे उलझे प्रश्नों का है उत्तर केवल एक, हिंदू हम सब एक। औबेदुल्लागंज में हिंदू सम्मेलन के लिए बुधवार को श्री राम मंदिर में बैठक बैठक आयोजित की। बैठक में नगर परिषद के 15 वार्डों में 15 कलश वितरण किए गए। कार्यकर्ता घर-घर जाकर हिंदू सम्मेलन में शामिल होने के लिए पीले चावल देकर आमंत्रित करेंगे।

इस अवसर पर बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हिंदू सम्मेलन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक परंपराओं को सृदन बनाने का एवं हिंदू समाज की सामूहिक शक्ति को प्रकट करने का अवसर है। हिंदू समाज के नेताओं ने हनुमान जी महाराज का आशीष प्राप्त करने एवं हिंदू सम्मेलन में सहभागी बनने की सभी लोगों से अपील की है।



---

रहवासियों ने स्वच्छता एंबेसडर शर्मा से की शिकायत

# नलों से आ रहा गंदा, बदबूदार पानी नप के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के 15 वार्डों में नगर परिषद द्वारा सप्लाई किया जा रहा पीने का पानी पहले 10 मिनट तक गंदा आता है, जिसमें बदबू आती है। कलाबाई, भगवती बाई, पुष्पा देवी, द्रौपती देवी, कालीचरण एवं सावित्रीबाई ने बताया कि हमने आज स्वच्छता एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा को गंदा पानी आने की जानकारी दी। नलों से गंदा पानी आने का सिलसिला महावीर कॉलोनी, अर्जुन नगर, वार्ड 13 और 14 में सबसे ज्यादा है। वार्ड 4 और अन्य जगह में भी नलों से गंदा पानी आने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।


नगर से आता गंदा, मटमेला बदबूदार पानी।

स्थानीय महिलाओं का कहना है कि गंदा पानी पीने से इंदौर में 18 मौते हो चुकी है, इसके बावजूद औबेदुल्लागंज नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। भाजपा नेता पुरुषोत्तम शर्मा, वचन लोधी, आरती यादव, पूर्व पार्षद पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, माखन सेन, अनिल प्रजापति, राहुल प्रजापति आदि लोगों नगर परिषद के जिम्मेदारों से मांग की है कि इस व्यवस्था को शीघ्र ही सुधारा जाए।

---

शिव महापुराण कथा का दूसरा दिन

# भगवान को पाने किसी वस्तु की नहीं, सच्चे भाव की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अर्जुन नगर शिव धाम में चल रही शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन बुधवार को कथा वाचक पंडित राजेंद्र शास्त्री ने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की महिमा बताई। कथा सुनाते हुए कहा की भावना में भाव नहीं तो भावना बेकार है। भावना में भव है, तो भव से बेड़ा पार है। उन्होंने बताया कि भगवान भक्त के केवल सच्चे भाव देखते हैं, भगवान को पाने के लिए किसी विशेष वस्तु की आवश्यकता नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और समर्पण जरूरी है।



दूसरे दिन कथा का प्रारंभ करते हुए कथा व्यास पंडित राजेंद्र प्रसाद तिवारी शास्त्री ने शिवपुराण के अंतर्गत कार्तिक, गणेश जी महाराज जी का भी वर्णन किया गया। सती मैया और शिव भगवान की कथा को रोचक ढंग से भक्तों को सुनाया। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने आरती की। इस अवसर पर भोजपुरी नारी शक्ति अध्यक्ष आरती यादव, प्रियंका गुप्ता, निर्मला शर्मा, रुक्मिणी यादव, कुसुम शर्मा, राजबाई, आनीता पांडे, सुनीता सैनी, करूण भावावर, वचन लोधी, पुजा लोधी, बबली शर्मा, मल्होत्रा यादव के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

---

शिक्षा के क्षेत्र को दिया 60 वर्ष से ज्यादा का अमूल्य योगदान

# हजारों बच्चों को शिक्षित कर भविष्य संवारने वाले शिक्षाविद् विष्णु गेहानी का 90 वर्ष की आयु में निधन, क्षेत्र में शोक


विष्णु गेहानी
वरिष्ठ शिक्षाविद्

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

**30 वर्षों से लगातार विद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में दे रहे थे अपनी सेवाएं**

शिक्षा के क्षेत्र की जानी मानी हस्ती वरिष्ठ शिक्षाविद् 90 वर्षीय विष्णु गेहानी निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर हैं। गेहानी ने शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य किए है, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके निधन से शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी क्षति है, जिसकी पूर्ति कभी नहीं हो सकती। विष्णु गेहानी गुरुवार दोपहर 12 बजे संत नगर यथाशक्ति श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल एवं मुकिता इंटरनेशनल स्कूल के वरिष्ठ शिक्षाविद् विष्णु गेहानी के निधन पर स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रबंधन समिति द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महासचिव कन्हैयालाल रामनानी ने बताया कि आज हम सबके लिए ही नहीं अपितु शहर व समाज के लिए बड़े दुःख की घड़ी आई है कि इस शहर के पितृपुरुष वरिष्ठ शिक्षाविद् जिन्होंने बच्चों की शिक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। 60 वर्ष से ज्यादा का समय उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र को दिया। लगभग 30 वर्षों से इस विद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनका एक ही लक्ष्य था कि यहां के बच्चे उच्च पदों पर पहुंचाकर समाज का नाम ऊंचाइयों तक पहंचाएं। उनके सानिध्य में रहकर हज़ारों बच्चों आज उच्च पद पर हैं।

इस अवसर पर हीरो ज्ञानचंदानी, थांवर वरलानी, गोपाल गिरधानी, एसी साधवानी, तुलसी आडवानी, लखन भागचंदानी, राजकुमार, प्राचार्या एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थियों एवं अभिभावकगणों ने दो मिनिट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने बताया कि गेहानी का अंतिम संस्कार गुरुवार हो होगा। दोपहर 12 बजे अंतिम यात्रा निकलेगी। सर्वप्रथम संत वासुराम दरबार पर माथा टेका जाएगा, उसके बाद साधु वासवानी स्कूल, संत जी की कुटिया पर माथा टेका जाएगा। इसके बाद नव युवक सभा स्कूल भवन जहां गेहानी जी की कर्मस्थली है, वहां मंदिर में माथा टेका जाएगा। इसके बाद वेकुण्ड धाम संत हिरदाराम नगर विश्राम घाट पर दाह संस्कार किया जाएगा।

---

सफाई कर्मचारियों को तीन माह से नहीं मिला वेतन

# मोबाइल, घड़ी और अन्य सामान गिरवी रखकर चला रहे घर खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

**वेतन न मिलने से कर्मचारी नहीं मना पाएंगे मकर संक्रांति का त्यौहार**

नगर परिषद औबेदुल्लागंज के सफाई कर्मचारियों ने बताया कि तीन महीने से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण सभी सफाई कर्मचारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि हम रात 3 बजे से उठकर पूरे नगर की सफाई करते हैं और नगर का कचरा गाड़ी में भरकर फेंकते हैं, उसके बावजूद भी हमें पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिल रहा है।

नगर परिषद के कई कर्मचारियों ने बताया कि मोबाइल, घड़ी और अन्य सामान गिरवी रखकर हम अपने घर का खर्चा चला रहे हैं, लेकिन नगर परिषद सफाई कर्मचारी और अन्य कर्मचारियों की तरफ ध्यान नहीं दे रही है। कर्मचारियों ने बताया कि हम 15 दिन और देखते हैं अगर वेतन नहीं मिला तो हम सफाई कर्मचारी और नगर परिषद के कर्मचारी मिलकर आंदोलन करेंगे। इधर, कांग्रेस नेता हरजीत सिंह मंगू, राजू मेहरा आदि ने कहा 7 दिन बाद मकर संक्रांति का त्यौहार है। कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिला तो वे त्यौहार कैसे मनाएंगे।

भगवान विष्णु के वामन अवतार की झांकी का किया मंचन

# भक्त प्रहलाद और नरसिंह भगवान के प्रेम का वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पता नहीं किस रूप में आकर नारायण मिल जाएंगे... इसी भाव से परिपूर्ण भक्त प्रहलाद की भक्ति ने कथा पंडाल में श्रोताओं को प्रभु भक्ति में लीन कर दिया।

साकेत नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथाव्यास शशांक महाराज ने अजामिल प्रसंग सहित प्रहलाद के नारायण भक्ति की कथा सुनाई। इसके साथ ही नारायण के वामन अवतार की झांकी का मंचन किया गया। भगवान विष्णु के परम भक्त प्रहलाद को उसके अहंकारी पिता असुर राजा हिरण्यकश्यप बार-बार उसे नारायण भक्ति न करने का आदेश देते हैं। उनके कई बार मारने के प्रयास करते हैं यहां तक कि अपनी बहन होलिका की गोद में बिठा कर जलाने का प्रयास किया।


नारायण के वामन अवतार की झांकी का मंचन करते हुए।


कथा सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु। इनसेट में कथा सुनाते हुए।

### भगवान नरसिंह करते हैं वध

*राजा हिरण्यकश्यप के सब प्रयास के बावजूद प्रहलाद की भक्ति अडिग रहती है और अंततः भगवान विष्णु नरसिंह अवतार लेकर प्रहलाद के पिता का वध करते हैं। उसके बाद प्रहलाद को अपनी गोद में बिठाकर एक पिता की भांति दुलार करने लग जाते हैं। प्रहलाद और भगवान विष्णु की यह कथा सुन श्रोता भावविभोर हो गए।*

महाशिवरात्रि पर होगा भंडारा

## भोजपुर में 23वें विशाल भंडारे की सफलता के लिए विजयासन देवी से प्रार्थना की

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सदस्यों द्वारा 36 वर्षों से नव वर्ष के पहले बुधवार को सलकनपुर की पहाड़ियों में स्थित माता रानी की दर्शन करते आ रहे हैं। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल सदस्यों द्वारा आज माता रानी के दर्शन कर अगले माह 15 फरवरी को महा शिव रात्रि के पर्व पर भोजपुर में आयोजित होने वाले 23वें विशाल भंडारे की सफलता के लिए माता रानी की से प्रार्थना की गई।


सलकानपुर में माता के दर्शन को पहुंचे मंडल के सचिव रिंकू भटेजा और साथी।

प्रचार-प्रसार से युवाओं की सोच जागृत होगी

## महर्षि मैत्री श्रृंखला सनातन परंपरा को मजबूत करने का प्रयासः पांडे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश परशुराम कल्याण बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित महर्षि मैत्री श्रृंखला सत्यम का आयोजन सनातन को मजबूत करने के लिए एक अच्छा प्रयास है। यह बात मप्र सवर्ण अधिकारी कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने कही। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे का अभिनंदन किया। अशोक पांडे ने बताया कि परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजोरिया के नेतृत्व में आयोजित महर्षि मैत्री श्रृंखला सत्रम का आयोजन सनातनी परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में मजबूत कदम साबित होगा। इस आयोजन के प्रचार-प्रसार से सनातन समाज के युवाओं को पुनः सनातन परंपरा को अपनाने की सोच जागृत होगी।


अशोक पांडे का अभिनंदन करते हुए।

### खबर संक्षेप

### 20 फरवरी तक भोपाल से गुजरने वाली 13 ट्रेनें रूकेंगी प्रयाग स्टेशन

**भोपाल।** माघ मेले के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए भोपाल मंडल होकर गुजरने वाली 13 प्रमुख ट्रेनों को प्रयाग स्टेशन पर दो-दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है। यह व्यवस्था 1 जनवरी से 20 फरवरी तक प्रभावी रहेगी। रेलवे के इस निर्णय से माघ मेले में स्नान व दर्शन के लिए प्रयाग आने-जाने वाले यात्रियों को सीधी और सुगम कनेक्टिविटी मिलेगी। खासकर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत और पश्चिम भारत से आने वाले श्रद्धालुओं को इसका लाभ होगा। इंदौर-बनारस एक्सप्रेस, चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस (दोनों फेरे), यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस (दोनों फेरे), गोदान एक्सप्रेस, छपरा एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक-छपरा अंत्योदय एक्सप्रेस, गांधीनगर कैपिटल-वाराणसी एक्सप्रेस और रामेश्वरम-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस शामिल हैं।

### माशिमं: दसवीं-बारहवीं के विषयों में 10 तक करा सकेंगे त्रुटि सुधार

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा के आवेदन सुधार को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, अब विद्यार्थी ऑनलाइन विषयों में 10 जनवरी 2026 तक त्रुटि सुधार करा सकेंगे। विषय संशोधन के लिए 10 जनवरी के बाद परीक्षा केन्द्र अथवा मंडल स्तर पर विषय संशोधन की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। शिक्षण सत्र 2025-26 में आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन प्रविष्टि में विषयों में की गई त्रुटि सुधार के लिए 21 दिसंबर 2025 तक 500 रुपए प्रति विषय अर्थदण्ड के साथ विषयों में त्रुटि सुधार की ऑनलाइन सुविधा प्रदान की गई थी। छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन विषयों में त्रुटि सुधार के लिए 10 जनवरी 2026 तक सुविधा प्रदान की गई है।

### डॉ. एके रावत के निधन पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया शोक व्यक्त

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ, शिक्षाविद् एवं मार्गदर्शक डॉ. एके रावत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. रावत का निधन केवल चिकित्सा जगत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण शैक्षणिक एवं शिशु स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने चार दशकों से अधिक समय तक शिशु रोग चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाएं देकर असंख्य विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों को दिशा दी। एक उत्कृष्ट शिक्षक, कुशल चिकित्सक एवं संवेदनशील मानव के रूप में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. रावत ने सहायक प्राध्यापक से लेकर विभागाध्यक्ष, प्राचार्य एवं अधिष्ठाता जैसे दायित्वों का निर्वहन किया है।



एनआईसी के सॉफ्टवेयर में आ रही तकनीकी दिक्कत

# किसानों का भावांतर पेमेंट अटका, कलेक्टोरेट का काट रहे चक्कर... डीडीए ने कहा- मंडी बोर्ड की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**इस बार जिले के 20 हजार 833 किसानों ने भावांतर योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराए थे | 16 हजार 689 ने मंडी में सोयाबीन बेचा है, नीलामी राशि के अंतर को सरकार दे रही**

किसानों को सोयाबीन का समर्थन मूल्य देने के लिए शुरू की गई भावांतर योजना में किसानों को मंडी में सोयाबीन बेचने के अंतर की राशि नहीं मिल पा रही है, जिससे किसान कलेक्टोरेट के चक्कर काटने को मजबूर हैं। किसान जब डिप्टी डायरेक्टर कृषि कार्यालय पहुंचते हैं, तो उनसे कहा जाता है कि मंडी कार्यालय जाइए, जबकि एनआईसी के सॉफ्टवेयर में आई तकनीकी दिक्कत की वजह से किसानों को भावांतर की राशि नहीं मिल पा रही है। पिछले दो दिन के अंदर कलेक्टर को एक दर्जन से अधिक शिकायतें राशि नहीं मिलने की मिली हैं, इधर उप संचालक कृषि सुमनलता का कहना है कि इसकी जिम्मेदारी मंडी बोर्ड की है।

एनआईसी की तकनीकी दिक्कत की वजह से राशि वितरण में परेशानी हो रही है। प्रदेश में सरकार किसानों का सोयाबीन इस बार नहीं खरीद रही, जिसको लेकर सरकार ने भावांतर योजना शुरू की है, जिसके तहत जिले के 20 हजार 833 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराए थे। इनमें से 16 हजार 689 ने इस योजना के तहत मंडी में सोयाबीन बेचा है। जिसकी नीलामी राशि के अंतर को सरकार दे रही है। पिछले एक हफ्ते के दौरान किसानों को भावांतर की राशि नहीं मिल पा रही है, जिसको लेकर किसान कलेक्टर कौशलेंद्र के यहां शिकायत दर्ज करा रहे हैं। इस योजना के तहत एक नवंबर से 15 जनवरी तक खरीदी की जाएगी।


मंडी में बड़ी संख्या में खड़े किसानों के वाहन।

### आधी मिली भावांतर की राशि

*किसान गोकल बाई पत्नी कमल सिंह निवासी मानाखेड़ी बैरसिया ने बताया कि उन्होंने सोयाबीन की फसल गुना मंडी में बेची थी। भावांतर में रजिस्ट्रेशन होने से उन्हें 18 हजार 700 रुपए मिलने थे, लेकिन बैंक खाते में आधी राशि ही मिली है। कृषि विभाग में संपर्क किया गया, लेकिन जांच की बात कही गई है।*

### एनआईसी की तकनीक दिक्कतें होंगी दूर

किसानों की भावांतर राशि भुगतान के लिए एनआईसी की तकनीकी दिक्कत हैं, जिन्हें दूर किया जा रहा है। राशि ट्रांसफर का काम मंडी बोर्ड देखता है।

### पुरानी फसल पर ले लिया भावांतर, मंडी कर्मचारियों की मिलीभगत

किसान प्रदीप दांगी पिता लखन सिंह निवासी गरेठिया दांगी बैरसिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने 14 और 15 नवंबर को मंडी में सोयाबीन की पुरानी फसल बेची थी, जिसकी रसीद भी मंडी में पेश नहीं की थी, बावजूद इसके मंडी कर्मचारियों ने मिलीभगत कर मेरी पुरानी फसल पर भावांतर योजना का फायदा ले लिया। मैं जब एक दिसंबर को नई फसल लेकर पहुंचा, तो पता चला कि इसका फायदा पहले ही लिया जा चुका है। किसान का कहना है कि उसने भावांतर राशि मिलने की उम्मीद में ही उसकी नई फसल कम दामों पर बेची थी, लेकिन उसके साथ धोखाधड़ी की गई है।

### किसान का रकबा दर्ज कर दिया जीरो

किसान काशीराम पिता मूलचंद निवासी रमपुरा बालाचौन बैरसिया ने बताया कि इस बार भी सोयाबीन की फसल बेचने के लिए मंडी पहुंचा, तो पता चला कि मेरे भावांतर के रजिस्ट्रेशन में खेती का रकबा जीरो कर दिया है, जिससे मुझे भावांतर योजना का फायदा नहीं मिल रहा है। किसान का आरोप है कि पटवारी पंकज द्वारा रकबा दर्ज करने में लापरवाही बरती गई है।

दिसंबर में 2 करोड, 71 लाख से अधिक की रियायत

## उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर बना वरदान, दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है।

■ उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर ये छूट दी गई

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत, माह दिसंबर 2025 के दौरान कुल 4,29,935 उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान किया है, जिसकी कुल राशि 02 करोड़, 71 लाख 72 हजार रुपए है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर ये छूट दी गई है। कंपनी ने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए जिसमें घरेलू, गैर घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सोलर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई। ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20% की छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड, अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही दी जा रही है।

### स्मार्ट मीटर के फायदे

- *ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने व ऊर्जा की बचत में मदद करता है।*
- *बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती।*
- *एप के जरिए मोबाइल पर रियल-टाइम डेटा देखकर ऊर्जा की खपत को नियंत्रित कर सकते हैं।*
- *ऊर्जा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है, ताकि खपत बेहतर हो।*
- *ऊर्जा की खपत को ऑनलाइन ट्रैक करने और नियंत्रित करने की सुविधा मिलती है।*
- *ऊर्जा की खपत को कम करने से पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव कम होता है।*
- *ऊर्जा की खपत को नियंत्रित करने और ऊर्जा की बचत करने में मदद कर सकता है।*


बैठक में जानकारी देते हुए।

सलकनपुर विजासनमाता मंदिर में आयोजित होगा चुनाव

## मप्र तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष पद का त्रिवार्षिक चुनाव 11 जनवरी को पावन तीर्थ स्थल सलकनपुर विजासनमाता मंदिर में आयोजित किया जाएगा।

प्रदेश मीडिया प्रभारी विवेक साहू ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के लिए अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. सियाराम साहू को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। चुनाव में 1300 से अधिक मतदाता सहभागिता करेंगे। चुनाव की जिम्मेदारी मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश के. साहू के नेतृत्व में संपन्न होगी। उनके साथ सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में हरिशंकर साहू, अनिल कुमार साहू अकेला, रामगोपाल साहू एवं शोभा साहू कार्य करेंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश के साहू ने बताया कि 10 जनवरी को नामांकन प्रक्रिया संपन्न होगी।

## स्टॉलों और फूड प्लाजा से लिए खाद्य सामग्री के लिए सैंपल

**भोपाल।** मंडल के स्टेशनों पर यात्रियों को बेहतर खाद्य सामग्री मुहैया कराने की दिशा में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के मार्गदर्शन में नियमित रूप से अवैध वेंडरों के विरुद्ध चैकिंग अभियान चलाकर करवाई की जाती है। इसी कड़ी में सहायक वाणिज्य प्रबंधक, खानपान निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं वाणिज्य पर्यवेक्षक की टीम द्वारा भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1, 2 एवं 3 पर औचक निरीक्षण कर स्टेशन परिसर में अनधिकृत रूप से खाद्य सामग्री का विक्रय कर रहे 19 अवैध वेंडरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

■ भोपाल स्टेशन पर 19 अवैध वेंडरों पर की कार्रवाई

जांच के दौरान स्टेशन पर स्थित स्टालों एवं फूड प्लाजा से खाद्य सामग्री के गुणवत्ता परीक्षण के लिए सैंपल लिए गए, जिन्हें निर्धारित प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। निरीक्षण के समय स्वच्छता, खाद्य गुणवत्ता, निर्धारित मानकों के अनुपालन एवं लाइसेंस की वैधता की भी जांच की गई।

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्रियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अनधिकृत वेंडिंग एवं मानकों के उल्लंघन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

तहसील सहित वार्ड दफ्तरों में चल रही नो मैपिंग की सुनवाई

## तीन दिन में तीन हजार लोग पहुंचे जन्म से जुड़े कागजात दिखाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर में 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की नो मैपिंग होने से सुनवाई की जा रही है। इन मतदाताओं को नोटिस देकर उनसे जन्म का प्रमाण लिया जा रहा है। जबकि 13 हजार 319 मतदाताओं ने बीएलओ को दस्तावेज देकर अपलोड करा दिए हैं, जबकि पांच जनवरी से शुरू हुई सुनवाई में अब तक 3 हजार 254 मतदाताओं ने तहसील और वार्ड दफ्तरों में आकर जन्म से जुड़े दस्तावेज पेश कर दिए हैं।


बीएलओ को प्रमाण पत्र देते हुए मतदाता।

### 14 फरवरी तक होगी सुनवाई

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान जिले की सात विधानसभाओं में 4 लाख 38 हजार 317 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जबकि 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नो मैपिंग केटगरी में रखा गया है। इन मतदाताओं को जन्म से जुड़े दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे, जिसके आधार पर ही इन लोगों के नाम वोटर लिस्ट में बने रहेंगे। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई का काम 14 फरवरी तक जारी रहेगा। ऐसे मतदाता जो समय पर दस्तावेज पेश नहीं कर सकेंगे।

### स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का गठन

**भोपाल।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत कमांड क्षेत्र विकास का आधुनिकीकरण (एमसीएडी) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन ने सचिव, जल संसाधन की अध्यक्षता में राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई स्टेट प्रोजेक्ट मेनेजमेंट यूनिट एसपीएमयू का गठन किया है।

समिति में आयुक्त कमांड क्षेत्र विकास जल संसाधन, प्रमुख अभियंता जल संसाधन, सदस्य अभियांत्रिकी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, योजना से संबंधित मुख्य अभियंता जल संसाधन,एनवीडीए, संचालक कृषि एवं किसान कल्याण, संचालक उद्यानिकी, संचालक हाइड्रोलॉजी (बोधी), जल संसाधन, संचालक सहभागिता सिंचाई प्रबंधन, जल संसाधन, योजना से संबंधित अधीक्षण यंत्री जल संसाधन, एनवीडीए, योजना से संबंधित कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, एनवीडीए सदस्य होंगे।

बोट क्लब क्षेत्र में भी एक पेड़ काटते हुए वीडियो वायरल हुआ

## एनजीटी की रोक के बावजूद जवाहर चौक क्षेत्र में काटे कई पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के जवाहर चौक क्षेत्र में पेडों की कटाई का मामला प्रकाश में आया है। यहां कई पेड़ों को काटा गया है। डीआईजी बंगला क्षेत्र निवासी किशोर हस्सानी ने बताया कि बड़ी संख्या में पेड़ों का काट दिया गया है। जबकि वर्तमान में एनजीटी ने पेड़ों की कटाई पर रोक लगा रखी है।

इसके बावजूद कोई रोकथाम के इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। जवाहर चौक में पेड़ों को काटने को लेकर अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई। इधर, बोट क्लब क्षेत्र में भी एक पेड़ काटते हुए वीडियो वायरल हुआ है। इसमें एक व्यक्ति पेड़ को काटते हुए नजर आ रहा है। इसकी भी पुष्टि नहीं हो सकी।


कटे हुए पेड़ का लगा ढेर।

### अयोध्या बायपास पर पेड़ों की कटाई को लेकर आज होगी सुनवाई

भेल क्षेत्र के अयोध्या बायपास रोड को दसलेन किए जाने को लेकर बीते दिनों की गई पेडों की कटाई के मामले में आठ जनवरी को एनजीटी में सुनवाई होगी। एनएचआई द्वारा 16 किलोमीटर लंबा दसलेन रोड बनाया जाना है। इस रोड पर लगे करीब दो से ढाई हजार पेड़ 22, 23 और 24 दिसंबर 2025 को काटे गए। इसके विरोध में पर्यावरण प्रेमी मैदान में उतर आए और खासा विरोध करते हुए याचिका दायर की। इस पर एनजीटी ने 8 जनवरी तक पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी थी।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शालिनी ने विद्यार्थियों का किया स्वागत

## कॉलेज चलो अभियान के तहत स्कूल के विद्यार्थियों ने किया एसपीएम का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान के तहत प्रज्ञा हायर सेकंडरी स्कूल सहित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 12वीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय का भ्रमण किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने स्कूल के विद्यार्थियों का स्वागत कर बताया कि कॉलेज चलो अभियान आपके सपनों को हकीकत में बदलने वाला क्रांतिकारी कदम है।

कॉलेज वह स्थान है जहां आपके व्यक्तित्व को पंख और प्रतिभा को सही दिशा मिलती है। साथ ही 12वीं कक्षा में अध्यनरत विद्यार्थियों को कॉलेज में मिलने वाली सुविधाओं जैसे स्कॉलरशिप संबंधी जानकारी, एनसीसी, एनएसएस, कॅरियर प्रकोष्ठ, स्पोर्ट्स, पुस्तकालय आदि की जानकारी दी। साथ ही कॉलेज चलो अभियान टीम के प्रभारी डॉ. मधुसूदन प्रकाश ने कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के विभाग अध्यक्ष से विद्यार्थियों को रूबरू कराया। कॉलेज चलो अभियान की टीम में शामिल डॉ. निशा यादव, डॉ उमाशंकर कुल्हारे, डॉ अर्चना नागर, डॉ. आकांक्षा चौधरी, डॉ. अनादि मिश्रा, डॉ. धीरज शामिल रहे।



# विचार, साहित्य और कला के उत्सव के लिए कल से सजेगा भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

झीलों की नगरी भोपाल एक बार फिर विचार, साहित्य, कला और संस्कृति के सशक्त संवाद का केंद्र बनने जा रही है। भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल (बीएलएफ) 2026 का आठवां संस्करण 9 से 11 जनवरी तक भारत भवन में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी फेस्टिवल डायरेक्टर राघव चंद्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राघव चंद्रा ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाला यह फेस्टिवल देश और विदेश के प्रतिष्ठित लेखकों, विचारकों, कलाकारों और बुद्धिजीवियों को एक मंच पर लाकर गहन वैचारिक संवाद और सांस्कृतिक सहभागिता को नया आयाम देगा। उन्होंने कहा कि यह फेस्टिवल भोपाल को एक सशक्त सांस्कृतिक एवं बौद्धिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। फेस्टिवल के दौरान लेखक संवाद, परिचर्चाएं, पुस्तकों का विमोचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कला प्रदर्शनियां तथा विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में भारत सहित विभिन्न देशों से आए प्रसिद्ध लेखक, राजनयिक, इतिहासकार, सैन्य अधिकारी, सांसद, कलाकार और शिक्षाविद भाग लेंगे। लेखक संवाद, परिचर्चाएं, पुस्तक विमोचन, कला प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विशेष कार्यक्रम शामिल होंगे। भारत और विदेश से लेखक, इतिहासकार, राजनयिक, सैन्य अधिकारी, कलाकार और शिक्षाविद इसमें सहभागिता करेंगे।

**भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल का 8वां संस्करण 9 से 11 तक**



पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी देते आयोजक।

### ट्राइबल आर्ट कैंप एंड फेयर

फेस्टिवल के अंतर्गत भारत भवन द्वारा ट्राइबल आर्ट कैंप एंड फेयर 2026 का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 10 राज्यों से 60 से अधिक आदिवासी कलाकार भाग लेंगे। गोंड, बैगा, भील, पिथोरा, वारली और भारिया चित्रकला के साथ बांस, लकड़ी और लोहे के शिल्प प्रदर्शित किए जाएंगे। इस वर्ष गोंडना और मुरिया जैसी दुर्लभ कला परंपराओं पर विशेष ध्यान रहेगा।

### युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम

युवा प्रतिभाओं की रचनात्मकता और सांस्कृतिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा 'यंगरंग' के अंतर्गत कहानी-कथन, चित्रकला और कविता प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। फेस्टिवल में मंचीय और दृश्य कलाओं को समर्पित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिनमें दास्तान-ए-गुरु दत्त, काव्यराग-जब कविता संगीत से मिलती है, शाम-ए-कलाम और दास्तान-ए-शंकर शामिल हैं। आधुनिक कला दीर्घा में पद्मश्री दुर्गा बाई व्याम की कलाकृतियों की विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

### समृद्ध बौद्धिक विमर्श का मंच

फेस्टिवल के अंतर्गत भारत की सभ्यतागत यात्रा, वैश्विक राजनीति और संघर्ष, भारत-चीन संबंध, संवैधानिक मूल्य, तकनीकी शासन प्रणाली, पर्यावरणीय संकट, जनजातीय इतिहास, महिला नेतृत्व, सिनेमा एवं जन-संस्कृति तथा लोकतंत्र के भविष्य जैसे विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। इन सत्रों में प्रमुख वक्ताओं के रूप में विलियम डैलरिम्पल, अश्विन सांघी, नीरा चांधोके, साल्वातोरे बाबोनेस, गौतम मुखोपाध्याय, सैयद अकबरुद्दीन, सुजान चिनॉय, अशोक के. कंथा और प्रोबल दासगुप्ता सहभागिता करेंगे।

---

पतंगों का रंगीन जश्न ऑपरेशन सिंदूर, तिरंगा और सिद्धू मूसेवाला की पतंगों की धूम

# इस मकर संक्रांति आसमान में फर्राटा भरेंगी 'ऑपरेशन सिंदूर' की रंग-बिरंगी पतंगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मकर संक्रांति के अवसर पर राजधानी का आसमान एक बार फिर रंग-बिरंगी पतंगों से छाया रहेगा। पुराने भोपाल के इतवारा बाजार में इन दिनों पतंगों की जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। दुकानों पर ऑपरेशन सिंदूर, तिरंगा और प्रसिद्ध गायक सिद्धू मूसेवाला की तस्वीरों वाली पतंगों की सबसे ज्यादा मांग है। पतंग प्रेमी अभी से संक्रांति की तैयारियों में जुट गए हैं।

इत्वारा बाजार में सजी दुकानों पर हर रंग, आकार और डिज़ाइन की पतंगें उपलब्ध हैं। दुकानदारों के अनुसार भोपाल में पतंग उड़ाने का शौक सिर्फ संक्रांति तक सीमित नहीं है, लेकिन इस पर्व पर इसका अलग ही उत्साह देखने को मिलता है।



आपरेशन सिंदूर के चित्रों वाली पुस्तकें बाजार में मिलने लगी हैं।



रंग बिरंगी पतंगों से सजी दुकान।




### बरेली से आती हैं पतंगें और मांझा

पतंग विक्रेता उमेज ने बताया कि भोपाल में बिकने वाली अधिकतर पतंग और मांझा बरेली से मंगाया जाता है। मांझे की कीमत 5 से 20 हजार रुपये तक है। उन्होंने बताया कि शहर में बड़े पतंग शौकीन भी हैं, जो ऑर्डर पर 10 हजार रुपये तक की खास पतंग बनवाते हैं। इस बार कई लोगों ने बड़ी और खास डिज़ाइन वाली पतंगों के ऑर्डर पहले ही दे दिए हैं।


ऑपरेशन सिंदूर की पतंगें दिखाते युवा।

### हर बजट में उपलब्ध पतंग

बाजार में 300 रुपये की तावा पतंग से लेकर पौना और छोटी पतंगें भी उपलब्ध हैं, जिससे हर वर्ग के लोग अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं।

### संक्रांति पर होता है पतंगों का जलवा

ग्राहकों का कहना है कि वे सालभर पतंग उड़ाते हैं, लेकिन मकर संक्रांति पर पतंग बाजी का अलग ही मज़ा होता है। आज भी लोग पुराने अंदाज़ में बाजी लगाकर पेंच लड़ाते हैं और आसमान में अपनी पतंग का दबदबा कायम करने की कोशिश करते हैं। मकर संक्रांति के करीब आते ही भोपाल का आसमान पतंगों के फर्राटों और उत्साह से गूंजने को तैयार है।

---

**13 जनवरी को थिएटर ग्रुप करेगा एलबीटी में मंचन, रिहर्सल में जुटे आर्टिस्ट**

# पांच कहानियों का सशक्त कोलाज है नाटक 'सब चुप हैं'




नाटक की रिहर्सल करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंगमंच प्रेमियों के लिए एक खास नाट्य प्रस्तुति लेकर आ रहा है, थिएटर ग्रुप 'सब चुप हैं' का मंचन 13 जनवरी को लिटिल बैले ट्रुप (एलबीटी) में किया जाएगा। इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है और आर्टिस्ट रिहर्सल में जुटे हुए हैं। यह नाटक चर्चित कहानीकार संजय जैन की पांच चुनिंदा कहानियों का कोलाज है, जिसमें खुली दराज़ और बिखरी ख़ुशबूएं, ग्रीनबेल्ट, अपराध, एकांत में उजाड़ और सब चुप हैं शामिल हैं।

**समकालीन समाज की जटिलताओं को उकेरता नाटक**

यह नाट्य प्रस्तुति प्रेम की अनुभूति के साथ-साथ मौकापरस्ती, पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, बाजारवाद जैसे समकालीन मुद्दों को उजागर करती है। नाटक आज के समाज की उन परतों को खोलता है, जिन पर अक्सर चुप्पी छाई रहती है।


ऐसा भी होगा नाटक का एक दृश्य।


नाटक का पूर्वाभ्यास करते आर्टिस्ट।

### कहानी के रंगमंच में नया प्रयोग

इस नाटक के माध्यम से वरिष्ठ रंगकर्मी बालेंद्र सिंह ने कहानी के रंगमंच में एक नया प्रयोग किया है, संजय जैन की कहानियों को मंचीय भाषा में ढालते हुए उन्होंने कथ्य और प्रस्तुति के बीच एक सशक्त संतुलन स्थापित किया है।

### निर्देशन और नाट्य रूपांतरण

नाटक का नाट्य रूपांतरण और निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी बालेंद्र सिंह द्वारा किया गया है। उनकी निर्देशकीय दृष्टि नाटक को वैचारिक गहराई के साथ प्रभाव शाली मंचीय अनुभव प्रदान करती है।

---

राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मेलन


सम्मान समारोह में भोपाल के साहित्यकार।

# नाथद्वारा में सम्मानित हुए भोपाल के चार बाल साहित्यकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के बाल साहित्यकारों को नाथद्वारा में भगवती प्रसाद देवपुरा स्मृति राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मेलन में सम्मानित किया गया। इनमें अशोक व्यास एवं सज्जन सिंह साथी को बाल साहित्य विभूषण, घनश्याम मैथिल 'अमृत' को चमन सिंह सिंघल स्मृति बाल साहित्य भूषण, इंदिरा त्रिवेदी और नीना सिंह सोलंकी को पुरुषोत्तम पालीवाल स्मृति बाल साहित्य भूषण सम्मान–2026 प्रदान किया गया।

### समारोह में हुआ सम्मान

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस सम्मेलन में सभी सम्मानित रचनाकारों को पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश रविकांत गर्ग एवं साहित्य मंडल नाथद्वारा के प्रधानमंत्री श्याम प्रकाश देवपुरा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें शॉल, राजस्थानी पगड़ी, श्रीनाथजी का चित्र, प्रसाद, श्रीफल, अभिनंदन पत्र और सम्मान निधि भेंट की गई।

## परीक्षा को उत्सव की तरह मनाएं, 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए तैयार हो जाएं: सारिका



**भोपाल।** आज देशभर के करोड़ों छात्र, शिक्षक और अभिभावक उस खास पल का इंतज़ार कर रहे हैं, जब पीएम नरेंद्र मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से उनसे संवाद करेंगे। यह बात दूरदर्शन मप्र पर लाइव टेलिकास्ट के दौरान विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने दर्शक बच्चों एवं शिक्षकों से कही। परीक्षा पे चर्चा के पहले, दूरदर्शन एमपी पर छात्रों को प्रेरणा देने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की अनुशंसा पर विशेषज्ञ के रूप में सारिका को उत्तरदायित्व सौंपा गया था। कार्यक्रम संचालक कृतिका चौबे व मुख्य कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र परिहार के निर्देशन मे यह लाइव टेलिकास्ट में मप्र से अनेक दर्शकों ने अपनी जिज्ञासा का समाधान किया।

# चंदेरी के करघों की कारीगरी से सजा विरासत का उत्सव



### मृगनयनी जीटीबी में चंदेरी उत्सव का शुभारंभ

**भोपाल।** मप्र की समृद्ध बुनकरी परंपरा और सांस्कृतिक वैभव को समर्पित चंदेरी उत्सव का शुभारंभ बुधवार को संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा किया गया। यह उत्सव जीटीबी कॉम्पलेक्स के मृगनयनी एम्पोरियम में आयोजित किया जा रहा है। एक्टर हिमानी शिवपुरी ने चंदेरी की ओरिजनल जरी साड़ी देखी। स्टोर इंचार्ज अरविंद शर्मा हस्तशिल्प हाथकरघा की जानकारी दी।


एम्पोरियम में साड़ी पसंद करतीं महिलाएं।

### महीन बुनावट और शाही कारीगरी का अद्भुत संगम

उत्सव में चंदेरी की प्रसिद्ध महीन बुनावट और शाही कारीगरी दर्शकों को आकर्षित कर रही है। हल्के रेशम, सूती एवं रेशम-सूती मिश्रित धागों से बनी चंदेरी साड़ियां अपनी पारदर्शिता, चमक और नफासत के लिए विश्वविख्यात हैं। चंदेरी की सदियों पुरानी परंपरा का जीवंत उदाहरण है।


बॉलीवुड अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी को साड़ी दिखाते मृगनयनी के प्रबंधक।

### प्रसिद्ध बुनकरों के वस्त्रों ने मोहा मन

चंदेरी बुनकर मो. शफीक खान और मो. माजिद अली, जिन्होंने उत्कृष्ट वस्त्रों का प्रदर्शन किया। उनके करघों से निकली साड़ियां केवल वस्त्र नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति और कला की कहानियां हैं, जो धागों में बुनी गई हैं।

### बादल महल डिज़ाइन बना आकर्षण का केंद्र

बादल महल डिज़ाइन की प्रतिकृति रूप से प्रदर्शित की गई है, जो चंदेरी की ऐतिहासिक पहचान को रेखांकित करती है। साथ ही अशर्फी जुगनु बुटी, सोने-चांदी के मिश्रण से बनी जरी से तैयार साड़ियां और वस्त्र दर्शकों को खूब लुभा रहे हैं।

## उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां स्मरण संगीत समारोह आज से देवास में

**भोपाल।** उस्ताद रजब अली – अमानत अली खां स्मरण संगीत समारोह 8-9 जनवरी को देवास के मल्हार स्मृति मंदिर में होने जा रहा है। प्रदेश एवं देश के संगीतज्ञों की संगीत सभाएं प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से होंगी। संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि के पहले 8 जनवरी को तीन संगीत सभा सजेंगी। इनमें पहली सभा शास्त्रीय गायन की होगी, जिसे प्रशांत मोघे, इंदौर प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद रुचा बेडेकर, अहमदाबाद का सरोद वादन होगा। पहले दिन की अंतिम प्रस्तुति शास्त्रीय गायन की होगी, जिसे आस्था गोस्वामी, वृन्दावन प्रस्तुत करेंगी। दूसरे दिवस 9 जनवरी को वर्षा बंसीवाल, इंदौर का शास्त्रीय गायन होगा। इसके बाद भरत नायक, ग्वालियर का सितार वादन होगा। अंतिम प्रस्तुति सरोद, सेक्सोफोन, वायलिन एवं तबला वाद्यवृंद की प्रस्तुति दी जायेगी। इसे आमिर खान, प्रियंक कृष्णा, फिल स्कार्फ एवं अभिजीत प्रस्तुत करेंगो।

---

जयश्री कियावत को दिया गया लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

# देश विदेश की 25 महिला विभूतियों को मिला ऊर्जस्विता सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के नेतृत्व में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश–विदेश की विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 25 महिला विभूतियों को ऊर्जस्विता सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल उपस्थित रहे। महापौर मालती राय एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन रहीं।

जयश्री कियावत को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड कई जिलों में कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकीं जयश्री कियावत को उनके दीर्घकालीन प्रशासनिक योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**महिलाएं समाज की प्रेरणास्रोत निर्मला भूरिया**

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जब वे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में आगे आती हैं तो दूसरों के लिए प्रेरणा बनती हैं।



महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने ऊर्जस्विता सम्मान–2026 कार्यक्रम में विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया।

**महिलाओं की भागीदारी से समाज मजबूत होता है**

लखन पटेल ने कहा कि चाहे धार्मिक आयोजन हों या सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम, महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज को मजबूती देती है। इस प्रकार के सम्मान समारोह महिलाओं को आगे बढ़ने का संबल देते हैं और निरंतर होते रहना चाहिए। अनुनय संस्था की अध्यक्ष माही भजनी ने संस्था के उद्देश्यों और पुरस्कारों की जानकारी दी। संस्था के सचिव, सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी डॉ. ए.के. भट्टाचार्य ने पुरस्कार के लिए चयनित महिलाओं और चयन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पार्षद अरविंद वर्मा भी उपस्थित रहे।

### इन महिला विभूतियों का किया सम्मान

इजाबेल (स्विट्जरलैंड) – इको टूरिज्म डॉ. सीमा अलावा (इंदौर) – प्रशासनिक सेवामहामंडलेश्वर देवी मां शिवांगी नंद गिरी जी (उज्जैन) – अध्यात्म अनुपमा जोशी (उत्तराखंड) – डिफेंस सर्विसेस नीतू शर्मा – सामाजिक नेतृत्व डॉ. स्मिता रिछारिया (नर्मदापुरम) – लेखन सोफी हार्टमैन (यूके) – कम्युनिटी डेवलपमेंट डॉ. महिमा तारे (ग्वालियर) – महिला सशक्तिकरण तान्या मरावी (छत्तीसगढ़) – आदिवासी कला दीप्ति ओग्रे – जनजातीय संस्कृति एवं उद्यमिता अनुज्ञा शर्मा (शाजापुर) – खेल डॉली शर्मा (भोपाल) – समाज सेवा प्रीति शर्मा जैन – प्रिंट मीडिया डॉ. प्रिया सिंह कुशवाह – स्वास्थ्य सेवा गुंजन चौकसे – राजनीति विनीता सिंह तोमर – समाज सेवा जया शर्मा – इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मुद्रा केसवानी – सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तरु सक्सेना – आतिथ्य शिक्षा अविशी श्रीवास्तव – शिक्षा एवं प्रशिक्षण डॉ. मनेन्द्र कटियार – लोक स्वास्थ्य डॉ. राखी माहेश्वरी – स्वास्थ्य सेवा प्रशासन नमिता छेत्री (दिल्ली) – सामाजिक उद्यमिता डॉ. श्वेता गर्ग (छतरपुर) – सामुदायिक विकास

---

सशक्त स्टार्ट-अप ईको-सिस्टम में मिलेगी मदद

# मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट 11 और 12 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 'विकसित एमपी <\@>2047 'विज़न को सकारात्मक गति देने और अधिक सुदृढ़ करने के साथ ही स्टार्ट-अप इको-सिस्टम को अगले स्तर तक ले जाने के उद्देश्य से 11 एवं 12 जनवरी को रवींद्र भवन, में मप्र स्टार्ट-अप समिट 2026 का आयोजन होने जा रहा है। सोमवार 12 जनवरी को मुख्यमंत्री इसमें सहभागिता करेंगे। समिट में राज्य एवं देश भर से स्टार्ट-अप्स, निवेशक, इनक्यूबेटर्स, उद्योग प्रतिनिधि, शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य हितधारक सहभागिता करेंगे। यह समिट स्टार्ट-अप्स को निवेश, नेटवर्किंग, नीति संवाद एवं नवाचार प्रदर्शन का एक सशक्त मंच प्रदान करेगी।

मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप नीति–2025 का फ़रवरी 2025 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में विमोचन के साथ राज्य में नवाचार एवं उद्यमिता को एक नई दिशा प्राप्त हुई। नीति के सफल क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्रदेश के स्टार्ट-अप इको-सिस्टम को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान एवं तीव्र गति प्राप्त हुई है। नवीन नीति से स्टार्ट-अप्स के प्रत्येक चरण के लिए वित्तीय सहायता, इनक्यूबेशन, निवेश, पेटेंट सहयोग एवं बाजार से जुड़ाव जैसे अनेक सशक्त प्रावधान सुनिश्चित किए गए, जिससे प्रदेश में नवाचार-आधारित आर्थिक विकास को गति मिली है।



# मेडिसिन पैकिंग पर मौजूद इन इंडिकेशंस पर करें गौर

आप भी अकसर डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन पर या अपनी जानकारी के आधार पर मेडिकल स्टोर से दवा ले आते होंगे। लेकिन दवा लेते समय सावधानी रखें और उसकी पैकिंग पर दर्ज कुछ मार्क्स या इंडिकेशंस पर गौर करें। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

अवेयरनेस

प्रतिभा अग्निहोत्री



हम सभी को कभी न कभी किसी रोग के उपचार में डॉक्टर के पास जाना ही पड़ता है। अकसर देखा जाता है कि डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन लेकर हम मेडिकल स्टोर पर जाते हैं और दवा लेकर चले आते हैं। कई बार कुछ दवाइयां बच भी जाती हैं और हम उन्हें उठाकर रख देते हैं। घर-परिवार में किसी अन्य सदस्य को वैसी ही बीमारी होने पर हम वही दवा उसे भी दे देते हैं या फिर प्रिस्क्रिप्शन देखकर अकसर मेडिकल स्टोर से बिना सोचे-विचारे, बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए दवा खरीदकर खा लेते हैं। इससे कई बार दवा का रिएक्शन हो जाता है और तबियत बिगड़ भी जाती है। कुछ दवाइयां ऐसी होतीं हैं, जिन्हें विशेष बीमारियों के लिए ही दिया जाता है। इनकी स्ट्रिप या पैकिंग पर कुछ निशान बने या इंडिकेशन लिखे होते हैं, जिन पर हम कभी ध्यान ही नहीं देते, जबकि इन्हें जानना अत्यंत आवश्यक होता है। ऐसी कोई भी दवाई आपके घर में है तो इन्हें लेने से पूर्व डॉक्टरी सलाह अवश्य लें।




**रेड कलर की लाइन:** सभी एंटीबायोटिक दवाइयों पर साइड में लाल रंग की एक धारी बनी होती है, जिसका तात्पर्य होता है कि इन्हें डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन के बिना बेचा और खरीदा नहीं जा सकता। ये दवाइयां टी. बी., मलेरिया, यूरिनरी इंफेक्शन और एच. आई. वी. जैसी गंभीर बीमारियों में दी जाती हैं। रेड लाइन मार्क होने का उद्देश्य ही इनकी ओपेन सेलिंग पर रोक लगाना है।

**Rx (आरएक्स):** कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर साइड में आरएक्स लिखा होता है। इसका मतलब है कि ऐसी दवाइयों का सेवन केवल डॉक्टर की सलाह से ही किया जा सकता है। इसे केवल वही खरीद सकता है, जिसे डॉक्टर ने अपने पर्चे पर लिखकर दिया हो। ऐसी दवाएं अपने मन से खरीदकर नहीं खानी चाहिए।

**NRx (एनआरएक्स):** यह भी कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर ही लिखा होता है। चूंकि ये नशीली दवाइयां होतीं है। इसलिए इन्हें केवल वही डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन पर लिख सकते हैं, जिन्हें इन्हें लिखने का लाइसेंस प्राप्त हो और लाइसेंस होल्डर मेडिकल स्टोर ही इनको बेच सकते हैं। मस्तिष्क संबंधी और मिर्गी जैसी गंभीर मानसिक बीमारियां इसी केटेगरी में आती हैं।

**XRx (एक्सआरएक्स):** एक्सआरएक्स मार्क्ड दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं। ये केवल उन डॉक्टरों के पास होती हैं, जिनके पास इनका लाइसेंस होता है। इसे डॉक्टर सीधे मरीज को दे सकते हैं। एनेस्थीसिया में दी जाने वाली दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं।

**H या Hx (एच या एचएक्स):** जिन दवाओं की पैकिंग पर यह मार्क किया हुआ होता है, वे बहुत खतरनाक दवाइयां होतीं हैं। ये स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भी खतरनाक होती हैं। कीमोथेरेपी की दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं। इसलिए इन्हें विशेष रूप से हैंडल करने की आवश्यकता होती है। ये दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं।



**शेड्यूल H1 ( एच वन):** यह प्रिंट भारतीय दवा कानून से संबंधित है। दवाओं की पैकिंग पर यह प्रिंट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह दवाओं की एक विशेष श्रेणी है। इस प्रिंट की दवाएं हार्ड एंटीबायोटिक्स या ऐसी ही तेज दवाएं होती हैं। इन्हें बिना डॉक्टरी प्रिस्क्रिप्शन के नहीं खरीदा जा सकता। इनकी बिक्री के लिए मेडिकल स्टोर को अलग से परमिशन लेनी पड़ती है, उसका रिकॉर्ड रखना होता है।

दवा खरीदते समय इन इंडिकेशंस को ध्यान में रखना चाहिए और बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई दवा नहीं खरीदनी चाहिए। *

देश-दुनिया में हर साल लाखों महिलाएं सर्वाइकल कैंसर की चपेट में आती हैं। समय पर जांच और उपचार न करवाने से बड़ी संख्या में महिलाओं की डेथ भी हो जाती है। जबकि अगर शुरुआत से ही बच्चियों और महिलाओं को इसके प्रति अवेयर किया जाए और बचाव के सभी संभव उपाय अपनाए जाएं तो इससे बचाव और उपचार संभव है। सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस मंथ (जनवरी) पर इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# सर्वाइकल कैंसर सुरक्षा के लिए अपनाएं बचाव के सभी उपाय





डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. योगेश कुलकर्णी
हेड-गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी, रोबोटिक सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे कॉमन कैंसर है। भारत में यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां हर साल लगभग 1.25 लाख नए मामले सामने आते हैं और लगभग 75,000 महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी के कारण हो जाती है। सबसे दुःखद बात यह है कि जानकारी के अभाव में अधिकांश महिलाएं अस्पताल तब पहुंचती हैं, जब बीमारी अंतिम चरण में होती है।

## सर्वाइकल कैंसर का कारण

सर्वाइकल कैंसर, गर्भाशय के निचले हिस्से (जिसे 'सर्विक्स' या गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है) की कोशिकाओं में विकसित होता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) है। यह वायरस यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। हालांकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अकसर इस वायरस से लड़ लेती है, लेकिन कुछ मामलों में यह वायरस वर्षों तक शरीर में बना रहता है और अंततः कैंसर का रूप ले लेता है। यदि एचपीवी संक्रमण को पहचाना नहीं गया और उसका समय पर इलाज नहीं किया गया, तो गर्भाशय ग्रीवा की असामान्य कोशिकाएं कैंसर का रूप ले सकती हैं।

## वैक्सीनेशन से मिलती है सुरक्षा

सर्वाइकल कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका एचपीवी वैक्सीन है। यह टीका शरीर में उन विशिष्ट (एचपीवी) वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनाता है, जो कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। इस बारे में कुछ बातें जानना आपके लिए बहुत आवश्यक है।




**सही उम्र:** टीकाकरण का लाभ तब सबसे अधिक होता है, जब यह वायरस के संपर्क में आने से पहले, यानी यौन सक्रिय होने से पहले दिया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि 9 से 14 वर्ष की उम्र सबसे उपयुक्त होती है क्योंकि इस दौरान शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया सबसे मजबूत होती है। 15 से 45 वर्ष की महिलाएं भी यह टीका लगवा सकती हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ इसकी प्रभावशीलता थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन यह फिर भी कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है।

**वैक्सीन डोज:** वैक्सीन की डोज, महिला की आयु पर निर्भर करती है। 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को 2 डोज लगवानी होती है। पहली डोज के 6 महीने बाद दूसरी डोज। जबकि 15 से 45 वर्ष आयु की किशोरियों और महिलाओं को 3 डोज लगावानी होती है। पहली डोज के 1-2 महीने बाद दूसरी और 6 महीने बाद तीसरी। यदि किसी महिला की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बहुत कमजोर है, तो उन्हें डॉक्टर 3 खुराक की सलाह दे सकते हैं, भले ही उनकी उम्र 15 वर्ष से कम हो। स्वदेश निर्मित वैक्सीन लॉन्च हो चुकी है। यह वैक्सीन विदेशी टीकों की तुलना में काफी सस्ती है।

## स्क्रीनिंग क्यों है जरूरी


सिर्फ वैक्सीन लगवाना ही काफी नहीं है। 30 वर्ष की आयु के बाद हर महिला को नियमित रूप से पैप स्मीयर या एचपीवी डीएनए टेस्ट करवाना चाहिए। ये टेस्ट कैंसर होने से पहले की स्थिति का पता लगा लेते हैं, जिससे समय रहते इलाज संभव हो पाता है।

## ये लक्षण कभी न करें इग्नोर

शुरुआती चरणों में इस कैंसर के कोई विशेष लक्षण नहीं दिखते हैं लेकिन बीमारी बढ़ने पर कुछ लक्षण सामने आ सकते हैं।

- पीरियड्स के बीच में या शारीरिक संबंध के बाद असामान्य रक्तस्राव।
- मेनोपॉज (मासिक धर्म बंद होने) के बाद ब्लीडिंग होना।
- योनि (वेजाइना) से दुर्गंधयुक्त सफेद या गुलाबी पानी आना।
- पेल्विक एरिया (पेड़ू) में लगातार दर्द रहना।

## सर्वाइकल कैंसर का उपचार



यदि किसी महिला में स्क्रीनिंग के दौरान सर्वाइकल कैंसर की पुष्टि होती है, तो इसका उपचार कैंसर के चरण (स्टेज), ट्यूमर के आकार और महिला की उम्र के आधार पर तय किया जाता है। यदि शुरुआती चरणों में पता चल जाए, तो यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। उपचार के मुख्य तरीके निम्नलिखित हैं-

**सर्जरी:** जब कैंसर केवल गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) तक सीमित होता है, तो डॉक्टर सर्जरी की सलाह देते हैं।

**कोन बायोप्सी:** इसमें केवल कैंसर प्रभावित हिस्से को हटाया जाता है, जिससे महिला भविष्य में गर्भधारण कर सकती है।

**हिस्टेरेक्टॉमी:** इसमें गर्भाशय और ग्रीवा को पूरी तरह से निकाल दिया जाता है। यह आमतौर पर तब किया जाता है जब कैंसर फैलने का डर हो।

**रेडिएशन थेरेपी:** इसमें उच्च ऊर्जा वाली किरणों (जैसे एक्स रेज) का उपयोग कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए किया जाता है। यह दो तरह की होती है-

**एक्सटर्नल बीम रेडिएशन:** शरीर के बाहर से किरणों को ट्यूमर पर लक्षित किया जाता है।

**ब्रेकीथेरेपी:** इसमें रेडियोधर्मी सामग्री को शरीर के भीतर कैंसरग्रस्त भाग के पास रखा जाता है।

**कीमोथेरेपी:** इसमें शक्तिशाली दवाओं का उपयोग किया जाता है जो रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में फैलती हैं और कैंसर कोशिकाओं को मारती हैं। अकसर बेहतर परिणामों के लिए रेडिएशन और कीमोथेरेपी को एक साथ (कीमोरेडिएशन) दिया जाता है।

**टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी:** इसमें एडवांस्ड चरणों में, ऐसी दवाओं का उपयोग किया जाता है, जो केवल विशिष्ट कैंसर कोशिकाओं पर हमला करती हैं या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को कैंसर से लड़ने के लिए मजबूत बनाती हैं।

**उपचार के बाद निगरानी:** इलाज पूरा होने के बाद भी नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैंसर वापस नहीं आ रहा है। हेल्दी डाइट और डॉक्टर के बताए निर्देशों का पालन रिकवरी में मदद करता है।

## इससे बढ़ता है रिस्क

मोटापा, सर्वाइकल कैंसर का जोखिम भरा कारक है। इसलिए इसे कंट्रोल करने के लिए संतुलित पौष्टिक आहार ग्रहण करना और नियमित रूप से व्यायाम करना आवश्यक है। जो महिलाएं मोटापे से ग्रस्त नहीं हैं, उन्हें भी अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए और अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर हेल्दी डाइट ग्रहण करना चाहिए। किसी भी तरह का मादक पदार्थ और तंबाकू का सेवन हानिप्रद है। कई लोगों के साथ यौन संबंध बनाने से बचने और कंडोम का उपयोग करने से एचपीवी के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### रोकथाम में आहार का महत्व

**सर्वाइकल कैंसर** की रोकथाम में स्वास्थ्यकर आहार की भी अपनी भूमिका है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे, फलों और सब्जियों का नियमित रूप से सेवन करने से एचपीवी संक्रमण और गर्भाशय ग्रीवा में इसके कारण होने वाले सेलुलर परिवर्तनों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिल सकती है। विटामिन-ए, विटामिन-सी, डी, ई, फोलेट और फ्लेवोनोइड जैसे पोषक तत्व गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



स्ट्रेचिंग केवल वार्मअप का तरीका नहीं होती है। इसे सही तरीके से रेग्युलर किया जाए तो इससे कंप्लीट एक्सरसाइज के फायदे हासिल किए जा सकते हैं। इससे क्या फायदे होते हैं, इसके प्रमुख प्रकार कौन से हैं, बता रहे हैं यहां।

# कंप्लीट एक्सरसाइज है स्ट्रेचिंग

फिटनेस

डॉ. माजिद अलीम

आमतौर पर मानते हैं कि स्ट्रेचिंग, सिर्फ यह होती है कि कमर झुकाओ और अपने पैरों को छू लो। स्ट्रेचिंग, वर्कआउट से पहले केवल वार्म-अप करना भी नहीं है बल्कि यह अपने आप में एक्सरसाइज है।

## होते हैं कई फायदे

स्ट्रेचिंग से दिल और दिमाग रिलैक्स होता है और रोजमर्रा के जीवन के तनावों को दूर करने में मदद मिलती है। शरीर को भी इससे बहुत फायदा मिलता है। इसीलिए स्ट्रेचिंग को एक कंप्लीट एक्सरसाइज माना जाता है क्योंकि इससे शरीर में फ्लेक्सिबिलिटी (लचीलापन) बढ़ती है। स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों और जोड़ों की रेंज ऑफ मोशन बढ़ती है, जिससे शरीर ज्यादा सक्रिय और लचीला बनता है।


## बेहतर होता है ब्लड सर्कुलेशन

जब हम स्ट्रेच करते हैं, तो मांसपेशियों में रक्त प्रवाह बढ़ता है। यह ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति बढ़ाकर ऊतकों की सेहत सुधारता है। इससे तनाव और मानसिक थकान भी कम होती है। धीमी और गहरी स्ट्रेचिंग, खासकर सांस पर फोकस के साथ, मानसिक तनाव को कम करती है। कई बार इसे मेडिटेटिव (ध्यानात्मक) गतिविधि के रूप में भी अपनाया जाता है।

## मांसपेशियां होती हैं मजबूत



नियमित स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों की लंबाई और संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है, जो शरीर की सही मुद्रा को सपोर्ट करता है। इसीलिए संतुलित फिटनेस कार्यक्रम की एक मुख्य कड़ी के रूप में स्ट्रेचिंग को चिन्हित किया जाता है। इससे चोट लगने का खतरा कम होता है, शरीर की मूवमेंट बढ़ जाती है, बॉडी रिलैक्स होती है, एक्सरसाइज परफॉर्मेंस बढ़ जाता है, पोस्चर बेहतर होता है और शरीर लचीला और सतर्क रहता है।



## किसे स्ट्रेच करना चाहिए

स्ट्रेचिंग सभी के लिए अच्छी है। आपका रूटीन कैसा भी हो। स्ट्रेचिंग के लाभ अनगिनत हैं। क्योंकि स्ट्रेचिंग संतुलित फिटनेस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्ट्रेचिंग के लाभों के बारे में जो निरंतर शोधों से पुष्टि हो रही है, उससे प्रभावित होकर अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन ने संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दिशा निर्देशों में स्ट्रेचिंग को भी शामिल किया है।

## एथलीट्स के लिए लाभदायक

लगातार दौड़ने से मांसपेशियों में अकड़ाहट बढ़ जाती है और लचीलापन कम हो जाता है। ऐसे में धावकों के लिए स्ट्रेचिंग न सिर्फ लचीलापन लाती है, बल्कि उनका सामान्य चोटों से भी बचाव करती है जैसे फुटबॉल से जुड़ी कमर की समस्या, कंधे में सूजन, टेनिस एलबो जिनका संबंध अन्य स्पोर्ट्स से है जैसे टेनिस, या घुटने की समस्या जो दौड़ने या स्क्वैश के कारण होती है।

## कमर दर्द में कारगर



कमर के निचले हिस्से में दर्द का मुख्य कारण कम लचीलापन और हैमस्ट्रिंग्स होता है। ध्यान रखें कि जो मांसपेशी निरंतर सिकुड़ी हुई रहती हैं, उसे शांत करने के लिए अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। स्ट्रेचिंग से स्पाइन रिलैक्स होती है, जिससे मस्कुलर टेंशन दूर होती है। स्ट्रेचिंग से पोस्चर की अधिकतर समस्याएं मांसपेशियों में टाइटनेस के कारण खराब एलाइनमेंट की वजह से होती है। स्ट्रेचिंग से सॉफ्ट टिश्यु स्ट्रेचिंग रिएलाइन हो जाते हैं और पोस्चर ठीक रहता है। इसलिए स्ट्रेचिंग को फिटनेस रूटीन में जरूर शामिल करें।

## कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग

आपको कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग के बारे में यहां बता रहे हैं।

**कॉफ स्ट्रेचिंग:** सीधा पैर आगे बढ़ाते हुए बड़ा कदम लें, सीधा पैर मुड़ा हुआ, उल्टा पैर सीधा अपने कूल्हों को आगे की तरफ मुड़े हुए घुटने की ओर बढ़ाएं। दोनों पैरों को आगे की ओर प्वाइंट करें और उल्टी एड़ी को जमीन पर लटकने दें। थोड़ी देर ऐसे ही रूकें और फिर साइड बदल लें। जांघ का अगला हिस्सा- सीधे खड़े हो जाएं। सीधे पैर को सीधे हाथ से पकड़ लें। अपने पैर को कूल्हे की ओर लाएं, घुटनों के साथ रखते हुए। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से दोहराएं।

**जांघ का पिछला हिस्सा:** एक पैर को आहिस्ता से उठाएं और किसी उठी हुई जगह पर रख लें, जैसे पार्क बैंच। अपने कूल्हों को स्क्वेयर रखते हुए, अपने पेट से झुकें और शरीर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से यही प्रक्रिया दोहराएं।

**वेस्ट स्ट्रेचिंग:** पैरों को कंधे की सीध में चौड़ा कर लें, घुटने थोड़े से मुड़े हुए हों और पैर के अंगूठे सीधे प्वॉइंट करते हुए, सीधे हाथ को कूल्हे पर रख लें और उल्टे हाथ को सिर के ऊपर ले जाएं। आहिस्ता से वेस्ट पर बेंड करें साइड में और एक मिनट तक ठहरें। दूसरी साइड से भी ऐसा ही दोहराएं।

**ऊपरी कमर की स्ट्रेचिंग:** इसके लिए सीधे खड़े होकर आगे की ओर हाथों को ऐसे बांध लें कि कमर के ऊपरी हिस्से में स्ट्रेचिंग महसूस हो। स्ट्रेचिंग के दौरान सिर को नीचा करें ताकि चिन सीने के करीब आ जाए।

**नेक स्ट्रेचिंग:** अपना सिर दाईं तरफ झुका लें जिससे कान, कंधे के करीब हों फिर बीच में आ जाएं। अब दूसरी साइड से भी ऐसा करें।

**कंधों का स्ट्रेच:** सीधे हाथ को सीने पर समतल क्रॉस कर लें। बांया हाथ उस पर कोहनी के पास रख लें, सीधे हाथ को सीने की ओर खींचें।

**चेस्ट स्ट्रेचिंग:** बैठकर अपने दोनों हाथ कमर पर रखें फिर दोनों हाथों को आपस में बांध लें और हाथों को ऊपर उठाएं ताकि पेक्टोरल्स में स्ट्रेच महसूस हो। *






# द. अफ्रीका में गरजा वैभव का बल्ला, 63 गेंदों में जड़ा रिकॉर्डतोड़ शतक

## अंडर-19 वनडे : सूर्यवंशी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली 127 रन की तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| बेनोनी

14 साल 286 दिन की उम्र में बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। साउथ अफ्रीका अंडर-19 टीम के खिलाफ यूथ वनडे मैच में कप्तानी करते हुए वैभव ने सिर्फ 63 गेंदों में शतक जड़कर नया रिकॉर्ड बना दिया। आईपीएल 2025 सीजन से सुर्खियों में रहने वाले वैभव का बल्ला पूरे साल गरजा है और उन्होंने लगभग हर सीरीज व टूर्नामेंट में शतक जमाया है।

अब वैभव ने अंडर-19 टीम इंडिया के लिए कप्तानी करते हुए साउथ अफ्रीका अंडर-19 टीम के खिलाफ 63 गेंदों में यूथ वनडे क्रिकेट का बतौर कप्तान सबसे कम उम्र में शतक जड़ दिया। इसके साथ ही वैभव के नाम यह बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। इस सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी वैभव सूर्यवंशी ओपनिंग करने उतरे और उन्होंने 74 गेंदों में नौ चौकों और दस छक्कों की मदद से 127 रन की शानदार शतकीय पारी खेली।

### जॉर्ज ने खेली 118 रन की पारी

वैभव के अलावा सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज ने 106 गेंदों में 16 चौकों की मदद से 118 रन की पारी खेली। दोनों के बीच ओपनिंग में 25.4 ओवरों में 227 रन की शानदार साझेदारी हुई। इन दोनों बल्लेबाजों ने साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों को जमकर खदेड़ा, जिसके चलते अंडर-19 टीम इंडिया ने 46 ओवरों में सात विकेट पर 354 रन बना लिए। सीरीज की बात करें तो अंडर-19 टीम इंडिया पहले ही 2-0 से आगे चल रही है और अब क्लीन स्वीप करना चाहेगी।



### वैभव छह अलग-अलग देशों में लगा चुके शतक

वैभव सूर्यवंशी लगातार एक के बाद अपने बल्ले से बेहतरीन पारियां खेल रहे हैं और सुर्खियां बटोर रहे हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे यूथ वनडे में उन्होंने 74 गेंद पर 127 रन बनाए। इसी के साथ वैभव ने साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर अपना पहला शतक लगाया। इससे पहले वैभव भारत समेत पांच अलग-अलग देशों में शतक लगा चुके थे। सूर्यवंशी ने अब भारत के अलावा पांच देशों में शतक लगाने का मुकाम हासिल कर लिया है। हाल ही में यूएई में अंडर 19 एशिया कप में बेहतरीन शतकीय पारी खेली थी और 171 रन यूएई के खिलाफ ही बनाए थे। उससे पहले एशिया कप राइजिंग स्टार्स में कतर की सरजमीं पर उनका बेहतरीन शतक यूएई के खिलाफ आया था। उन्होंने इंग्लैंड में जाकर इंग्लैंड अंडर 19 और ऑस्ट्रेलिया जाकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ भी शतकीय पारियां खेली थीं। अब भारत, यूएई, कतर, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद साउथ अफ्रीका में वैभव का शतक आया है।

### पिछली 10 पारियों में तीसरा शतक

वैभव सूर्यवंशी लगातार बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछली 10 पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। इसमें टी20 और लिस्ट ए दोनों के आंकड़े हैं। वैभव ने पिछले 10 मैचों की 10 पारियों में 688 रन बनाए हैं। 190, 171 और 127 रन की उन्होंने तीन शतकीय पारियां खेली हैं। वैभव ने भारत के घरेलू टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक लगाया था।

---

## खबर संक्षेप



### हार मेरे लिए निर्णायक मोड़ : नीतू घंघास

**ग्रेटर नोएडा।** पिछले साल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मिली अप्रत्याशित हार नीतू घंघास के लिए एक बड़ा झटका थी लेकिन इससे उनके कॅरियर की दिशा बदल गई और उन्होंने निकहत जरीन के वर्चस्व वाले 51 किलोग्राम भार वर्ग में खेलने का फैसला किया ताकि वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतने का अपना सपना साकार कर सके। गैर ओलंपिक वर्ग 48 किलोग्राम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और 2023 की विश्व चैंपियन नीतू को पिछले साल की महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में मीनाक्षी हुड्डा ने हराया था, जिन्होंने बाद में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। नीतू ने कहा, 'मीनाक्षी से हारना एक तरह से मेरे लिए अच्छा साबित हुआ। अगर मैं जीत जाती और मुझे स्वर्ण पदक मिल जाता तो मैं निश्चिंत हो जाती और फिर कभी 51 किलोग्राम वर्ग में नहीं आती। वह हार मेरे लिए एक निर्णायक मोड़ थी।

### धावक जॉनसन ने किया संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और भारतीय धावक जिन्सन जॉनसन ने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि 15 वर्षों के करियर के बाद अब कुछ नया करने का समय आ गया है। केरल के इस 34 वर्षीय एथलीट ने कहा कि उनका सफर 'मुश्किल ट्रेनिंग, संघर्षों और दर्दनाक चोटों' से भरा रहा। जॉनसन ने अक्टूबर 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में 1500 मीटर में कांस्य पदक जीतने के बाद से किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ क्षण 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 1500 मीटर में तीन मिनट 44.72 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीतना रहा। इन्हीं खेलों में उन्होंने 800 मीटर में रजत पदक भी जीता था।



### मुंबई इंडियंस ने भरी जीत की मानसिकता



**मुंबई।** हरमनप्रीत कौर ने कहा कि महिला प्रीमियर लीग और उनकी टीम मुंबई इंडियंस ने उनके भीतर जीत की मानसिकता भरी, जिसका इस्तेमाल उन्होंने भारतीय महिला टीम को वनडे विश्व कप जिताने में किया। डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस को दो खिताब दिला चुकी हरमनप्रीत ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने प्रतिस्पर्धा में अलग सोच के साथ उतरने में उनकी मदद की। उन्होंने कहा,' मेरा मानना है कि मैं जहां भी जाती हूं, जीत के बारे में ही सोचती हूं क्योंकि भागीदारी तो हम बरसों से कर रहे हैं। लेकिन जीत की सोच के साथ उतरने और उस दिशा में काम करने से बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। डब्ल्यूपीएल ने मेरे भीतर बहुत कुछ बदला है खासकर सोच बदली है।'

---

## एशेज अंतिम टेस्ट : इंग्लैंड ने दूसरी पारी में बनाए 8 विकेट पर 302 रन

# बेथेल के 142 रनों से इंग्लैंड ने टाली पारी की हार, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| सिडनी

जैकब बेथेल ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया, जिससे इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवां और अंतिम एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच पांचवें दिन तक खींचकर अपनी उम्मीद भी कायम रखी। 22 वर्षीय ऑलराउंडर बेथेल इंग्लैंड की दूसरी पारी के पहले ओवर में क्रीज पर आए क्योंकि मिशेल स्टार्क ने पांचवीं गेंद पर जैक क्रॉली (01) को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था। बेथेल ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 232 गेंद का सामना करके 142 रन बनाए हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 302 रन बनाए हैं। इस तरह से इंग्लैंड ने अभी तक 119 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 567 रन बनाकर 183 रन की बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे।



### हार के अंतर को कम करने के लिए प्रतिबद्ध इंग्लैंड

पिच से चौथे दिन ही स्पिनरों को मदद मिल रही है जो इंग्लैंड के लिए सकारात्मक संकेत है क्योंकि उसकी टीम में तीन स्पिनर हैं। बेथेल ने बेन डकेट (42) के साथ 81 रन, जो रूट (06) के साथ 32, हैरी ब्रूक (42) के साथ 102 और जेमी स्मिथ (26) के साथ 45 रन की साझेदारियां कीं। ऑस्ट्रेलिया पहले तीन मैच जीत कर एशेज अपने पास बरकरार रखने में सफल रहा लेकिन चौथे मैच में जीत दर्ज करने वाला इंग्लैंड श्रृंखला में हार के अंतर को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### यह उपलब्धि मेरे लिए खास : बेथेल

*बेथेल ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'यह उपलब्धि मेरे लिए खास है। मेरा परिवार यहां आया हुआ है और ऐसे में शतक लगाना बेहद खास बन गया है।'' बेथेल ने एक छोर से विकेट गिरने के बावजूद अपने धैर्य और कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर (51 रन देकर तीन विकेट) ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अप्रत्याशित स्टार के रूप में उभरे। ऑस्ट्रेलिया इस मैच में विशेषज्ञ स्पिनर के साथ नहीं उतरा है। ऐसे में वेबस्टर ने अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन से बल्लेबाजों को गच्चा दिया। इससे इंग्लैंड का खेमा थोड़ा खुश होगा क्योंकि उसके पास स्पिन विकल्पों के रूप में बेथेल, विल जैक्स और रूट मौजूद हैं। पिच से स्पिनरों को मिल रही मदद को देखते हुए 170 रन का लक्ष्य हासिल करना भी आसान नहीं होगा।*

### वेबस्टर ने लिए 3 गेंदों पर 2 विकेट

*वेबस्टर ने कहा, 'मुझे बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी कि चौथे दिन स्पिनरों को विकेट मिलेंगे। लेकिन हमारी टीम जीत हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है।' वेबस्टर ने 52वें ओवर में तीन गेंदों पर दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाई। उन्होंने ब्रुक को एलबीडब्ल्यू आउट किया और फिर जैक्स (00) को भी पवेलियन भेजा। इससे इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 219 रन से पांच विकेट पर 219 रन हो गया। शाम के सत्र में ड्रिंक्स ब्रेक के बाद पहली ही गेंद पर जेमी स्मिथ रन आउट हो गए। उस समय बेथेल 123 रन पर थे और इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 264 रन था, जब उसके चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स क्रीज पर आए। वेबस्टर ने हालांकि स्टोक्स (01) को टर्निंग बॉल को कट करने के लिए ललचाया और स्टीव स्मिथ ने स्लिप में शानदार कैच लिया। स्कॉट बोलैंड ने ब्रायडन कार्स (16) को स्लिप में कैच आउट कराया।*

---

## टी20 विश्व कप

# न्यूजीलैंड स्क्वॉड का ऐलान सेंटनर को टीम की कमान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने टीम का ऐलान कर दिया है। अनुभवी ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। अनुभवी स्पिनर ईश सोढ़ी भी टीम का हिस्सा हैं।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी का साल 2025 में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्हें भी टीम में जगह दी गई है। डफी ने पिछले साल तीनों फॉर्मेट मिलाकर 81 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाजी में डफी के साथ लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी और एडम मिल्ने को जगह दी गई है। जिमी नीशम भी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल हैं।

ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र टीम में गेंदबाजी और बल्लेबाजी को मजबूत करेंगे। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी टिम सीफर्ट को दी गई है। काइल जैमीसन रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल हैं।

### न्यूजीलैंड का पहला मुकाबला अफगानिस्तान से

न्यूजीलैंड को ग्रुप डी में अफगानिस्तान, कनाडा, साउथ अफ्रीका और यूएई के साथ रखा गया है। टीम का पहला मुकाबला 8 फरवरी को चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ होगा। विश्व कप भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाना है।

### आधुनिक क्रिकेट की धड़कन भारत

न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वाल्टर टी20 विश्व कप को लेकर उत्साहित हैं। वॉल्टर ने कहा,"विश्व कप खास होते हैं, और भारत आधुनिक क्रिकेट की धड़कन है और इससे बेहतर जगहें बहुत कम हैं।" उन्होंने कहा कि मेगा इवेंट के लिए चुनी गई टीम संतुलित है। हमारे पास बैटिंग में बहुत पावर और स्किल है, क्वालिटी बॉलर हैं जो हालात के हिसाब से ढल सकते हैं, साथ ही पांच ऑल-राउंडर हैं जो सभी कुछ अलग लाते हैं। यह एक अनुभवी ग्रुप है और खिलाड़ी सब-कॉन्टिनेंट में खेलने के लिए नए नहीं हैं, जो उनके लिए फायदेमंद होगा।

---

## यूनाइटेड कप

# कोको ने जीते एकल-युगल मैच, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| पर्थ

कोको गॉफ ने ग्रुप चरण के एक मैच में हार को पीछे छोड़कर शानदार प्रदर्शन करके अपने एकल और युगल मैच जीते, जिससे मौजूदा चैंपियन अमेरिका ने यूनान को 2-1 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गॉफ ने मारिया सकारी को 6-3, 6-2 से हराकर अमेरिका को 1-0 से बढ़त दिलाई। टेलर फ्रिट्ज हालांकि पुरुष एकल में स्टेफानोस सिटसिपास से वह 6-4, 7-5 से हार गए। गॉफ ने इसके बाद क्रिश्चियन हैरिसन के साथ मिलकर मिश्रित युगल में सिटसिपास और सकारी को 4-6, 6-4, 10-8 से हराकर अमेरिका की सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। विश्व रैंकिंग में चौथे नंबर की खिलाड़ी गॉफ को इससे पहले ग्रुप चरण की अपने आखिरी एकल मैच में हार का सामना करना पड़ा था। वह विश्व में 42वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बौजास मानेरो से 6-1, 6-7 (3), 6-0 से हार गईं थी। लेकिन फ्रिट्ज ने अपना एकल मैच जीता तथा गॉफ और हैरिसन ने मिश्रित युगल में जीत हासिल करके अमेरिकी टीम को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।



### पोलैंड ने बनाई 2-0 की बढ़त

सिडनी में खेले जा रहे मैचों में ह्यूबर्ट हुरकाज और इगा स्वियातेक ने अपने अपने एकल मैच जीतकर पोलैंड को नीदरलैंड पर 2-0 की बढ़त दिलाई और ग्रुप एफ से क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। क्वार्टरफाइनल में पोलैंड का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होने की संभावना है।

---

# टी20 विश्व कप खेलेंगे शाहीन : सलमान आगा

***कराची।** पाकिस्तान की टी20 टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने उम्मीद जताई है कि तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी घुटने की चोट से उबरकर अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। अफरीदी पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अहम खिलाड़ी हैं तथा भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सलमान ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि वह विश्व कप के लिए फिट हो जाएंगे, लेकिन अंतिम फैसला मेडिकल पैनल की सलाह पर (पाकिस्तान क्रिकेट) बोर्ड करेगा।' अफरीदी अभी लाहौर के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मेडिकल पैनल की देखरेख में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग के एक मैच में फील्डिंग करते समय शाहीन के घुटने में चोट लग गई थी। इसके बाद पीसीबी ने उन्हें रिहैबिलिटेशन के लिए वापस बुला लिया था। सलमान ने यह भी कहा कि पाकिस्तान विश्व कप के लिए संतुलित और मजबूत टीम तैयार करने में कामयाब रहा है और श्रीलंका में होने वाली श्रृंखला से उनके खिलाड़ियों को परिस्थितियों के अनुकूल होने में मदद मिलेगी।*

---

# एसए20: एमआई केपटाउन ने जोबर्ग सुपर किंग्स को चार विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

साउथ अफ्रीका टी20 लीग में एमआई केपटाउन और जोबर्ग सुपरकिंग्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें एमआई केपटाउन ने 4 विकेट से जीत हासिल की। बारिश से प्रभावित मैच 20 ओवर की जगह 12 ओवर का खेला गया। टॉस एमआई केपटाउन ने जीता था और गेंदबाजी का फैसला लिया था।

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी जोबर्ग सुपरकिंग्स ने कप्तान फाफ डु प्लेसिस के 21 गेंद पर 44, मैथ्यू डिविलियर्स के 15 गेंद पर 21, जेम्स विंस के 15 और शुभम रंजने के 12 रन की मदद से 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाए। एमआई के लिए कॉर्बिन बोश ने 3 ओवर में 24 रन देकर 3, कप्तान राशिद खान ने 3 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और जॉर्ज लिंडे को 1-1 विकेट मिले। एमआई केपटाउन ने 11.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीत लिया। रासी वानडर डुसेन ने 24 गेंद पर 3 छक्के लगाते हुए 35, निकोलस पूरन ने 15 गेंद पर 5 छक्के लगाते हुए 33 और जेसन स्मिथ ने 7 गेंद पर 3 छक्के लगाते हुए 22 रन बनाकर एमआई की जीत में अहम भूमिका निभाई।



### प्लेयर ऑफ द मैच रहे पूरन

जोबर्ग के लिए नांद्रे बर्गर ने 2, अकील हुसैन, रिचर्ड ग्लिसन और वियान मुल्डर ने 1-1 विकेट लिए। निकोलस पूरन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस जीत के साथ एमआई केपटाउन ने अपनी लगातार हार का सिलसिला तोड़ा है। एमआई की सीजन के छठे मैच में यह पहली जीत है। टीम को 4 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच का परिणाम नहीं आया है।

---

## मलेशिया ओपनः सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीत से की शुरुआत

# सिंधू की जोरदार वापसी, 51 मिनट में युन को हराया

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

चोटिल होने के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू तथा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी ने नए सत्र की जीत से शुरुआत करते हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में अपने-अपने वर्ग में अगले दौर में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू पिछले साल अक्टूबर में पैर की चोट से उबरने के लिए सभी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं से हट गई थी। उन्होंने वापसी पर अच्छा खेल दिखाया तथा 51 मिनट तक चले महिला एकल के मुकाबले में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-14, 22-20 से हराया। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे के यांग पो ह्सुआन और ली झे-हुए को 35 मिनट में 21-13 21-15 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा।



### कपिला और क्रास्टो की जोड़ी बाहर

ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की अमेरिकी जोड़ी से 15-21, 21-18, 15-21 से हारकर बाहर हो गई। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इंडोनेशिया की फेब्रिआना द्विपुजी कुसुमा और मेइलिसा ट्रायस पुष्पितासारी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें 66 मिनट के मुकाबले में 9-21 23-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### विश्व में 18वीं रैंकिंग सिंधू ने दिखाया सहज खेल

विश्व में 18वीं रैंकिंग सिंधू ने सहज खेल दिखाया और सुंग को दूसरी बार हराकर उनके खिलाफ अपना रिकॉर्ड 2-0 कर लिया। प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला विश्व में नौवें नंबर की जापानी खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी से होगा। मियाजाकी जब 21-19, 1-2 से आगे चल रही थी, तब दक्षिण कोरिया की उनकी प्रतिद्वंदी सिम यू जिन चोटिल होने के कारण मुकाबले से हट गई थी, जिससे जापान की खिलाड़ी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रही। सिंधू ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले गेम में 6-2 की बढ़त हासिल कर ली और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्हें पहला गेम अपने नाम करने में कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन दूसरे गेम में उन्हें संघर्ष करना पड़ा। दूसरे गेम में सिंधू एक समय 4-11 से पीछे चल रही थीं, लेकिन उन्होंने इसके बाद अच्छी वापसी की और स्कोर 13-13 से बराबर कर दिया।




## मध्यप्रदेश की टीमें रहीं उप विजेता

# झारखंड की दोनों टीमों को राष्ट्रीय शालेय बालिका हॉकी प्रतियोगिता का खिताब

### 69वीं राष्ट्रीय शालेय बालिका हॉकी प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर में आयोजित हुई 69वीं राष्ट्रीय शालेय बालिका हॉकी प्रतियोगिता का बुधवार 7 जनवरी को समापन हुआ। बालिकाओं के 14 व 19 वर्ष आयु वर्ग में खेली गई इस प्रतियोगिता के दोनों खिताब झारखंड के नाम रहे। दोनों वर्गों के रोमांचक फायनल मुकाबलों में उत्कृष्ट हॉकी का प्रदर्शन कर झारखण्ड ने मध्यप्रदेश को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। कम्पू स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर के मैदान पर हुए फाइनल मैच का देखने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव व उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह घुरैया, जिलाधीश रुचिका चौहान, प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा डॉ. नितेश शर्मा, जिपं सीईओ सोजान सिंह रावत, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक पदम सिंह आदि मौजूद थे।


पुरस्कार वितरण के दौरान अतिथियों के साथ विजेता टीम।

### 14 वर्ष में 1-2 से तो 19 वर्ष मुकाबले में मप्र की टीम 3-2 से पराजित

चौदह वर्ष आयु वर्ग में झारखंड एवं मध्यप्रदेश की बालिकाओं के बीच खेले गए रोमांचक फायनल मुकाबले में मध्यप्रदेश की टीम को झारखंड की टीम ने एक के मुकाबले दो गोल से पराजित किया। इसी तरह 19 वर्ष आयु वर्ग में झारखंड की टीम ने मध्यप्रदेश पर 3 - 2 से फतह हासिल की। कम्पू खेल परिसर में आयोजित हुई 69वी राष्ट्रीय शालेय बालिका हॉकी प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों की 27 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मैद विजेता व उप विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मैडल प्रदान किए गए। साथ ही तकनीकी अधिकारियों एवं कोच इत्यादि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी, डीपीसी रविन्द्र सिंह तोमर, शालेय जिला क्रीड़ा अधिकारी आर के सिंह व पंकज शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### खेलों की गुणवत्ता पर काम कर रहीं है सरकार : डॉ. शर्मा

कार्यक्रम में मौजूद भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. नितेश शर्मा ने झारखंड की टीमों को बधाई देते हुए कहा कि यद्यपि वहां तुलनात्मक रूप से खेल सुविधाएं कम हैं फिर भी बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश की टीमों को और मेहनत की जरूरत है। यही खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे। केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में खेलों की गुणवत्ता और बजट पर लगातार ध्यान दे रही है।


कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. नितेश शर्मा।

## 10 से 12 जनवरी के दौरान प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करेंगे

# राज्यपाल पटेल से मिले 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए चयनित युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकभवन के बैंक्वेट हॉल में आयोजित 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव एवं 'विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद' कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने नई दिल्ली के लिए चयनित प्रदेश के युवा प्रतिभागियों से मुलाकात की।

इस अवसर पर राज्यपाल पटेल ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग उपस्थित रहे। राज्यपाल पटेल ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण को अपना ध्येय बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी ऐसे राष्ट्रीय मंच पर जा रहे हैं, जहां देश के शीर्ष नेतृत्व के समक्ष अपने विचार रखने का प्रत्यक्ष अवसर मिलेगा।


राज्यपाल मंगुभाई पटेल का 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव और विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद कार्यक्रम नई दिल्ली के लिए चयनित मध्यप्रदेश के युवा प्रतिभागियों के साथ समूह चित्र।

### युवाओं ने साझा किया 'विकसित भारत' का विज़न

कार्यक्रम के दौरान चयनित युवा प्रतिभागियों की ओर से आध्या जैन एवं सोमेश ने अपने विचार साझा करते हुए 'विकसित भारत <\@>2047' के संकल्प के प्रति युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह मंच न केवल अपनी सोच को राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष रखने का अवसर है, बल्कि युवाओं को नीति निर्माण और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी है।

### प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करेंगे युवा

मध्यप्रदेश के चयनित युवा प्रतिभागी 10 से 12 जनवरी के दौरान भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित 'विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद' कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष अपने नवाचारी विचार, सुझाव एवं विज़न प्रस्तुत करेंगे। यह अवसर युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से सीधे जुड़ने तथा 'विकसित भारत <\@>2047' के संकल्प में सक्रिय भागीदारी निभाने का सशक्त मंच प्रदान करेगा। इस राष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश के युवा राज्य की प्रतिभा, सोच और सामर्थ्य का प्रभावी प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पीपुल्स ने प्रदेश टुडे को तो जनसंपर्क ने वर्टेक्स रॉयल को हराया

### 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में चल रहे रोमांचक मुकाबले


बेस्ट प्लेयर को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीपुल्स ने प्रदेश टुडे को सात विकेट से हराकर 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में आसान जीत दर्ज की है। दिन के एक अन्य मैच में जनसंपर्क ने वर्टेक्स रॉयल को 9 विकेट से हराया। ओल्ड कैंपियन मैदान बुधवार को खेले गए पहले मैच में प्रदेश टुडे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.3 ओवर में 73 रन बनाए। इसके जवाब में प्रदेश टुडे ने जरूरी मात्र 7.3 ओवर में तीन विकेट पर बना लिए और यह मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया।

### वर्टेक्स रॉयल की 9 विकेट से हार

दूसरे मैच में वर्टेक्स रॉयल ने 18 ओवर में 110 रन बनाए। जवाब में जनसंपर्क ने 8.1 ओवर में एक विकेट पर जरूरी रन बना लिए और यह मुकाबला 9 विकेट से जीत लिया।

| आज के मैच | समय |
|---|---|
| टाइम्स ऑफ इंडिया बनाम विस्तार न्यूज | - प्रातः9.00 बजे से |
| आरएनटीयू बनाम फीनिक्स | दोपहर 12.30 बजे से |

## तीसरे दिन हुए टूर्नामेंट में पांच रोचक मुकाबले

## महर्षि दुर्वासा की टीम को 65 रन से हराया

# महर्षि मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन रहा नीलकंठ टीम का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महर्षि मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत तीसरे दिन कुल पांच मुकाबले खेले गए, जिनमें हर मैच रोमांच से भरपूर रहा। पहला मुकाबला रायसेन एवं उज्जैन की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें कड़े संघर्ष के बाद रायसेन की टीम विजेता रही। दूसरा मैच महर्षि संस्थान एवं रायसेन के बीच हुआ, जिसमें संतुलित बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी के दम पर महर्षि संस्थान ने जीत दर्ज की। तीसरे मुकाबले में महाकाल उज्जैन और महर्षि संस्थान आमने-सामने रहे। इस मैच में भी महर्षि संस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी जीत हासिल की। चौथा मैच बाहुबली एवं विदिशा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें बाहुबली टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए विदिशा को पराजित किया।


रणनीति बनाते खिलाड़ी।

### नीलकंठ और महर्षि दुर्वासा के बीच हुआ मुकाबला रहा सबसे रोमांचक

*टूर्नामेंट का अंतिम और सबसे आकर्षक मुकाबला नीलकंठ एवं महर्षि दुर्वासा की टीमों के बीच खेला गया। नीलकंठ टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 8 ओवर में 120 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इस दौरान ओम शर्मा ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 13 शानदार छक्के जड़े और मैच को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महर्षि दुर्वासा की टीम 55 रन पर ही ऑल आउट हो गई, जिससे नीलकंठ टीम ने बड़ी और शानदार जीत दर्ज की।*

### टॉस से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम की शुरुआत टॉस के साथ हुई, जिसमें परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजोरिया ने सिक्का उछालकर टॉस कराया। इसके पश्चात मुकाबलों का विधिवत शुभारंभ हुआ।

### महापौर सहित ने खिलाड़ियों से प्राप्त किया

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए महापौर मालती राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर राष्ट्रपति से सम्मानित डॉ. गोस्वामी, पार्षद गिरीश शर्मा, रामबाबू शर्मा, राकेश चतुर्वेदी, पुष्पेंद्र मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, बृजेश शर्मा, हेमंत शर्मा, सहित भोपाल के ब्राह्मण समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर -18 इंटर डिवीज़नल मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट

# पहले दिन कप्तान ओजस शुक्ला की शतक से भोपाल मजबूत स्थिति में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर 18 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट मल्टी डे भोपाल के ओएफसीए मैदान पर बुधवार को भोपाल और उज्जैन डिवीजन के मध्य मैच प्रारंभ हुआ। भोपाल डिवीजन ने दिन का खेल खत्म होने तक 98 ओवर में 3 विकेट पर 346 रन बना लिए हैं, जिसमें ओजस शुक्ला ने 162 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने मलय श्रीवास्तव 71 रन के साथ पहले विकेट के लिए 132 रन की साझेदारी की एवं आलिफ हसन 52 रन के साथ तीसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी की इन दोनों साझेदारियों से भोपाल ने पहले दिन मैच में मजबूत स्थिति बना ली है।


ओजस शुक्ला।

उज्जैन डिविजन से गेंदबाजी करते हुए भावेश जाट ने 2 विकेट लिए। कल दूसरे दिन का मैच खेला जाएगा।

## कहा-यह सम्मान हर भारतीय की ओर से

# नीता अंबानी ने किया पुरुष, महिला और नेत्रहीन क्रिकेट टीम के विश्व कप विजेताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीता एम. अंबानी ने सोमवार को मुंबई में यूनाइटेड इन ट्रायम्फ के दूसरे संस्करण को भारत की तीन विश्व कप विजेता टीमों पुरुष, महिला और नेत्रहीन महिला टीम के लिए हर भारतीय की ओर से धन्यवाद बताया।

नीता ने कहा, मुझे लगता है कि हम नए साल की शुरुआत एक बेहद विशेष अवसर के साथ कर रहे हैं। भारत की तीनों क्रिकेट टीमें आज एक ही छत के नीचे मौजूद हैं और हर भारतीय की ओर से हम उन्हें इतना आनंद और खुशी देने के लिए सम्मानित करने जा रहे हैं। खेल की विशिष्ट शक्ति और उसके परिवर्तनकारी प्रभाव पर बोलते हुए श्रीमती अंबानी ने कहा, खेल दिलों को और भारत को जोड़ता है।


कार्यक्रम के दौरान वूमन्स वर्ल्ड कप विजेता खिलाड़ियों के साथ नीता अंबानी।

आज हम विजय में एकजुट हैं। हम इनका जश्न मनाने जा रहे हैं और इनकी जीत का उत्सव मनाएंगे।" इस समारोह के केंद्र में भारत की तीन विश्व कप विजेता टीमों के कप्तान रोहित शर्मा, हरमनप्रीत कौर और दीपिका टीसी रहे, जिनके नेतृत्व, दृढ़ता और विश्वास ने ऐतिहासिक जीतों को आकार दिया और पूरे देश को प्रेरित किया। इस अवसर पर तीनों विश्व कप विजेता टीमों के खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और गंगा कदम की भी उपस्थिति रही।

साथ ही क्रिकेट जगत की हस्तियां सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और रविचंद्रन अश्विन, ओलंपिक और पैरालंपिक दिग्गज मुरलीकांत पेटकर, दीपा मलिक और देवेंद्र झाझरिया, तथा भारतीय सिनेमा की प्रमुख शख्सियतें अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान भी मौजूद रहीं, जिससे भारत के सबसे प्रशंसित प्रतीकों का एक दुर्लभ और प्रभावशाली संगम देखने को मिला।

## लाइफ स्टाइल

# दो दशक बाद भी काम न मिलने पर रोती हैं



**मुंबई।** लगभग दो दशक से भी पहले बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली अभिनेत्री नेहा धूपिया ने अपने करियर में अलग-अलग तरह की फिल्में की हैं। इस दौरान उन्होंने लीड एक्ट्रेस से लेकर सपोर्टिंग एक्ट्रेस तक के किरदार निभाए हैं।

बेशक वो अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं, लेकिन एक्ट्रेस का मानना है कि काम न मिलने पर खाली बैठना काफी कष्टदायी होता है। सिर्फ प्रोफेशनल तौर पर ही नहीं, बल्कि इमोशनल रूप में भी ये काफी मुश्किल होता है। एक बातचीत के दौरान नेहा धूपिया ने करियर में काम न मिलने पर बात की और अपनी चिंता जाहिर की। एक्ट्रेस ने कहा कि जब मैं काम नहीं कर रही होती हूं तो मुझे चिंता होती है। मेरे पास इससे निपटने के अपने तरीके हैं। इंडस्ट्री में 20 साल बिताने के बाद भी, जब काम बंद होता है, तो मैं तकिए में सिर रखकर रोती हूं। मैंने तीन दिन पहले भी ऐसा किया था। क्या मेरे पास इसके कारण हैं? हां।

# कैटरीना -विक्की ने दिखाई बेटे की पहली झलक, किया नामकरण

**मुंबई।** विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने 07 नवंबर को पहली संतान के रूप में बेटे का स्वागत किया। अब उन्होंने अपने बेबी बॉय की पहली झलक फैंस को दिखाई है। बी-टाउन की इस खूबसूरत जोड़ी ने अपने बेबी बॉय का नामकरण किया है। कटरीना कैफ और विक्की कौशल ने अपने बेटे का नाम विहान कौशल रखा है। इसका अर्थ होता है 'रोशनी की किरण'। कटरीना और विक्की ने एक साझा इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस के साथ बेटे की पहली झलक साझा करते हुए, नाम का खुलासा किया है। हालांकि, उन्होंने तस्वीर में बेटे का चेहरा नहीं दिखाया है। कटरीना कैफ और विक्की कौशल कौशल ने एक फोटो शेयर किया है। इसमें दोनों बेटे विहान के नन्हे हाथ को थाने नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'हमारी उम्मीद की किरण, विहान कौशल'। आगे लिखा है, 'दुआएं कुबूल हुईं। जिंदगी खूबसूरत है। हमारी दुनिया पल भर में बदल गई, इसे बयां करने के लिए शब्द नहीं है। हम सिर्फ शुक्रगुजार हैं'।



कटरीना कैफ और विक्की कौशल के इस पोस्ट पर फैंस जमकर बधाई दे रहे हैं। साथ ही सेलेब्स ने भी शुभकामनाएं दी हैं। परिणीति चोपड़ा ने लिखा है, 'लिटिल बडी'। श्रेया घोषाल ने लिखा है, 'बधाई हो विक्की और कटरीना कैफ'। इसके अलावा शिबानी दांडेकर ने भी रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इनके अलावा दीया मिर्जा और भूमि पेडनेकर ने भी रिएक्शन दिए हैं। बीता वर्ष विक्की कौशल के लिए काफी खास रहा। पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों तरह से उनकी जिंदगी में खुशियां आईं।

# स्कूल में बिपाशा को सब बुलाते थे 'लेडी गुंडा' पहली ही फिल्म में बना लिया था बॉलीवुड में दबदबा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई आउटसाइडर्स ऐसे आए, जिन्होंने फिल्मी दुनिया में कदम रखते ही अपनी एक्टिंग और खूबसूरती के दम फैंस को दीवाना बना दिया। 2000 के दशक में एक ऐसी ही खूबसूरत बला ने बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा था, जिन्होंने आते ही बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं, बल्कि फैंस के दिलों पर भी कब्जा कर कर लिया था।पहली ही फिल्म के लिए बेस्ट डेब्यू का अवॉर्ड जीतने वाली इस खूबसूरत हसीना ने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाएंगी।



***पर्सनैलिटी की वजह से 'लेडी गुंडी' कहलाती थीं :*** हम जिस खूबसूरत बंगाली ब्यूटी की बात कर रहे हैं, वह कोई और नहीं, बल्कि सबके दिलों पर राज करने वाली बिपाशा बसु हैं। 'राज' एक्ट्रेस का जन्म 7 जनवरी 1979 में दिल्ली में हुआ था, लेकिन वह कोलकाता में पली बढ़ी। 47 साल की बिपाशा बसु ने एक थ्रो-बैक इंटरव्यू में खुद ये खुलासा किया था कि जब वह स्कूल में थी, तो लोग उन्हें 'लेडी गुंडा' बुलाया करते थे। दरअसल, जब बिपाशा से ये पूछा गया था कि स्कूल में वह उन पर लाइन मारने वाले लड़कों को कैसे हैंडल करती थीं, तो एक्ट्रेस ने कहा था, 'मुझे कभी उन्हें हैंडल करने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि मैं अपने स्कूल में सबसे बिगडैल लड़की के रूप में मशहूर थी, जो सबको मारती थी, इस कारण वह मुझसे सावधान रहते थे। स्कूल के समय में मैं 'लेडी गुंडा' थी।'

***नेगेटिव भूमिका से रखा था कदम :*** शुरुआती दौर में कई फिल्मों को न करने के बाद बिपाश बसु ने फाइनली अब्बास-मस्तान की मल्टी स्टारर फिल्म 'अजबनी' से बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल-अक्षय कुमार और बिपाशा बसु भी नजर आए। फिल्म को भले ही मिक्स रिव्यू मिले हो, लेकिन बिपाशा बसु को उनके रोल के लिए काफी सराहना मिली। इसके बाद बिपाशा बसु ने राज, आंखें, मेरे यार की शादी है, चोर मचाए शोर, गुनाह, जिस्म, फुटपाथ, जमीन, नो एंट्री, फिर हेरा फेरी और धूम 2 जैसी फिल्मों में काम किया।

### बनना चाहती थीं डॉक्टर

बिपाशा बसु ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में ये भी बताया था कि उनका एक्टिंग फील्ड से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं था। अपने 12वीं की परीक्षा पूरी होने के बाद वह मेडिसिन करना चाहती थीं, जिसके लिए उन्होंने कॉमर्स भी ली थी। डॉक्टर बनने की चाहत रखने वाली बिपाशा का इंटरेस्ट वहां से शिफ्ट होकर एक्टिंग की तरफ तब आया, जब वह साल 1996 में कोलकाता के एक होटल में अर्जुन रामपाल की पहली पत्नी मेहर जेसिया से मिली, जो उस समय की बड़ी मॉडल थीं। उसी साल उन्होंने 'गोदरेज सिंथोल सुपरमॉडल' का खिताब भी जीता। बस इसके बाद बिपाशा ने कभी पीछे पलटकर नहीं देखा और वह अपने करियर में आगे बढ़ती गईं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930